सोमवार 22 जून 2026
ज्येष्ठ कृष्ण - 7

डाक संस्करण
मंगलवार 23 जून 2026

Email- dainiklokmaya@gmail.com

RNI No.-CHHHIN/2010/35328

डाक पंजीयन-छग/रायपुर संभाग/17/2026-2028

दैनिक अखबार संपूर्ण छत्तीसगढ़ के समाचार

# लोकमाया



रायपुर, वर्ष-17, अंक - 160 | रायपुर, भोपाल और दिल्ली से प्रकाशित | E paper-lokmaya.news | पृष्ठ- 12 | मूल्य- ₹ 2


## सोमनाथ मंदिर हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान, सांस्कृतिक गौरव और आस्था का प्रमुख केन्द्र : मुख्यमंत्री साय

लोकमाया न्यूज।



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन से सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सोमनाथ मंदिर हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान, सांस्कृतिक गौरव और आस्था का प्रमुख केन्द्र है। सोमनाथ मंदिर को अनेक बार आक्रांताओं ने तोड़ा, लेकिन हर बार मंदिर का पुनर्निर्माण हुआ, ये देशवासियों की अटूट आस्था का परिणाम है।

सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा के तहत विशेष ट्रेन से छत्तीसगढ़ से सोमनाथ के लिए 1000 से अधिक विशिष्टजन, पद्मश्री, राज्य एवं राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित कलाकार एवं साहित्यकार रवाना हुए। यात्रा में शामिल श्रद्धालु छत्तीसगढ़ के शिवालयों की पावन भूमि के माटी कलश और पावन नदियों का जल कलश बाबा सोमनाथ को अर्पण करेंगे। मुख्यमंत्री साय ने भगवान सोमनाथ से छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के लिए बहुत गौरवशाली दिन है जब प्रदेश भर से 1000 से अधिक श्रद्धालु भगवान सोमनाथ के दर्शन के लिए रवाना हो रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में 11 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2027 तक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व राष्ट्रीय स्मरणोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस पर्व के अंतर्गत सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल का श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हैं, उन्होंने भारत की आजादी के बाद राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रतीक के रूप में सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया था। 75 वर्ष पूर्व देश के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद जी ने पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर का लोकार्पण किया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लिए गौरव की बात है कि छत्तीसगढ़ से पद्मश्री, राज्य एवं राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित कलाकार एवं साहित्यकार इस यात्रा में अपने साथ अपने-अपने क्षेत्रों के धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के शिवालयों की पावन माटी और पावन नदियों कें जल कलश लेकर रवाना हो रहे हैं। यह यात्रा भारत की सांस्कृतिक एकता का जीवंत उदाहरण है।

इस अवसर पर संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि सोमनाथ धाम की यह यात्रा श्रद्धालुओं को केवल आध्यात्मिक अनुभूति ही नहीं बल्कि भारत की महान सांस्कृतिक परम्परा और राष्ट्रीय गौरव को निकट से अनुभव करने का अवसर भी प्रदान करेगी। भगवान सोमनाथ से प्रार्थना है कि वे हमारे प्रदेश छत्तीसगढ़ सहित भारतवर्ष को समृद्धि, शांति और विकास के पथ पर अग्रसर करें।

## अमोनिया गैस रिसाव से मरने वालों की संया बढ़कर 5 हुई , 67 प्रभावित अस्पतालों में भर्ती

लोकमाया न्यूज।



**चेन्नई।** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में पेरियापालयम के पास एक समुद्री खाद्य प्रसंस्करण और निर्यात केंद्र में रविवार को हुए अमोनिया गैस रिसाव हादसे में मृतकों की संख्या सोमवार को बढ़कर पांच हो गयी। इस दुर्घटना से बीमार हुए 67 श्रमिकों का सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है, जिनमें से कई वेंटिलेटर और ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के ताजा बुलेटिन में बताया गया है कि कन्निगैपेयर-मंजंकरणै क्षेत्र स्थित इस केंद्र में हुए रिसाव से कुल 74 लोग प्रभावित हुए थे।

बुलेटिन के अनुसार, रविवार रात आठ बजे तक दो लोगों की मौत होने की सूचना मिली थी, जबकि आज सुबह सात बजे तक तीन और लोगों की मौत हो गयी। इससे मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गयी है। बुलेटिन में यह भी कहा गया है कि दो लोगों को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी भी दी जा चुकी है।

इलाज करा रहे 67 मरीजों में से 29 को वेल्स मेडिकल कॉलेज अस्पताल (आठ वेंटिलेटर सपोर्ट पर, 11 ऑक्सीजन सपोर्ट के साथ आईसीयू में और 10 मरीज की हालत स्थिर), 18 को वेंकटेश्वर मेडिकल कॉलेज अस्पताल (आठ वेंटिलेटर सपोर्ट पर और 10 की हालत स्थिर), 10 को सरकारी स्टैनली मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पांच वेंटिलेटर पर, एक एनआईवी पर और चार की हालत स्थिर) और 10 (सभी वेंटिलेटर सपोर्ट पर) को राजीव गांधी सरकारी सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये सभी गहन निगरानी में हैं। विभाग के मुताबिक, गैस के संपर्क में आने वाले लोगों में सांस लेने में परेशानी, आंखों और सांस लेने में गंभीर परेशानी तथा सांस नली में जलन, खांसी, सीने में बेचैनी जैसे लक्षण देखे गये हैं।

यह दुर्घटना नियमित औद्योगिक कामकाज के दौरान हुई। इस कारण वहां मौजूद श्रमिक गैस की चपेट में आ गये। घटना पर काबू पाने और प्रभावित लोगों को समय पर सहायता सुनिश्चित करने के लिए आपातकालीन चिकित्सा राहत दल, जिला प्रशासन के अधिकारियों, पुलिसकर्मियों, अग्निशमन और बचाव सेवाओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों को तुरंत तैनात किया गया था।

बुलेटिन में कहा गया है कि प्रभावित श्रमिकों में मुख्य रूप से अमोनिया सांस के जरिये शरीर में जाने के लक्षण दिखाई दिये।

### संक्षिप्त समाचार

## विदेश मंत्री जयशंकर मंगोलिया और कोरिया की चार दिन की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर सोमवार से मंगोलिया और दक्षिण कोरिया की चार दिन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे।



विदेश मंत्रालय ने बताया कि विदेश मंत्री मंगलवार तक मंगोलिया की यात्रा करेंगे। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री मंगोलिया के नेतृत्व से मुलाकात करेंगे तथा अपने समकक्ष विदेश मंत्री बी. बटसेत्सेग के साथ चर्चा करेंगे। इसके बाद वह बुधवार को दक्षिण कोरिया की यात्रा करेंगे। दी दिन की यात्रा यात्रा के दौरान विदेश मंत्री कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून के साथ चर्चा करेंगे। वह गुरुवार को जेजू में शांति और समृद्धि के लिए जेजू फोरम में मुख्य वक्तव्य भी देंगे।

## मोदी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय को दी जन्मदिन की बधाई

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थिरु सी. जोसेफ विजय को जन्मदिन की बधाई दी और उनके लंबे व स्वस्थ जीवन की कामना की।



'एक्स' पर पोस्ट संदेश में प्रधानमंत्री ने विजय के जन्मदिन के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दीं और उनकी लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना की। मोदी ने कहा, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थिरु सी. जोसेफविजय जी को जन्मदिन की बधाई। मैं उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की प्रार्थना करता हूं। यह बधाई विजय के जन्मदिन के मौके पर राजनीतिक नेताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों की ओर से लगातार आ रहे बधाई संदेशों के बीच आयी है।

## चीन ने लॉकहीड मार्टिन समेत 46 अमेरिकी कंपनियों से सरकारी खरीद पर लगाया प्रतिबंध

लोकमाया न्यूज।

MINISTRY OF FINANCE
THE PEOPLE'S REPUBLIC OF CHINA

**बीजिंग।** चीन ने 46 अमेरिकी कंपनियों से कोई भी उत्पाद खरीदने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। चीनी वित्त मंत्रालय ने सोमवार को इस आशय की सूची जारी की है। इन कंपनियों में लॉकहीड मार्टिन कॉरपोरेशन भी शामिल है।

मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि लागू कानूनों और नियमों के अनुसार, सरकारी खरीद गतिविधियों के दायरे में 46 अमेरिकी कंपनियों के खिलाफ प्रासंगिक कदम उठाने का निर्णय लिया गया है।

चीनी कंपनियों को इन 46 अमेरिकी कंपनियों में बने उत्पादों को खरीदने से रोक दिया गया है, हालांकि चीन में काम कर रहे अमेरिकी निवेश वाले उद्यमों को इससे छूट दी गयी है।

चीन ने लॉकहीड मार्टिन पर प्रतिबंध लगाकर एक तरह से अमेरिका को भी संकेत दिया है कि वह अपने मामले में किसी तरह का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगी।

गौरतलब है कि लॉकहीड मार्टिन सैन्य विमान और उन्नत तकनीकी हथियारों की दुनिया की सबसे बड़ी निर्माता कंपनी है और यह कंपनी अमेरिकी सरकार के जरिए ताइवान को सबसे ज्यादा हथियारों और सैन्य उपकरणों की आपूर्ति करती है, जबकि चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे की रांची-सासाराम इंटरसिटी समेत कई ट्रेनें रद्द, कई का बदला मार्ग

लोकमाया न्यूज।

**मेदिनीनगर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर) ने झारखंड के धनबाद मंडल के सीपीडीआर-बरवाडीह-महुआमिलान रेलखंड में तीसरी अप लाइन के कमीशनिंग कार्य के लिए 23 जून से 27 जून 2026 तक नॉन-इंटरलॉकिंग (एनआई) कार्य किए जाने की घोषणा की है।

इसके चलते कई ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि कई लंबी दूरी की ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। डालटनगंज के यातायात निरीक्षक अनिल कुमार तिवारी ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। रेलवे द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, प्री-नॉन इंटरलॉकिंग कार्य 17 जून से 22 जून तक तथा नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य 23 जून से 27 जून तक चलेगा।

इस दौरान पलामू और आसपास के क्षेत्रों के रेल यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। सबसे अधिक असर दैनिक यात्रियों पर पड़ेगा, क्योंकि ट्रेन संख्या 18635 रांची-सासाराम एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 18636 सासाराम-रांची एक्सप्रेस को 23, 24, 25, 26 और 27 जून 2026 को रद्द कर दिया गया है। यह ट्रेन पलामू, गढ़वा और रोहतास जिले के यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क साधन मानी जाती है। इसके अलावा बरकाकाना-डेहरी ऑन सोन, बरवाडीह-डेहरी ऑन सोन, बरवाडीह-चोपन, गोमो-बरवाडीह तथा डेहरी ऑन सोन-बरवाडीह सहित कई पैसेंजर और मेमू ट्रेनों का परिचालन भी निर्धारित तिथियों में रद्द रहेगा।

वहीं, हटिया-नई दिल्ली, रांची-नई दिल्ली, आनंद विहार-हटिया, हावड़ा-जबलपुर, टाटा-जम्मूतवी और धनबाद-भोपाल समेत कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का संचालन परिवर्तित मार्ग से किया जाएगा। रेलवे ने 23 जून से 27 जून तक बरवाडीह स्टेशन पर कुछ ट्रेनों के अस्थायी ठहराव को भी वापस लेने का निर्णय लिया है।

## ईरानी वार्ताकार का दावा, तेल प्रतिबंधों में अस्थायी राहत के मसौदे को अंतिम रूप

**तेहरान/बुर्गेनस्टॉक।** स्विट्जरलैंड में चल रही अमेरिका-ईरान वार्ता में शामिल ईरानी प्रतिनिधिमंडल के एक सदस्य ने दावा किया है कि ईरानी तेल और उससे जुड़े उत्पादों पर अमेरिकी प्रतिबंधों से अस्थायी छूट देने संबंधी मसौदा समझौते को अंतिम रूप दे दिया गया है।



ईरानी समाचार एजेंसी फार्स के अनुसार प्रतिनिधिमंडल में शामिल अर्थशास्त्री हुसैन गोरबानजादेह ने कहा कि तेल प्रतिबंधों में अस्थायी छूट का प्रावधान जल्द ही लागू करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि मौजूदा वार्ता का मुख्य ध्यान समझौता ज्ञापन की धारा-13 को लागू करना और अन्य प्रावधानों पर चर्चा के लिए आधार तैयार करना है।

गोरबानजादेह के अनुसार इस प्रक्रिया के पांच प्रमुख बिंदु हैं। इसमें सभी मोर्चों पर युद्ध की समाप्ति, घेराबंदी हटाना, होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना, तेल एवं उससे जुड़े उत्पादों पर अस्थायी प्रतिबंध छूट और ईरान की जब्त की हुई विदेशी संपत्तियों की रिहाई शामिल है। उन्होंने कहा कि समझौता ज्ञापन के अन्य प्रावधानों को तब तक लागू नहीं किया जाएगा, जब तक लेबनान में युद्ध समाप्त करने का मुद्दा हल नहीं हो जाता।

## वर्षा ऋतु नवसृजन का काल लेकिन सतर्कता जरूरी: योगी

लोकमाया न्यूज।



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्षा ऋतु के आगमन पर प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए सतर्कता बरतने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु नवसृजन, संवर्धन और समृद्धि का आगमन है। यह पावन काल प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व, संयम, संवेदनशीलता और संतुलित जीवन का संदेश देता है। योगी ने कहा कि वर्षा के समय आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं भी होती हैं। ऐसे में अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें और पेड़ों के नीचे खड़े न हों। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से सावधानी बरतने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार अतिवृष्टि के कारण नदियों एवं जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ जाता है। इस दौरान नदियों और जलाशयों में स्नान करते समय विशेष सावधानी बरतें।

## कांगो में इबोला के 1,000 से अधिक मामले, मृतकों की संख्या 254 पहुंची



**किंशासा।** लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो (डीआरसी) में इबोला के पुष्ट मामलों की संख्या 1,000 के पार पहुंच गयी है और इस वायरस के संक्रमण से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 254 पहुंच गया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। डीआरसी (कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य) के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में इबोला संक्रमण के 1,003 पुष्ट मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें 254 लोगों की मौत हो चुकी है।

## पाकिस्तान समर्थित स्लीपर सेल का सदस्य गिरफ्तार पुलिस को आईएसआई से संपर्क के मिले सबूत



लोकमाया न्यूज।

**जांजगीर-चाम्पा।** जिले के अकलतरा पुलिस को पाकिस्तान समर्थित स्लीपर सेल के सदस्य गिरफ्तार करने में सफ्लता मिली हैं। पुलिस के अनुसार उक्त स्लीपर सेल पंजाब से आकर अकलतरा में रह रहा था युवक, महत्वपूर्ण लोकेशन और सूचनाएं पाकिस्तान भेजने की बात कही जा रही हैं। बताया जा रहा

पाकिस्तान से असलाह मिलने के बाद पाकिस्तान द्वारा दिए गए टारगेट को मारने का काम मिला था न्ले के अकलतरा थाना क्षेत्र में किरायेदार सत्यापन अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफ्लता मिली है। पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है, जिस पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े तत्वों के संपर्क में रहकर देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सेवक सिंह निवासी पट्टी, थाना पट्टी, जिला तरन तारण (पंजाब) के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 152 एवं 61(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएएस) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि अकलतरा के मिनीमाता चौक स्थित राजीव केडिया के मकान में अन्य प्रदेशों के कई व्यक्ति किराए पर रह रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और किरायेदारों का सत्यापन किया। इसी दौरान सेवक सिंह संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वयं को पाकिस्तान सीमा क्षेत्र के समीप का निवासी बताया, किंतु उसके जवाब संतोषजनक नहीं पाए गए। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसके मोबाइल फ्नेन की जांच की, जिसमें पाकिस्तान, सऊदी अरब तथा अन्य विदेशी नंबरों से संपर्क के प्रमाण मिलने का दावा किया गया। फिलहाल पूरे नेटवर्क, संपर्क सूत्रों और संभावित सहयोगियों की पहचान के लिए मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस एवं सुरक्षा एजेंसियां विभिन्न डिजिटल साक्ष्यों और विदेशी संपर्कों की कड़ियों को जोड़ने में जुटी हुई हैं। प्रकरण विवेचनाधीन है तथा जांच के आधार पर आगे और महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गतिविधियां देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करने वाली प्रतीत होती हैं। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

### मिले महत्वपूर्ण साक्ष्य

पुलिस को आरोपी के मोबाइल फ्नेन से कथित रूप से व्हाट्सएप चैट, वीडियो कॉल रिकॉर्ड, कॉल रिकॉर्डिंग और अन्य डिजिटल साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। मोबाइल फोन को विधिवत जब्त कर फोरेंसिक जांच हेतु भेजा गया है, ताकि संपर्कों और गतिविधियों की विस्तृत पड़ताल की जा सके।

### टारगेट किलिंग की थी साजिश

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी को पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से हथियार उपलब्ध कराए जाने की योजना थी। हथियार मिलने के बाद उसे पाकिस्तान स्थित संचालकों द्वारा दिए गए लक्ष्यों पर हमला करने अथवा टारगेट किलिंग जैसे कार्य सौंपे जाने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि इन तथ्यों की पुष्टि विस्तृत विवेचना एवं फोरेंसिक रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी।

### दासगुप्ता ने पहले टिप्पणी की थी कि सरकार 'ट्रेडमिल पर खड़े होकर' बजट तैयार नहीं करेगी

## पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री दासगुप्ता डबल इंजन सरकार में पहला बजट पेश करेंगे

लोकमाया न्यूज।

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री स्वपन दासगुप्ता सोमवार दोपहर 12 बजे विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार राज्य में अपना पहला बजट पेश करेंगे। इस बजट पर पूरे देश की निगाहें टिकी हुई हैं। उम्मीद की जा रही है कि इसमें नयी सरकार के भविष्य का रोडमैप तैयार होगा। इस बजट से नयी 'डबल-इंजन' सरकार के विकास का खाका सामने आने और यह संकेत मिलने की उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में राज्य किस दिशा में आगे बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने अपनी सरकार के पहले बजट को काफी महत्वपूर्ण और ध्यान देने योग्य करार देते हुए कहा था कि इसमें राज्य के हर क्षेत्र के विकास के लिए विशेष योजनाएं शामिल होंगी।

वित्त मंत्री दासगुप्ता के सामने एक बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि उनके अनुसार, पिछली सरकार के गैर-जिम्मेदाराना खर्चों और कम राजस्व संग्रह के कारण राज्य की अर्थव्यवस्था के कई पैमाने लड़खड़ायी हुइयी है।

पिछले प्रशासन की आलोचना करते हुए दासगुप्ता ने पहले टिप्पणी की थी कि सरकार 'ट्रेडमिल पर खड़े होकर' बजट तैयार नहीं करेगी। उन्होंने यह भी कहा था कि बजट बनाने की प्रक्रिया बड़ी जिम्मेदारी है। नयी सरकार लगातार यह कहती रही है कि उसे भारी वित्तीय दबाव विरासत में मिला है और पिछला प्रशासन राज्य पर 7.8 लाख करोड़ रुपये का ऋण छोड़ गया है।



आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान राज्य को कर्ज चुकाने के लिए 82,000 करोड़ रुपये का भुगतान करना पड़ा था, जिसमें अकेले ब्याज के रूप में दिया गया 49,000 करोड़ रुपया शामिल है।

पिछले बजट में राज्य का प्रस्तावित खुद का राजस्व 1,12,543 करोड़ रुपये था, जिसका लगभग 75 फीसदी हिस्सा कथित तौर पर कर्ज चुकाने में ही खर्च हो गया था। केंद्रीय करों और अनुदानों में राज्य की हिस्सेदारी को मिलाकर कुल अनुमानित आय 2.6 लाख करोड़ रुपये थी। ऐसी उम्मीदें काफी ज्यादा हैं कि नया बजट उच्च राजस्व वृद्धि का अनुमान लगायेगा, क्योंकि राज्य की आय बढ़ाना वित्त मंत्री की घोषित प्राथमिकताओं में से एक है।

बजट से पहले दासगुप्ता ने दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक लाहिड़ी के साथ बैठकें की थीं।

उम्मीद है कि इन चर्चाओं का असर सरकार की वित्तीय योजना और आर्थिक रणनीति पर दिखेगा।

दासगुप्ता ने पश्चिम बंगाल के लिए एक 'मार्शल प्लान' की आवश्यकता के बारे में भी बात की है, जिसका तात्पर्य दूसरे विश्व युद्ध के बाद यूरोप की तरह बड़े पैमाने पर पुनर्निर्माण और आर्थिक पुनर्गठन के प्रयासों से है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इन टिप्पणियों से संकेत मिलता है कि सरकार का मुख्य ध्यान बड़े पैमाने पर केंद्रीय निवेश के सहयोग से बुनियादी ढांचे के विकास पर हो सकता है।

बजट में सरकारी कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते को लेकर भी घोषणाएं होने की उम्मीद है।




### रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा-

# संस्कृति, परंपरा, भाषा के प्रति सम्मान विकसित करना विश्वविद्यालयों की जिम्मेदारी

लोकमाया न्यूज।

**इंदौर, निप्र।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि शिक्षण संस्थान केवल डिग्री देने के केंद्र नहीं, बल्कि नवाचार, अनुसंधान, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और रचनात्मक सोच के विकास के प्रमुख केंद्र होते हैं। विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपरा और भाषाओं के प्रति सम्मान का भाव विकसित करना भी विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। आधुनिकता और परंपरा के संतुलन से ही देश का समग्र विकास संभव है। राष्ट्रपति मुर्मु रविवार को जबलपुर में रानी दुर्गावती विवि के 36वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं।

इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने विभिन्न संकायों में एक से अधिक स्वर्ण पदक अर्जित करने वाले 20 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किये और उपाधियों का वितरण किया। कार्यक्रम में 141 विद्यार्थियों को 240 स्वर्ण पदकों का वितरण, 182 को पीएचडी सहित विभिन्न उपाधियां प्रदान की।

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि जबलपुर विश्वविद्यालय का नाम वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर



होना गर्व का विषय है। रानी दुर्गावती वीरता, साहस, शौर्य और पराक्रम की प्रतिमूर्ति थीं और नारी शक्ति के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत रहेंगी। विद्यार्थियों और पूर्व छात्रों को जनजातीय समाज, वंचित वर्गों तथा बेटियों के सशक्तिकरण के लिए आगे आना चाहिए। विश्वविद्यालय जिस क्षेत्र में स्थित है, वहां जनजातीय और वनवासी संस्कृति की समृद्ध उपस्थिति है। ऐसे में यहां से शिक्षा प्राप्त करने वाले युवाओं का दायित्व केवल अपने करियर तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि समाज और गांवों तक पहुंचकर वहां के लोगों का मार्गदर्शन भी करना चाहिए।

राष्ट्रपति मुर्मु ने विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा को पाठ्यक्रमों में समाहित करने, नवाचार को प्रोत्साहन देने तथा डिजाइन इनोवेशन सेंटर के माध्यम से पेटेंट प्राप्त करने जैसे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में बेटियों की संख्या अधिक है, जो महिला सशक्तिकरण और बदलते भारत की सकारात्मक तस्वीर प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि आज विश्व तेजी से बदल रहा है और जीवनशैली में भी तीव्र परिवर्तन आ रहा है, लेकिन इस बदलते दौर में भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों को नहीं भूलना चाहिए। देश के युवाओं को भारत के सांस्कृतिक मूल्यों और आदर्शों को अपने जीवन का आधार बनाना चाहिए। सत्य, अहिंसा, करुणा, सेवा और ईमानदारी जैसे मूल्य भारतीय चेतना का अभिन्न हिस्सा हैं। इन मूल्यों को जीवन में अपनाकर युवा न केवल कठिन परिस्थितियों का दृढ़ता से सामना कर सकते हैं, बल्कि आदर्श नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। विद्यार्थियों से कहा कि उनकी जिम्मेदारियां केवल परिवार या विश्वविद्यालय तक सीमित नहीं हैं। वे राष्ट्र की आकांक्षाओं और भविष्य के निर्माता हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपनी शिक्षा और प्रतिभा का उपयोग केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित न रखते हुए समाज के व्यापक कल्याण के लिए भी करें।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार, सांसद सुमित्रा वाल्मीक, आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह, विधायक सर्वश्री अशोक रोहाणी, डॉ. अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, संतोष बरकड़े, लखन घनघोरिया, अखिलेश जैन, संभागायुक्त धनंजय सिंह, कलेक्टार राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### डिग्री को राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा का माध्यम बनाएं विद्यार्थी : राज्यपाल

राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगुभाई पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होना हम सभी के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। छात्र-छात्राओं से कहा कि उनकी डिग्री केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि विकसित भारत के निर्माण, नवाचार और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य को आकार देने वाली शक्ति है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे रानी दुर्गावती सहित देश के महान जननायकों के शौर्य, लोककल्याण और संघर्षपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने प्रत्येक विश्वविद्यालय से 5-5 पिछड़े ग्रामों को गोद लेने का आग्रह करते हुए कहा कि विद्यार्थी स्वयं इन ग्रामों में जाकर वहाँ की परिस्थितियों को समझें और अनुभव करें कि जनजातीय समाज और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए किन-किन क्षेत्रों में कार्य करने की आवश्यकता है। इससे विद्यार्थियों में समाज सेवा की भावना, संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व का विकास होगा। उनके माता-पिता ने उन्हें संस्कार दिए, उनका पालन-पोषण किया और विश्वविद्यालय ने उन्हें शिक्षा एवं आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया है। अब उनकी जिम्मेदारी है कि वे अपनी जड़ों और समाज को कभी न भूलें तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएँ। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यार्थी अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के साथ-साथ समाज के लिए भी उपयोगी सिद्ध होंगे।

### रानी दुर्गावती विवि उच्च शिक्षा संस्थान नहीं, वीरांगना रानी दुर्गावती के स्वाभिमान, बलिदान की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की गरिमामयी उपस्थिति ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह को और अधिक गौरवशाली बना दिया है। यह अवसर न केवल विश्वविद्यालय बल्कि सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के लिए गर्व और गौरव का विषय है। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय केवल उच्च शिक्षा का संस्थान नहीं है। यह वीरता, स्वाभिमान और बलिदान की उस गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है, जिसे अमर वीरांगना रानी दुर्गावती ने अपने साहस और अदम्य पराक्रम से स्थापित किया। रानी दुर्गावती ने मुगल सम्राट अकबर की सेना के विरुद्ध अनेक युद्ध लड़कर अपनी असाधारण वीरता का परिचय दिया और मातृभूमि की स्वतंत्रता तथा सम्मान की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देकर आने वाली पीढ़ियों के लिए अमर प्रेरणा का उदाहरण प्रस्तुत किया।

डॉ. यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। यहां से निकलने वाली प्रतिभाएं देश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। उन्होंने कहा कि आज विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित कर रहे हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अनेक विद्यार्थियों द्वारा एक से अधिक स्वर्ण पदक अर्जित करना प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। विशेष रूप से छात्राओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि बेटियों की सफलता न केवल परिवार बल्कि पूरे समाज और प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और मध्यप्रदेश भी शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। प्रदेश में उच्च शिक्षा की सकल नामांकन दर राष्ट्रीय औसत से अधिक होकर 28.9 प्रतिशत तक पहुंच गई है। स्कूल शिक्षा में ड्रॉपआउट दर को शून्य के करीब लाने के प्रयास सफल रहे हैं। प्रदेश सरकार ने तीन नए शासकीय विश्वविद्यालयों की स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण, तकनीकी एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान राज्य होने से प्रदेश में किसान कल्यारण वर्ष अंतर्गत कृषि एवं व्यावसायिक शिक्षा के साथ ही नवाचार आधारित अध्ययन को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिससे युवा आधुनिक तकनीक के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकें और राष्ट्र निर्माण में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकें।

### विश्व योग दिवस पर उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं आमजनों के साथ किया योगाभ्यास

# योग शरीर को स्वस्थ रखने की कला, इसे दिनचर्या में शामिल करें : शुक्ल

लोकमाया न्यूज।

**भोपाल, निप्र।** 12वां विश्व योग दिवस उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने स्पोर्ट्स काम्पलेक्स रीवा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल तथा सांसद जनार्दन मिश्र ने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों, स्थानीय नागरिकों तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सामूहिक योग किया। समारोह में अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कैलाश जाटव, विन्ध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. पंचूलाल प्रजापति, उपाध्यक्ष विन्ध्य विकास प्राधिकरण डॉ. अजय सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने भी सामूहिक योगाभ्यास किया। समारोह में कोलकाता में आयोजित विश्व योग दिवस के राष्ट्रीय



### प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट योग करें

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व भर में लोग योग और ध्यान को अपनाकर भारत को विश्व गुरू के रूप में प्रतिष्ठित कर रहे हैं। योग ने विश्व को शांति और मानसिक संतुलन का मार्ग दिखाया है। हम सब प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट अपने मन और तन को स्वस्थ रखने के लिए योग करें। जब मन में निराशा छा जाती है तो उससे मुक्त होने का मार्ग योग और ध्यान ही दिखाते हैं। हमारा मानसिक संतुलन यदि ठीक न हो तो गलत राह में कदम चले जाते है। हम सब स्वयं नियमित योगाभ्यास करें और अपने आसपास के व्यक्तियों को भी इससे जोड़ने का प्रयास करें। हमारी परंपरा पूरी दुनिया को परिवार मानकर शांति बनाए रखने की रही है। विश्व शांति में हम सब मिलकर योगदान दें।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि योग शरीर को स्वस्थ रखने की कला है। योग को दिनचर्या में शामिल करने से हम अपने स्वास्थ्य को ठीक रख सकते हैं। महर्षि पतंजलि ने देश व समाज को योग से अवगत कराया। इस प्राचीन ज्ञान को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पदभार ग्रहण करने के बाद वर्ष 2014 से जनजन तक पहुंचाने का प्रयास किया। बाबा रामदेव ने भी योग को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से योग आज विश्वव्यापी हो गया है। चीन, जापान से लेकर यूरोप और अमेरिका में बड़ी संख्या में लोग योग से जुड़े हुए हैं। विश्व योग दिवस दुनिया का सामूहिक योगाभ्यास का सबसे बड़ा कार्यक्रम बन गया है।

विश्व योग दिवस पर जिला मुख्यालय के साथ विकासखण्ड तथा ग्राम पंचायतों में भी सामूहिक योगाभ्यास किए गए। सामूहिक योगाभ्यास में संभागीय आयुष अधिकारी डॉ. शिवराम साकेत, जिला आयुष अधिकारी डॉ. शारदा मिश्रा, एसडीएम हुजूर अनुराग तिवारी, संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरी, सहायक संचालक शिक्षा राजेश मिश्रा सहित विद्यार्थी, गणमान्य नागरिक पुलिस अधिकारी तथा स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि सामूहिक योगाभ्यास में शामिल हुए।

### सीएम डॉ. यादव ने हॉकी विमेंस नेशन्स कप जीतने पर दी बधाई

**भोपाल (विनय उजाला)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हॉकी विमेंस नेशन्स कप 2025-26 जीतने पर सभी खिलाड़ियों को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एफआईएच (इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन) हॉकी विमेंस नेशन्स कप जीतकर हमारी महिला टीम ने पूरे राष्ट्र को गौरवान्वित किया है। यह सफलता देश की करोंड़ों बेटियों के लिए प्रेरणा है।

### सीएम ने डॉ. हेडगेवार को अर्पित की श्रद्धांजलि

**भोपाल (विनय उजाला)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक और प्रथम सरसंघचालक, डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की पुण्यतिथि उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि डॉ. हेडगेवार ने स्वयं-सेवकों में राष्ट्रीय चरित्र विकसित करने के ध्येय से संघ की स्थापना की और मां भारती के वैभव को अक्षुण्ण बनाए रखने में अतुलनीय योगदान दिया। राष्ट्र के लिए समर्पित डॉ. हेडगेवार का अनुशासित जीवन युवाओं को अनंतकाल तक प्रेरित करता रहेगा।

# योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, जीवन जीने की कला है : डॉ. आरएच लता

### योग, संस्कृति और स्वास्थ्य चेतना का अद्भुत संगम बना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह

लोकमाया न्यूज।

**भोपाल, निप्र।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इंडियन योगिनी एसोसिएशन एवं आद्या कौशलम् ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में भव्य योग समारोह का आयोजन हुडको प्लेस एक्सटेंशन स्थित अंसल प्लाजा, दक्षिण दिल्ली में किया गया। कार्यक्रम में 500 से अधिक प्रतिभागियों ने एक साथ कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कर योग एवं स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हुडको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ, भारतीय एमेच्योर बॉक्सिंग महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रा, पूर्व स्वतंत्र निदेशक (भारी उद्योग मंत्रालय) एवं इंडियन योगिनी एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आर. एच. लता तथा प्रख्यात समाजसेवी राखी कुलश्रेष्ठ विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. आर. एच. लता ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन का आधार है। मुख्य अतिथि संजय कुलश्रेष्ठ ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारत की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जिसने पूरी दुनिया को स्वास्थ्य, संतुलन और शांति का मार्ग दिखाया है। वहीं डॉ.



राकेश मिश्रा ने योग के वैज्ञानिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम के दौरान आद्या कौशलम् ट्रस्ट की समर्पित सदस्य बिमला कुमारी, सविता वावरे, डॉ. शारदा सूर्यवंशी एवं धनेश्वरी ने मंच से उपस्थित सभी प्रतिभागियों को कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। इस अवसर पर लावण्या ठाकुर ने अपनी मनोहारी शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं निकिता एवं उनके समूह ने हरि स्तुति एवं योग नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और योग के अद्भुत समन्वय को साकार किया। कलाकारों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक गरिमा का समावेश करते हुए उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों को भावविभोर कर दिया।

### मंडल प्रभारियों की बैठक में दिए संगठन विस्तार और जनसंपर्क के मंत्र

# हर बूथ को सशक्त कर संगठन को नई ऊंचाई दें : राजपूत

लोकमाया न्यूज।

**भोपाल, निप्र।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री तथा सुरखी विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोविंद सिंह राजपूत ने रविवार को मातेश्वरी परिसर में सुरखी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडल प्रभारियों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखने तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति उसका समर्पित और अनुशासित कार्यकर्ता है। संगठन की मजबूती ही भाजपा की सफलता का आधार है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रत्येक मंडल, शक्ति



केंद्र और बूथ पर नियमित संगठनात्मक गतिविधियां संचालित हों तथा अंतिम पंक्ति के कार्यकर्ता तक संगठन का विस्तार सुनिश्चित किया जाए।

**बूथ ही भाजपा की विजय का आधार:** खाद्य मंत्री राजपूत ने बूथ सशक्तिकरण अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि भाजपा की हर चुनावी सफलता के केंद्र में मजबूत बूथ व्यवस्था होती है। उन्होंने सभी मंडल प्रभारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम तैयार की जाए तथा बूथ समितियों को निरंतर सक्रिय रखा जाए।

### प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षों की उपलब्धियां पहुंचें घर-घर

बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। मंत्री राजपूत ने कहा कि कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान के माध्यम से केंद्र सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों, गरीब कल्याण योजनाओं, किसान हितैषी निर्णयों, महिला सशक्तिकरण एवं विकास कार्यों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संपर्क कर उन्हें भाजपा की विकास यात्रा से जोड़ने का कार्य भी संगठन के कार्यकर्ता करें।

### 'मन की बात' को जन आंदोलन बनाएं

राजपूत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को समाज में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बताते हुए सभी मंडल प्रभारियों से प्रत्येक मंडल के कम से कम एक बूथ पर कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण सुनिश्चित करने का आग्रह किया। यह कार्यक्रम केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि जनभागीदारी और प्रेरणा का सशक्त मंच है। बैठक में सदस्यता विस्तार, सेवा गतिविधियों, सामाजिक संपर्क अभियान तथा मंडलों को संगठनात्मक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के विषय पर भी व्यापक चर्चा की गई। प्रत्येक मंडल अपने स्तर पर संगठन के कार्यक्रमों को सफल बनाने में सक्षम बने।

### लेखक व स्वतंत्र पत्रकार राजकुमार बरुआ 'संवाद भारती सम्मान 2026' से सम्मानित

लोकमाया न्यूज।

**भोपाल, निप्र।** लघुकथा दिवस के अवसर पर लघुकथा शोध केंद्र समिति, भोपाल द्वारा हिंदी भवन में 'अखिल भारतीय लघुकथा अधिवेशन एवं शोध गोष्ठी' का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष समारोह में देश भर के साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर पत्रकारिता और साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार राजकुमार बरुआ को उनके हिंदी भाषा और साहित्य की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'संवाद भारती सम्मान 2026' से विभूषित किया गया।



बरुआ पत्रकारिता एवं लेखन के क्षेत्र में एक जाना-पहचाना नाम हैं। पिछले कई वर्षों से उनके विचारोत्तेजक और ज्ञानवर्धक आलेख देश के विभिन्न प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में निरंतर प्रकाशित होते रहे हैं। उन्हें यह सम्मान मिलने पर अनेक गणमान्य लोगों ने उन्हें इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बधाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरिया नौगई हत्याकांड: पीड़ित परिवार से मिले मंत्री रामविचार नेताम

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के चर्चित नौगई तिहरे हत्याकांड को लेकर क्षेत्र में आक्रोश और तनाव का माहौल अब भी बना हुआ है। इसी बीच मंत्री रामविचार नेताम ने नौगई पहुंचकर मृतक भाजपा नेता भरत सिंह उर्फ लल्ला सिंह के परिजनों से मुलाकात की। मंत्री नेताम ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए न्याय का भरोसा दिलाया। इस दौरान मृतक के परिजनों ने आरोपियों के घर पर बुलडोजर कार्रवाई, सीबीआई जांच और घटना में शामिल आरोपियों के अलावा अन्य लोगों की गिरफ्तारी की भी मांग की। परिजनों की मांगों को बेहद गंभीरता से सुनते हुए मंत्री रामविचार नेताम ने हर संभव कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मंत्री नेताम के साथ मौके पर स्थानीय विधायक भैयालाल राजवाड़े, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल और शैलेश शिवहरे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### योग स्वस्थ, संतुलित एवं सक्रिय जीवन का आधार है : हरीश दुहन

**बिलासपुर।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) द्वारा एसईसीएल योग महोत्सव 2026 के अंतर्गत वसंत क्लब, वसंत विहार कॉलोनी, बिलासपुर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग (Yoga for Healthy Ageing) के अनुरूप आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन, एसईसीएल परिवार की प्रथम महिला एवं श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) दारला सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, निदेशक (तकनीकी-योजना/परियोजना) रमेश चन्द्र महापात्र, श्रद्धा महिला मंडल की उपाध्यक्षा श्रीमती इप्सिता दास एवं श्रीमती हसीना कुमार सहित विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं योग प्रशिक्षण ब्रह्मकुमारी गायत्री देवी द्वारा प्रदान किया गया। उनके मार्गदर्शन में विभिन्न योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। इस अवसर पर कोलकाता में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के राष्ट्रीय समारोह का सीधा प्रसारण भी प्रदर्शित किया गया। आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित कॉमन योगा प्रोटोकॉल के अनुसार आयोजित योगाभ्यास के दौरान योग के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक लाभों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहा कि, योग स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक जीवनशैली का आधार है। नियमित योगाभ्यास हमें शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाता है तथा बेहतर जीवन गुणवत्ता की ओर अग्रसर करता है। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास अपनाने तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। साथ ही समाज को नशामुक्त बनाने एवं स्वयं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से नशा मुक्ति की शपथ भी ग्रहण की गई। उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एसईसीएल के मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों एवं इकाइयों में भी योग संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें बड़ी संख्या में कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने सहभागिता की।



### एसईसीएल योग महोत्सव 2026 के अंतर्गत महिलाओं हेतु विशेष योग सत्र का आयोजन



**बिलासपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित एसईसीएल योग महोत्सव 2026 के अंतर्गत आज महिलाओं के लिए एक विशेष योग सत्र का आयोजन वसंत क्लब, बिलासपुर में किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न योग आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन तथा उपाध्यक्षगण श्रीमती इप्सिता दास, श्रीमती हसीना कुमार, श्रीमती विनीता जैन एवं श्रीमती शुभश्री महापात्र सहित श्रद्धा महिला मंडल की सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग सत्र का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक सुश्री अंशुल सैनी द्वारा किया गया। उनके मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान प्रक्रियाओं का अभ्यास किया तथा योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उपायों की जानकारी प्राप्त की।

# योग हमारी विरासत, स्वस्थ जीवन का आधार : ओपी चौधरी

## जिले के प्रभारी मंत्री के नागरिकों के साथ किया सामूहिक योगाभ्यास





(लोकमाया न्यूज)।

**जांजगीर-चाम्पा।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित भीमा तालाब, जाज्वल्य देव द्वार के पास सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ पी चौधरी शामिल हुए। वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ पी चौधरी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सभी जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों के कारण योग को वैश्विक पहचान मिली है और पूरी दुनिया योग दिवस मना रही है। यह विकास भी, विरासत भी की सोच का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें भारत की प्राचीन परंपरा और ज्ञान को विश्व मंच पर प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है। प्रभारी मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग तथा अन्य गंभीर बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं।असंतुलित जीवनशैली धीरे-धीरे गंभीर बीमारियों का कारण बनती है। उन्होंने कहा कि शरीर के विभिन्न अंग लंबे समय तक हमें स्वस्थ बनाए रखने का प्रयास करते हैं, लेकिन एक सीमा के बाद समस्याएं सामने आने लगती हैं। इसलिए बड़ी बीमारियों के आने की प्रतीक्षा करने के बजाय पहले से ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है। योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं संतुलित जीवनशैली को अपनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं है, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन प्रदान करने का भी सशक्त साधन है। योग व्यक्ति को तनावमुक्त, सकारात्मक और अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने सभी के स्वस्थ, निरोग एवं सुखद जीवन की कामना करते हुए जय भारत, जय छत्तीसगढ़, जय योग का संदेश दिया। योग दिवस के अवसर पर पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कुटराबोड़ के मलखंभ खिलाड़ी डिंपी सिंह ने अपने उत्कृष्ट करतबों का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए प्रभारी मंत्री श्री चौधरी ने स्वेच्छानुदान मद से 25 हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की तथा भविष्य में भी उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के उपरांत प्रभारी मंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत भीमा तालाब परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### जिले को मिली तीन नई एंबुलेंस



विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रदेश के वि‍ा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने जिलेवासियों को स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण सौगात देते हुए तीन नई एंबुलेंस का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उन्होंने नवागढ़, पामगढ़ एवं अकलतरा विकासखंड के लिए उपलध कराई गई नई एंबुलेंसों को रवाना किया। इन एंबुलेंसों के संचालन से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुलभ एवं सुदृढ़ होंगी।

# अपर कलेक्टर, एसडीएम ने जलापूर्ति व्यवस्था का किया निरीक्षण



### अकलतरा की पेयजल समस्या पर कलेक्टर का संज्ञान

(लोकमाया न्यूज)।

**जांजगीर-चाम्पा।** जिले के अकलतरा नगर के कुछ वार्डों में पेयजल आपूर्ति संबंधी समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने संज्ञान लिया। कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, एसडीएम सुमित बघेल सहित अधिकारियों ने अकलतरा पहुंचकर प्रभावित वार्डों का निरीक्षण किया तथा पेयजल टंकियों एवं जलापूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने नगर पालिका के अधिकारियों को पेयजल समस्या के त्वरित एवं स्थायी निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में पेयजल आपूर्ति के लिए निर्धारित समय सुनिश्चित किया जाए, ताकि सभी वार्डों के नागरिकों को समान रूप से पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि हाल ही में किए गए अतिरिक्त बोरों को शीघ्र मुख्य जलापूर्ति लाइन से जोड़ने की कार्रवाई पूर्ण की जाए, जिससे पेयजल उपलब्धता में सुधार हो सके। कलेक्टर महोबे ने कहा कि नागरिकों को नियमित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने नगर पालिका अकलतरा के सीएमओ की कार्यप्रणाली पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि पेयजल संकट के समाधान हेतु युद्धस्तर पर कार्य किया जाए। कलेक्टर ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का संतोषजनक समाधान नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। आवश्यक तकनीकी सुधार तथा वैकल्पिक जलापूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं तथा आमजन को राहत पहुंचाने हेतु जिला प्रशासन पूरी सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है।

# करो योग, रहो निरोग: योग दिवस पर स्कूलों और ग्राम पंचायतों में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

(लोकमाया न्यूज)।




**सक्ती।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले भर में योग के प्रति जागरूकता लाने विभिन्न संस्थाओं एवं ग्राम पंचायतों द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में शक्ति के अनुनय कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल तथा ग्राम पंचायत टेमर में उत्साहपूर्वक योग दिवस मनाया गया। अनुनय कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर योगेश साहू ने कहा कि योग हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। नियमित योग करने से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है तथा व्यक्ति स्वस्थ और ऊर्जावान बना रहता है। योग दिवस के अवसर पर विद्यालय परिवार में विशेष उत्साह देखने को मिला और सभी ने प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिया।

वहीं ग्राम पंचायत टेमर के मिडिल स्कूल परिसर में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं ग्राम पंचायत टेमर के लोकप्रिय सरपंच चन्द्र कुमार सोनी ने ग्रामवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग स्वस्थ, निरोग और सुखमय जीवन का आधार है। प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन कुछ समय योग के लिए निकालना चाहिए तथा इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। नियमित योग से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम के दौरान सरपंच चन्द्र कुमार सोनी द्वारा शिक्षकों एवं पंचों को टी-शर्ट का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर उपसरपंच योगिता घनश्याम, सचिव संजू महिलागे, कुलदीप पटेल, रामकुमार देवागन, मृत्युंजय पटेल, योगेश जायसवाल, शेष नारायण पटेल, मोहन प्यारे पटेल, फणेन्द्र कुमार दर्शन, श्रीमती उमा कुर्रे, श्रीमती ललिता बघेल, श्रीमती यादव कुमारी पटेल, श्रीमती सुलोचना मरावी, श्रीमती अंजू लता यादव, जाटवर सर, योग शिक्षक गोरेलाल पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

योग दिवस के अवसर पर आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया।

# जिले के 5 विद्यालयों में शुरू होंगी वित्तीय प्रयोगशालाएं

### विद्यार्थियों को खेल-खेल में मिलेगी बैंकिंग, बचत, निवेश और साइबर सुरक्षा की समझ

(लोकमाया न्यूज)।



**जांजगीर-चाम्पा।** जिले के विद्यार्थियों को वित्तीय रूप से जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत जिले के पांच शासकीय विद्यालयों में वित्तीय प्रयोगशालाओं (फाइनेंशियल लैब) के संचालन एवं प्रभावी उपयोग के लिए आयोजित दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशिक्षित शिक्षकों ने वित्तीय प्रयोगशालाओं में संचालित होने वाली गतिविधियों का प्रदर्शन किया। वित्तीय प्रयोगशाला एक अभिनव शिक्षण पहल है, जहां विद्यार्थी खेलों, गतिविधियों, सिमुलेशनों तथा वास्तविक जीवन आधारित परिस्थितियों के माध्यम से वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग, बीमा, बचत, निवेश, बजट निर्माण, उद्यमिता, उपभोक्ता जागरूकता एवं साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को व्यवहारिक रूप से सीखते हैं। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में कम आयु से ही जिम्मेदार वित्तीय व्यवहार, निर्णय क्षमता, समस्या समाधान कौशल तथा उद्यमशील सोच विकसित करना है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुभवात्मक एवं कौशल आधारित शिक्षण के उद्देश्यों के अनुरूप है।जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अकलतरा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलौदा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पामगढ़, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बिर्रा तथा पीएम श्री विद्यालय नवागढ़ में वित्तीय प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। प्रशिक्षण दौरान कलेक्टर तथा आईडीबीआई बैंक के क्षेत्रीय एवं जोनल स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों ने वित्तीय प्रयोगशाला का अवलोकन किया। प्रशिक्षित शिक्षकों ने विभिन्न खेलों, गतिविधियों, सिमुलेशनों, भूमिका-अभिनय एवं अनुभवात्मक शिक्षण मॉडलों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार विद्यार्थियों को वित्तीय विषयों की जटिल अवधारणाएं सरल, रोचक और व्यवहारिक तरीके से समझाई जा सकती हैं। इस अवसर पर कलेक्टर महोबे ने कहा कि वर्तमान समय में वित्तीय साक्षरता एक आवश्यक जीवन कौशल बन चुकी है। वित्तीय प्रयोगशालाएं विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं देंगी, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन में वित्तीय निर्णय लेने की समझ और क्षमता भी प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि खेल आधारित एवं सहभागितापूर्ण शिक्षण पद्धति विद्यार्थियों को भविष्य की आर्थिक चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार करेगी। उन्होंने इस अभिनव पहल के सफल क्रियान्वयन के लिए आईडीबीआई बैंक, सी फॉर कॉमर्स तथा प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों को बधाई दी। आईडीबीआई बैंक के अधिकारियों ने कहा कि यह परियोजना विद्यार्थियों में वित्तीय अनुशासन, बचत की आदत और आर्थिक समझ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा उन्हें भविष्य के लिए अधिक सक्षम बनाएगी।यह पहल आईडीबीआई बैंक की सीएसआर परियोजना के अंतर्गत संचालित की जा रही है, जिसका क्रियान्वयन संस्था सी फॉर कॉमर्स द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया है। प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वित्तीय प्रयोगशालाएं विद्यार्थियों के लिए सीखने की प्रक्रिया को अधिक रोचक, सहभागितापूर्ण और प्रभावी बनाएंगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल समापन के साथ अब जिले के सभी पांचों विद्यालयों में स्थापित वित्तीय प्रयोगशालाएं नियमित शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# रासेयो इकाई द्वारा नशा मुक्ति जनजागरण अभियान




### अभियान में पोस्टर प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

(लोकमाया न्यूज)।

**जांजगीर-चाम्पा।** भारत सरकार एवं राज्य शासन के द्वारा निर्देशित नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 17 जून से 26 जून तक नशा मुक्त जन जागरूकता सप्ताह का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीकला के रासेयो इकाई द्वारा मनाया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर समन्वयक डॉ. मनोज सिन्हा एवं जिला संगठक प्रो. वायके तिवारी के मार्गदर्शन तथा संस्था प्राचार्य बीएल चौधरी के संरक्षण व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी आरके राठौर व सहायक कार्यक्रम अधिकारी एमआर राज के कुशल नेतृत्व मे रासेयो ईकाई सुखरीकला के द्वारा आयोजित जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको के द्वारा नशा के दुष्परिणाम को बताते हुए ग्राम के मुख्य गलियो मे नशा मुक्त सामाज के लिए रैली निकालकर ग्रामीण को जागरूक किया गया। साथ ही साथ नशा मुक्त अभियान पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला (पोस्टर)प्रतियोगिता मे प्रतियोगी छात्रा-प्रथम कु.सुरभि साहू 12वी, द्वितीय कु. सुष्मिता मन्नेवार 9वी, तृतीय कु.पल्लवी मन्नेवार 10वी तथा निबंध प्रतियोगिता मे प्रथम कु.ज्योति बरेठ 12वी, द्वितीय कु.रिया बरेठ 12वी, तथा कु.किरण बरेठ 12वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किये। सांत्वना पुरूस्कार शिवरात्री बरेठ, हिमांगी बरेठ, आकांक्षा यादव, गरिमा साहू सहित सभी सफल प्रतियोगी छात्र छात्राओ को संस्था प्रमुख प्राचार्य बीएल चौधरी के द्वारा कलम भेटकर कर सम्मान किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओ को ब्लाक स्तरीय नशा मुक्त अभियान कार्यक्रम मे चयनित करते हुए आगामी 22जून को शाउमा विद्यालय सरगबुदिया मे शामिल होकर प्रतिनिधित्व करने मौका स्वयंसेवको को मिला।कार्यक्रम को सफल बनाने मे व्याख्याता केएस कंवर, एलएन सोनकर, एएल डहरिया, डीएल कंवर, अश्वनी लहरे, श्रीमति अनिता साहू, रंजना पाण्डेय, मति मौसमी अवस्थी, ज्योति सोनी, एस के कर्ष, पुरूषोत्तम कंवर, ओपी साहू, युवराज सिंह सहित संस्था स्टाफ सदस्यगण और छात्र छात्राओ का सक्रिय सहयोग रहा।

# भीषण गर्मी में मुस्लिम समाज ने बांटा शर्बत, राहगीरों व मरीजों को मिली राहत

(लोकमाया न्यूज)।

**सक्ति।** भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से मुस्लिम समाज द्वारा जीएनआरएफ के तत्वावधान में अस्पताल चौक पर शर्बत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेवा भावना से ओतप्रोत इस पहल में राहगीरों, मरीजों और उनके परिजनों को शीतल शर्बत पिलाकर गर्मी से राहत प्रदान की गई। अस्पताल चौक जैसे व्यस्त क्षेत्र में आयोजित इस सेवा कार्य को लोगों ने खूब सराहा। तपती दोपहरी में शर्बत वितरण ने न केवल लोगों की प्यास बुझाई, बल्कि मानवता, सामाजिक सद्भाव और भाईचारे का संदेश भी दिया। मुस्लिम जमात के



सदस्यों ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण अस्पताल आने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उनका उद्देश्य जरूरतमंदों की सेवा कर उन्हें राहत पहुंचाना है। कार्यक्रम में नगर निरीक्षक लखन पटेल, पूर्व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष दिगंबर चौबे, मुस्लिम जमात के मुखिया महबूब भाई जान, हाजी मुन्नवर भाई, हाजी आबिद भाई, नियाज भाई, सरफराज भाई, इम्तियाज भाई, जमाल खान, लाला खान, सम्स तबरेज खान सहित मुस्लिम जमात के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने पूरे उत्साह के साथ आने-जाने वाले लोगों को ससम्मान शर्बत वितरित किया।

सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है, इसी भावना के साथ मुस्लिम समाज की यह पहल लोगों के लिए प्रेरणा का केंद्र बनी रही।




## निहंग और सिख

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में हेमकुंड साहिब की पवित्र यात्रा के दौरान नगरासू गुरुद्वारे में पार्किंग विवाद को लेकर हुई झड़प ने एक बार फिर सिख समुदाय के भीतर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. 16 जून को कर्णप्रयाग में पार्किंग के मुद्दे पर निहंग तीर्थयात्रियों और स्थानीय व्यापारियों के बीच मारपीट हुई, जिसमें तलवारों का इस्तेमाल हुआ और कुछ स्थानीय लोग घायल हुए. इसके बाद 20 जून को नगरासू गुरुद्वारे में निहंगों ने विरोध जताते हुए गुरुद्वारे के सेवादारों से कथित तौर पर मारपीट की, छत पर चढ़ गए, सूचना पट्ट हटाए और कहा जा रहा है कि उन्होंने संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया. खबर है कि स्थिति को सामान्य बनाने के लिए प्रशासन को पुलिस और आईटीबीपी को तैनात करना पड़ा, इंटरनेट सेवा पर रोक लगानी पड़ी.गुरुद्वारा प्रबंधन ने इन्हें %नकली निहंग% बताते हुए इनके नशे में होने की आशंका जताई. यह घटना महज एक स्थानीय विवाद नहीं है. यह सिख धर्म की उस छवि पर सीधा हमला है, जो दुनिया भर में परोपकार, समानता और सेवा के लिए प्रसिद्ध है. सिख धर्म के मूल सिद्धांत सेवा, ईमानदारी और दूसरों की भलाई पर आधारित है.

गुरु नानक देव जी ने %सरबत दा भला% का संदेश दिया था. गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा की स्थापना धर्म की रक्षा के लिए की. निहंग परंपरा ऐतिहासिक रूप से सिख धर्म की रक्षा से जुड़ी रही है. निहंगों का काम ही रहा धर्म और गुरुद्वारे की रक्षा के लिए अपना शौर्य दिखाना. इसलिए निहंगों को मामूली पार्किंग विवाद में हिंसा करना शोभा नहीं देता है. मुगल काल में वे बहादुरी के साथ लड़ते थे, सिख साम्राज्य की सेना का महत्वपूर्ण हिस्सा थे. आधुनिक युग में कुछ निहंग समूहों की हरकतें इस गौरवशाली परंपरा को कलंकित कर रही हैं. पूरे देश में ऐसी खबरें आती हैं जहां निहंगों पर उदंडता, पुलिस से झड़प या स्थानीय लोगों से विवाद के आरोप लगते हैं. इन मुट्ठी भर लोगों की वजह से पूरे सिख समुदाय की छवि धूमिल होती है. सिख धर्म की विश्वव्यापी पहचान मुख्य रूप से उसकी मानवीय सेवाओं से बनी है. दुनिया के हर कोने में गुरुद्वारों में लंगर चलता है, जहां जाति, धर्म, रंग या देश की परवाह किए बिना हजारों लोग मुफ्त भोजन पाते हैं. कोविड महामारी के दौरान सिख समुदाय ने ऑक्सीजन लंगर, दवाइयां और सहायता का विशाल नेटवर्क खड़ा किया. बाढ़, भूकंप या किसी भी आपदा में सिख स्वयंसेवक सबसे पहले पहुंचते हैं. अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में सिख प्रवासी अपनी मेहनत, ईमानदारी और सामाजिक योगदान के लिए जाने जाते हैं. भारत में भी सिख समुदाय शिक्षा, खेल, सेना और व्यापार में अग्रणी भूमिका निभाता है. लेकिन जब ऐसी हिंसक घटनाएं मीडिया में आती हैं, तो सारी सकारात्मक छवि एक झटके में धूमिल हो जाती है. सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते हैं. उत्तराखंड जैसे राज्य में चार धाम यात्रा लाखों श्रद्धालुओं की आजीविका से जुड़ी है।

# अगर धमकी देते देते पाकिस्तान ने सचमुच युद्ध छेड़ दिया तो भारत क्या करेगा?

**नीरज कुमार दुबे**

बड़बोले ख्वाजा आसिफ कभी भारत को परमाणु बम की धमकी देते हैं, कभी जल युद्ध की हुंकार भरते हैं और कभी देशी विदेशी मीडिया को दिए गए साक्षात्कारों में यह कबूल करते नजर आते हैं कि हर जंग में पाकिस्तान की फौज को भारत के हाथों मुंह की खानी पड़ी है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की ताजा गीदड़ भभकी भी उसी बौखलाहट का नतीजा है, जो आतंकवाद के सहारे भारत को अस्थिर करने की नाकाम कोशिशों के बाद अब पानी के मुद्दे पर नया शोर मचा रही है। असलियत यह है कि पाकिस्तान की सत्ता और सेना दोनों ही अपने ही देश की नाकामियों को छिपाने के लिए भारत विरोध का सहारा ले रहे हैं।

हम आपको बता दें कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक बार फिर भारत के खिलाफ युद्ध की गीदड़भभकी दी है। एक पाकिस्तानी न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में आसिफ ने कहा कि यदि पाकिस्तान की जल सुरक्षा से खिलवाड़ हुआ तो इस्लामाबाद भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने पानी को पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम हिस्सा बताते हुए आरोप लगाया कि भारत अगर जल आपूर्ति रोकने की दिशा में आगे बढ़ता है तो हालात युद्ध तक पहुंच सकते हैं। यह बयान ऐसे वक्त में आया है जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर पाकिस्तान को साफ संदेश दे दिया था कि आतंकवाद और बातचीत अब साथ-साथ नहीं चल सकते।



उल्लेखनीय है कि विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई सिंधु जल संधि के तहत सिंधु बेसिन से मिलने वाले जल से पाकिस्तान की करीब अस्सी प्रतिशत खेती चलती है। लेकिन दशकों तक आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान को अब इस बात का डर सताने लगा है कि संधि स्थगित होने के बाद भारत अपने हिस्से के जल का पूर्ण उपयोग करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जैसे जैसे भारत अपने अधिकार के पानी का इस्तेमाल बढ़ाएगा, वैसे वैसे पाकिस्तान की पहले से डगमगाती अर्थव्यवस्था और कृषि व्यवस्था पर संकट और गहराता जाएगा।

साथ ही ख्वाजा आसिफ ने भारत पर चिनाब नदी के प्रवाह को हथियार की तरह इस्तेमाल करने और जल संबंधी सूचनाएं रोकने का आरोप लगाया है। हम आपको यह भी बता दें कि पाकिस्तान इस समय गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। सिंध और बलूचिस्तान जैसे इलाकों में हालात बेहद खराब बताए जा रहे हैं। सिंध के सिंचाई विभाग के आंकड़ों के मुताबिक कई नहरों में भारी जल कमी दर्ज की गई है, जबकि पंजाब प्रांत पर तय हिस्से से ज्यादा पानी लेने के आरोप लग रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि पाकिस्तान के प्रांतों के बीच पानी को लेकर टकराव लगातार बढ़ता जा रहा है। यानी अपने ही घर में जल संकट और अव्यवस्था संभालने में नाकाम पाकिस्तान अब भारत पर आरोप लगाकर अपनी जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है।

लेकिन पाकिस्तान को समझना होगा कि यह पुराना भारत नहीं है। पिछले महीने भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने साफ शब्दों में दुनिया को बता दिया था कि भारत हर चुनौती का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर अभी समाप्त नहीं हुआ है और यदि जरूरत पड़ी तो ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए तीनों सेनाएं चौबीसों घंटे तैयारी कर रही हैं। सेना, वायुसेना और नौसेना के बीच तालमेल मजबूत किया जा रहा है और भविष्य के युद्ध की हर परिस्थिति को ध्यान में रखकर रणनीति बनाई जा रही है। जनरल द्विवेदी का यह बयान भारत की सैन्य शक्ति और आत्मविश्वास का परिचायक था। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध का मैदान पूरी तरह पारदर्शी हो चुका है, जहां दुश्मन की हर गतिविधि पर नजर रखी जाती है। भारतीय सेना सीमावर्ती इलाकों में सैनिकों और नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर सजग है।

पाकिस्तान को यह समझ लेना चाहिए कि भारत अब हर मोर्चे पर निर्णायक जवाब देने की क्षमता रखता है। आतंकवाद, घुसपैठ, जल विवाद या सीमा पर उकसावे की हर हरकत का जवाब नए भारत की सेना उसी भाषा में देना जानती है। ख्वाजा आसिफ की गीदड़ भभकियां पाकिस्तान की कमजोरी और डर को उजागर करती हैं, जबकि भारतीय सेना का शौर्य, अनुशासन और तैयारी यह साबित करती है कि देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को इस बार बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

फिर भी यदि मान लिया जाए कि अगर पाकिस्तान भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने की हिमाकत करता है तो सवाल उठता है कि भारत क्या करेगा? इसका जवाब यह है कि इस बार भारत की ओर से केवल सीमा पर जवाब नहीं मिलेगा, बल्कि जमीन, आसमान और समंदर तीनों मोर्चों पर पाकिस्तान को ऐसी मार झेलनी पड़ सकती है जिसकी कल्पना भी इस्लामाबाद के हुक्मरानों ने नहीं की होगी। भारतीय सेनाध्यक्ष के बयानों के अलावा, दुनिया भर की रक्षा रिपोर्टों और सैन्य विश्लेषणों का अध्ययन बताता है कि पारंपरिक युद्ध क्षमता, आधुनिक हथियारों, आर्थिक ताकत, सैन्य तकनीक और रणनीतिक तैयारी के मामले में भारत पाकिस्तान पर कई गुना भारी पड़ता है।

हम आपको बता दें कि दुनिया की सबसे अनुभवी और विशाल सेनाओं में शामिल भारतीय थलसेना के पास सैनिक संख्या, आधुनिक तोपखाना, मिसाइल शक्ति और युद्धक टैंकों का ऐसा जाल है जो पाकिस्तान की जमीनी रक्षा को चंद दिनों में चरमरा सकता है। भारत के पास पिनाका बहु नली रॉकेट प्रणाली, धनुष तोप, च९ञ्ज अजय टैंक, ञ्ज९0 भीष्म टैंक और ब्रह्मोस जैसी घातक मारक क्षमता है। ब्रह्मोस मिसाइल ध्वनि की गति से कई गुना तेज रफ्तार से दुश्मन के ठिकानों को मिट्टी में मिला सकती है। हाल के वर्षों में भारत ने स्वदेशी रक्षा निर्माण को तेजी से मजबूत किया है, जिसके कारण सेना को लगातार आधुनिक हथियार और तकनीक मिल रही है।

भारतीय सेना का सबसे बड़ा फायदा उसका वास्तविक युद्ध अनुभव और ऊंचे पर्वतीय इलाकों से लेकर रेगिस्तान तक हर परिस्थिति में लड़ने की क्षमता है।

# झुलसता मानसून, सिसकते खेत

**देश के लगभग 22 राज्यों में सामान्य से बहुत कम बारिश होने के कारण किसानों की चिंताएं बेहद बढ़ गई हैं,जिसके चलते वर्तमान में देश का 48 प्रतिशत एरिया कम वर्षा और 24 फीसदी एरिया अत्यधिक कम वर्षा श्रेणी में है। दूसरी तरफ, तापमान में बेतहाशा बढ़ोतरी ने न केवल खेतों की नमी को पूरी तरह सोख लिया है, बल्कि खरीफ फसलों की बुवाई के भविष्य पर भी एक बड़ा सवालिया निशान लगा दिया है। ऐसे में किसानों के सामने खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित होने और वर्तमान में खड़ी फसलों पर विपरीत असर पड़ने की गंभीर आशंका खड़ी हो गई है।**

**जेपी सिंह**

साल 2026 में मौसम का मिजाज बेहद कड़ा और चिंताजनक रहा है।1 जून से लेकर 18 जून तक के शुरुआती हफ्तों में पूरे देश के भीतर करीब 40 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है, जिससे चारों तरफ पानी की भारी कमी दिखाई दे रही है। स्थिति इस कदर नाजुक है कि इस अवधि में जहां गुजरात और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में सामान्य से 78 फीसदी कम पानी बरसा है, वहीं झारखंड में 70 प्रतिशत, बिहार में 40 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 24 प्रतिशत तक की कम बारिश हुई है । देश के लगभग 22 राज्यों में सामान्य से बहुत कम बारिश होने के कारण किसानों की चिंताएं बेहद बढ़ गई हैं,जिसके चलते वर्तमान में देश का 48 प्रतिशत एरिया कम वर्षा और 24 फीसदी एरिया अत्यधिक कम वर्षा श्रेणी में है। दूसरी तरफ, तापमान में बेतहाशा बढ़ोतरी ने न केवल खेतों की नमी को पूरी तरह सोख लिया है, बल्कि खरीफ फसलों की बुवाई के भविष्य पर भी एक बड़ा सवालिया निशान लगा दिया है। ऐसे में किसानों के सामने खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित होने और वर्तमान में खड़ी फसलों पर विपरीत असर पड़ने की गंभीर आशंका खड़ी हो गई है।

डॉ। राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय प्रो। डॉ। एस।के। सिंह अनुसार अगर बारिश कम हो रही है, तो किसानों को खेती का पुराना तरीका बदलना होगा। सबसे जरूरी बात यह है कि बुवाई में बिल्कुल भी जल्दबाजी न करें। जब तक अच्छी बारिश न हो जाए और मिट्टी के अंदर तक बढ़िया नमी न आ जाए, तब तक खेत में बीज न डालें। इस साल धान, मक्का, अरहर और मूंग जैसी फसलों के लिए ऐसी वैरायटी को चुनें जो कम समय में तैयार हो जाएं और सूखा झेल सकें। इससे फायदा यह होगा कि अगर मानसून जल्दी भी चला गया, तो आपकी फसल समय पर पककर सुरक्षित घर आ जाएगी।

डॉ एसके सिंह अनुसार कम पानी या सूखे के मौसम में खेतों में बहुत ज्यादा यूरिया या नाइट्रोजन डालने से बचना चाहिए। जब मिट्टी में नमी कम होती है, तो ज्यादा खाद डालने से पौधे अंदर से झुलस जाते हैं। इसलिए सबसे बेहतर उपाय यह है कि पहले अपने खेत की मिट्टी की जांच करवाएं और उसी के हिसाब से खाद को एक बार में न डालकर, अलग-अलग टुकड़ों या किश्तों में दें।बेहतर होगा कि खाद को मिट्टी की जांच के आधार पर टुकड़ों में दें।



अप्रैल से जून के बीच जब तापमान 45 से 48 डिग्री तक पहुँच जाता है, तो हरी सब्जियों को बहुत नुकसान होता है। टमाटर, मिर्च, बैंगन, खीरा और लौकी जैसी फसलें इतनी तेज गर्मी बर्दाश्त नहीं कर पातीं, जिससे उनकी पैदावार आधे से भी कम हो जाती है। तेज लू के कारण फूल और छोटे फल समय से पहले ही झड़ जाते हैं। इससे बचने के लिए शाम के समय खेतों में हल्की और लगातार सिंचाई करें। साथ ही, पौधों पर %काओलिन% जैसी दवा का छिड़काव करें जो पत्तियों के तापमान को काबू में रखती है। इस मौसम में थ्रिप्स और सफेद मक्खी जैसे कीड़ों का हमला भी बढ़ जाता है, इसलिए खेत की लगातार देखभाल करते रहें।

बदलते मौसम में अगर खेती को बचाना है, तो मिट्टी की सेहत सुधारना सबसे ज्यादा जरूरी है। जिस जमीन में %मृदा कार्बनिक कार्बन% अच्छा होता है, उसकी पानी सोखने की क्षमता 30 फीसदी तक बढ़ जाती है। इसके लिए खेतों में हरी खाद जैसे ढैंचा या सनई पलटें, गोबर की खाद और वर्मी कंपोस्टका खूब इस्तेमाल करें।फसल कटने के बाद बचे हुए हिस्से को खेत में कभी न जलाएं।आने वाला समय %क्लाइमेट-स्मार्ट खेती% यानी मौसम के मिजाज को समझकर की जाने वाली आधुनिक खेती का है, जिससे कम पानी में भी अच्छी फसल ली जा सके।

# अमेरिका की एआई दादागिरी!




**मुन्ज़िर अहमद**

अमेरिका के एडवांस एआई मॉडल्स और चिप्स पर बढ़ते नियंत्रण ने वैश्विक स्तर पर एआई मोनोपॉली की बहस तेज कर दी है. वहीं, भारत जैसे देश बड़े यूजर तो हैं, लेकिन तकनीक के मालिक नहीं. ऐसे में डिजिटल संप्रभुता, डेटा सुरक्षा और स्वदेशी एआई विकसित करना बड़ी चुनौती बन गया है।

एआई स्पेस में अमेरिका की मोनोपॉली... या यूं कहें कि दादागिरी चल रही है! दुनियाभर में इस समय इस बात की चर्चा है कि क्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का किल स्विच अमेरिका के हाथ में है? अगर ऐसा है तो ये भारत सहित दुनिया भर के लिए खतरे की घंटी से कम नहीं है. दरअसल अमेरिकी ट्रंप सरकार चाहती है कि अमेरिकी कंपनियां एडवांस्ड्ढ्ढ टूल्स दूसरे देशों को ना दें. हाल ही में ट्रंप सरकार ने एंथ्रोपिक के दो पावरफुल एआई मॉडल्स को दूसरे देशों के लिए ब्लॉक करा दिया है. यानी भारत के लोग पैसे दे कर भी एंथ्रोपिक का पावरफुल मॉडल यूज करना चाहें तो नहीं करेंगे. सिर्फ वही मॉडल एवेलेबल होगा जिससे अमेरिका को लगता है कि उनका नुकसान ना हो।

एनवीडिया इस वक्त दुनिया की सबसे बड़ी चिपसेट कंपनी है और ऐपल को पीछे छोड़ चुकी है. चूंकि ये भी अमेरिका की कंपनी है, इसलिए एनवीडिया अपने बेस्ट एआई चिपसेट किसी दूसरे देश को नहीं देती है. ये भी अमेरिकी सरकार की तरफ से किया गया है. ओपन एआई से लेकर एंथ्रोपिक तक, दुनिया की बड़ी एआई कंपनियां अमेरिकी हैं. इन कंपनियों के बनाए गए एआई मॉडल्स को अमेरिका वॉर में यूज करता है. हाल ही में ईरान पर अटैक के दौरान ओपन एआई और एंथ्रोपिक के मॉडल्स यूज किए गए हैं. दुनिया तेजी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तरफ बढ़ रही है. जो देश एआई में आगे है, वही आने वाले समय में ताकतवर माना जाएगा. हाल के दिनों में जो घटनाएं सामने आई हैं, उन्होंने इस बहस को और तेज कर दिया है. अमेरिकी सरकार ने एआई कंपनी एंथ्रोपिक को आदेश दिया कि वह अपने सबसे एडवांस मॉडल्स, जैसे फेबेल 5 और मेथेस 5, को विदेशी यूजर्स के लिए बंद कर दे. इसका मतलब साफ है कि जो टेक्नोलॉजी पूरी दुनिया इस्तेमाल कर सकती थी, उस पर अब लिमिट लगाई जा रही हैं।

अमेरिका अब एआई को सिर्फ टेक्नोलॉजी नहीं, बल्कि स्ट्रैटिजिक हथियार की तरह देख रहा है. और जब कोई देश टेक्नोलॉजी को हथियार की तरह इस्तेमाल करने लगे, तो बाकी दुनिया के लिए खतरे की घंटी बज जाती है. दरअसल,ढ्ढ का खेल अब डेटा, मॉडल और एक्सेस का खेल बन चुका है. जिनके पास डेटा है, वही मॉडल ट्रेन कर सकते हैं. और जिनके पास मॉडल हैं, वही दुनिया को दिशा दे सकते हैं. इस पूरे इकोसिस्टम में अमेरिका सबसे आगे है. ओपन एआई, गूगल, एंथ्रोपिक जैसी बड़ी कंपनियां वहीं की हैं. इनके मॉडल दुनिया भर में इस्तेमाल हो रहे हैं. लेकिन अब जो हो रहा है, वह इस सिस्टम का बैलेंस बिगाड़ सकता है. अगर अमेरिका तय करेगा कि कौन एआई का इस्तेमाल करेगा और कौन नहीं, तो यह एक तरह से डिजिटल कंट्रोल हो जाएगा. इसे ही कई एक्सपर्ट्स एआई मोनोपॉली' कह रहे हैं. यूरोप इस पर खुलकर सामने आ चुका है. जी7 समिट में भी यह मुद्दा प्रमुख रहा. यूरोपीय देश कह रहे हैं कि एआई पर एक देश का कंट्रोल सही नहीं है. अगर ऐसा हुआ, तो टेक्नोलॉजी का बैलेंस बिगड़ जाएगा. इसलिए 'सॉवरेन एआई' की बात तेजी से उठ रही है।

## आज का राशिफल

**मेष-** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज लोग आपके विचारों को सुनने के लिए बहुत उत्सुक होंगे। इस राशि के लोगों को आज किसी करीबी से खुशखबरी मिल सकती है। करियर के मामले में आपके ऊपर अपनी क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आ सकती हैं।

**वृष-**आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज आपके मन की इच्छा पूरी होगी। आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा। भविष्य को बेहतर बनाने के लिए नये कदम उठाएंगे।

**मिथुन-**आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको नौकरी के लिए अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है। इस राशि के लेखकों के लिए आज का दिन बहुत बढ़िया है। रचनात्मक कार्यक्षेत्र से जुड़े लोगों को नई स्टोरी लिखने के लिए मिल सकती है।

**कर्क-**आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बितायेंगे। जीवनसाथी के साथ कहीं हील स्टेशन पर घूमने की प्लानिंग कर सकते हैं।

**सिंह-** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज जिस काम को पूरा करना चाहेंगे, उस काम में थोड़ी रूकावटें आ सकती है। किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं। आज रिश्तों में सुधार लाने के लिए दिन अच्छा है।

**कन्या-**आज किस्मत आपके साथ रहेगी। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहे हैं, वो आज किसी फ्रेंड की मदद से पूरा हो जाएगा।

**तुला-** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। अगर आप काम को करते समय अपने मन को शांत रखेंगे, तो आपका काम आसानी से सफल होगा। किसी भी काम में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए। आज मनोरंजन मूवी वगैरह के चक्कर में फालतू खर्चे भी हो सकते हैं।

**वृश्चिक-**आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज दोस्तों और परिजनों के साथ खुशियां मनाएंगे। आज आपके व्यक्तित्व से लोग आकर्षित होंगे। मानसिक तौर पर खुद को स्ट्रॉन्ग महसूस करेंगे।

**धनु-**आज आपके मन में नए विचार उत्पन्न होंगे। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ सकती हैं, जिसमें आप सफल होंगे। आज आपको कुछ विशेष अवसरों का फायदा मिलेगा। आपको लोगों का सहयोग मिलेगा। धन लाभ के बड़े मौके मिलेंगे।

**मकर-**आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। किसी कंपनी से जॉब के लिए कॉल आ सकती है। मन में किसी मामले को लेकर थोड़ी बेचैनी हो सकती है।

**कुंभ-**आज आपका रूझान आध्यात्म की तरफ रहेगा। किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने की योजना बना सकते हैं। आज आपको आनंद की प्राप्ति होगी। आज खुद को फीट महसूस करेंगे। दिन खत्म होते-होते आपको शुभ समाचार मिलेगा।

**मीन-**आज आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आपकी किस्मत आपका पूरा साथ देगी। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करेंगे।

## शब्द कौतुक

### सू- दोकू क्र.077

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.076का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |


## सुडुको

### शब्द सामर्थ्य -077

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**
1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाली 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 076 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | जां | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

स्वामी अशोक भटनागर, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ब्यास मुनि द्विवेदी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्रा. लि. पीएनबी बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं एलआईजी 93 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, धनसुली, नरदहा, रायपुर छत्तीसगढ़ से प्रकाशित प्रबंध संपादक- आशीष मिश्रा (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) फोन नं. 0771-4000600

संक्षिप्त समाचार

## कपड़ा दुकान में लगी भीषण आग तीन मंजिला इमारत हुई जलकर खाक

**कवर्धा।** शहर के मुख्य बाजार में सोमवार रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक कपड़ा दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी तीन मंजिला दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की ऊंची-ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे आसपास के व्यापारियों और लोगों में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को संभलने या दुकान के भीतर रखे सामान को बाहर निकालने का मौका नहीं मिल सका। स्थानीय लोगों ने तत्काल दुकान संचालक, पुलिस और फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक तीन मंजिला दुकान पूरी तरह जल चुकी थी। आगजनी की इस घटना में दुकान में रखा कपड़ा, फर्नीचर और अन्य सामान जलकर राख हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार व्यापारी को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित व्यापारी नदीम अंसारी ने बताया कि वह रात करीब साढ़े नौ बजे दुकान बंद कर घर लौटे थे। कुछ देर बाद उन्हें लोगों का फोन आया कि उनकी दुकान से आग की लपटें निकल रही हैं। सूचना मिलते ही वह तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि शटर खोलते ही देखा कि पूरा प्रतिष्ठान आग की चपेट में आ चुका था और आग तेजी से फैल रही थी। फिलहाल, आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी हो सकती है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच में जुट गए हैं। घटना के बाद बाजार क्षेत्र में लोगों की भारी भीड़ जुट गई, और देर रात तक राहत एवं बचाव कार्य चलता रहा।

## विधायक सेन एवं महापौर बाघमार ने वितरित की पीएम आवास की चाबियां



**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के'' अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा मोतीलाल वोरा सभागार में 18 से 20 जून तक आयोजित तीन दिवसीय पंजीकरण शिविर का समापन हुआ। शिविर के समापन अवसर पर रिसाली विधायक रिकेश सेन एवं महापौर अलका बाघमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेद्य कार्यक्रम में आयुक्त सुमित अग्रवाल, रंजीता पाटिल, सावित्री दमाहे, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, मोहम्मद सलीम सिद्दीकी, प्रकाशचंद थवानी, सहायक अभियंता गिरीश दीवान सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। समापन समारोह में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी एवं ग्रामीण) के हितग्राहियों को विधायक रिकेश सेन एवं महापौर अलका बाघमार ने आयुक्त सुमित अग्रवाल की उपस्थिति में आवास की चाबियां एवं पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किए। वहीं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा तीन हितग्राहियों को 50-50 हजार रुपये के ऋण स्वीकृति चेक वितरित किए गए। योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। तीन दिवसीय शिविर में नगर पालिक निगम दुर्ग के विभिन्न विभागों, स्वास्थ्य विभाग, जनपद पंचायत, खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगर निगम भिलाई तथा नगर निगम रिसाली सहित विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों के आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में कुल 176 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 112 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष 63 आवेदनों को त्वरित कार्रवाई एवं निराकरण के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। शिविर के दौरान आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान वय वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम सूर्यघर योजना, विभिन्न पेंशन योजनाओं सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने पंजीयन कराया तथा योजनाओं की विस्तृत जानकारी और मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना शासन की प्राथमिकता है। ऐसे शिविरों के माध्यम से नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा मिलती है तथा शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से आयोजित इस विशेष शिविर में नागरिकों को विभिन्न योजनाओं में पंजीयन एवं लाभ प्राप्त करने की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गई।

## सिकल सेल जनजागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**दुर्ग।** विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय दुर्ग में सिकल सेल के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सिकल संगवारी पहल एवं एबीस ग्रुप के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सिकल सेल रोग के प्रति जन सामान्य में जागरूकता बढ़ाना तथा समय पर जांच एवं उपचार के महत्व को रेखांकित करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती अलका बाघमार की अध्यक्षता में एवं जिला पंचायत सभापति एवं स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष सुश्री प्रिया साहू की उपस्थिति में किया गया। उक्त कार्यक्रम में एम.आई.सी. मेम्बर श्रीमती लीना दिनेश देवांगन, देव नारायण ठाकुर, एम.आई.सी. मेम्बर, शेखर चंद्राकर, एम.आई.सी. मेम्बर श्रीमती लोकेश्वरी ठाकुर, पार्षद, प्रमोद वाघ, जीवनदीप समिति कार्यकारिणी सदस्य, ऋषि यादव, जीवनदीप समिति कार्यकारिणी सदस्य एवं विजय ताम्रकार, जीवनदीप समिति कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

# बीएसपी की सुरक्षा, विस्तार और रोजगार पर विधायक सेन ने की चर्चा



### कार्यपालक निदेशक पवन कुमार से सौजन्य भेंट, लौह चोरी रोकने और औद्योगिक विकास पर हुई बातचीत

(लोकमाया न्यूज)।

**भिलाई नगर।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने शनिवार को भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार से सौजन्य भेंट कर संयंत्र की सुरक्षा, उत्पादन, विस्तार और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। विधायक सेन ने संयंत्र में वर्षों से सामने आती रही लौह एवं स्क्रैप चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संपत्ति की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाना आवश्यक है। बैठक में बीएसपी के विस्तार, आधुनिकीकरण और नई परियोजनाओं के माध्यम से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। विधायक सेन ने कौशल विकास और स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की बात रखी। श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं, कार्यस्थल की बेहतरी और कर्मचारी हितों से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। विधायक सेन ने श्रमिक कल्याण को औद्योगिक विकास का महत्वपूर्ण आधार बताया। दोनों पक्षों ने भिलाई इस्पात संयंत्र की प्रगति, सुरक्षा और क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिए निरंतर संवाद एवं सहयोग बनाए रखने पर सहमति जताई। विधायक सेन ने विश्वास व्यक्त किया कि बीएसपी के सशक्त होने से क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

# संत कबीर की विचारधारा समाज को जोड़ने की प्रेरणा देती है : विधायक देवेंद्र यादव

### कबीर जयंती महोत्सव में सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन, वार्ड 50 को मिली बड़ी सौगात

(लोकमाया न्यूज)।

**भिलाई नगर।** संत शिरोमणि कबीर दास जी के प्रकटोत्सव के अवसर पर वार्ड क्रमांक 50, केनाल रोड स्थित कबीर वाटिका में आयोजित कबीर जयंती महोत्सव में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने संत कबीर दास जी को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया तथा क्षेत्रवासियों को एक महत्वपूर्ण सौगात देते हुए सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम के दौरान साहू समाज एवं संत कबीर दास जी के अनुयायियों ने क्षेत्र में सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए सामुदायिक भवन निर्माण की मांग रखी। जनभावनाओं को ध्यान



में रखते हुए विधायक देवेंद्र यादव ने तत्काल स्वीकृति प्रदान करते हुए भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि संत कबीर दास जी ने समाज को समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं और समाज को एकजुट रखने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन बनने से क्षेत्र के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी तथा यह भवन समाज की गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा।

उन्होंने कहा कि भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। लोगों की जरूरतों और मांगों के अनुरूप लगातार आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है ताकि प्रत्येक वार्ड में विकास का लाभ पहुंच सके।

कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी, संत कबीर दास जी के अनुयायी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। आयोजन स्थल पर संत कबीर जी के विचारों और भजनों के माध्यम से भक्तिमय वातावरण बना रहा।

# निरंकारी मिशन का योग दिवस दुर्ग निरंकारी भवन में सम्पन्न

(लोकमाया न्यूज)।

**भिलाई।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद से अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संत निरंकारी मिशन की विभिन्न शाखाओं में योग एवं आध्यात्मिक जागरूकता पर केंद्रित कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इसी क्रम में ब्रांच दुर्ग भिलाई द्वारा योग दिवस संत निरंकारी सत्संग भवन दुर्ग में आयोजित किया गया ।

ब्रांच संयोजक सतपाल सिंह सैनी ने जानकारी सांझा करते हुए बताया कि संत निरंकारी मिशन की ब्रांच भिलाई दुर्ग द्वारा संत निरंकारी सत्संग भवन दीपक नगर दुर्ग में भी योग दिवस उत्साहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्तों, सेवादल स्वयंसेवकों एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता की। अनुभवी योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित योग सत्र में प्रतिभागियों ने योगाभ्यास कर



स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

संयोजक सतपाल सिंह सैनी ने सतगुरु माता जी संदेश 'स्वस्थ मन सहज जीवन% का उल्लेख करते हुए बताया कि हमारा शरीर निरंकार प्रभु की देन है जिसे स्वस्थ रखना हमारा मूल कर्त्तव्य है इसलिए दीर्घआयु और सक्रिय सफल जीवन के लिए योग नितांत आवश्यक है।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थी, जिसने यह संदेश दिया कि वास्तविक स्वास्थ्य शारीरिक, मानसिक और आत्मिक संतुलन का समन्वित स्वरूप है। इसी भावना के अनुरूप संत निरंकारी मिशन ने योग को आत्मजागृति, अनुशासन और सकारात्मक जीवन दृष्टि का सशक्त माध्यम बताते हुए जन-जागरूकता को प्रोत्साहित किया। सैकड़ो श्रद्धालुओं ने योग दिवस पर एक साथ योगा के आसन किये। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचना शंकर सचदेव ने दी।

# स्वस्थ आयु के लिए योग अपनाने का संदेश, मंगल भवन में योग शिविर आयोजित

(लोकमाया न्यूज)।

**भिलाई 3।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वस्थ आयु के लिए योग विषय पर नगर निगम भिलाई-चरोदा द्वारा मंगल भवन परिसर में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। शिविर में योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। साथ ही योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी देते हुए नियमित योग



करने के महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि योग स्वस्थ और संतुलित जीवन का आधार है तथा यह तनावमुक्त और निरोग जीवन जीने में सहायक है। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, दिलीप पटेल, परिषद में नेता प्रतिपक्ष खिलावन वर्मा, वरिष्ठ पार्षद फिरोज फारुकी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं एसडीएम महेश सिंह राजपूत, निगम आयुक्त डी.एस. राजपूत सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। इसके अलावा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, सदस्य तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का समापन सामूहिक योगाभ्यास एवं स्वस्थ जीवन के संकल्प के साथ हुआ। योग शिविर के माध्यम से लोगों को नियमित योग अपनाकर स्वस्थ एवं निरोग जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया।

# ऋषि-मुनियों की अमूल्य विरासत है योग, इसे जीवन का हिस्सा बनाएं : उप मुख्यमंत्री शर्मा

(लोकमाया न्यूज)।

**कवर्धा।** 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कबीरधाम जिले के पी. जी. कॉलेज कवर्धा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के रूप में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा भी शामिल हुए। जहां उन्होंने जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के छात्र छात्राओं और गणमान्य नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जिनकी पहल से भारत की सदियों पुरानी हमारी स्वस्थ जीवन शैली की यह कला आज पूरे विश्व में अपनायी जा रही है। 12 वर्ष पूर्व अपने निर्वाचित होते ही उन्होंने योगा दिवस को अंतर्राष्ट्रीय स्तर मनाने का आह्वान किया था, जिसे 170 देशों ने समर्थन दिया है। आज प्रधानमंत्री श्री मोदी 12 वर्षों के कार्यकाल के साथ सबसे लंबे समय तक लगातार



निर्वाचित प्रधानमंत्री है, इसी के साथ यह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भी 12 वां वर्ष है।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आगे कहा कि आज हमारे ऋषि मुनियों के पुण्य स्मरण का अवसर है, हम उनके सदा आभारी रहेंगे जिन्होंने सेहत के इस बहुमूल्य कला विकसित किया और हमें विरासत के रूप में सौंपा है। यह एक प्रमाणित विद्या है, जो सदियों से हमारे जीवनशैली का अभिन्न अंग रहा है। उन्होंने नियमित रूप से योगाभ्यास पर जोर देते हुए कहा कि योग निरोगी काया के साथ स्वस्थ चित्त का आधार है। सभी वर्ग के लोगों ने इसे अपनाया है।

पतंजलि योग समिति के वरिष्ठ योग प्रशिक्षक श्री सुरेश चन्द्रवंशी व अन्य प्रशिक्षकों ने योगाभ्यास कराया। प्रार्थना के साथ योग सत्र का आरंभ हुआ। योग प्रशिक्षकों ने अभ्यास सत्र के दौरान ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, वक्रासन, भुजंगासन, उत्तान मंडूकासन, मकरासन, उत्तानपाद आसन, पवन मुक्तासन, प्राणायाम सहित अन्य विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया और इनके लाभ के बारे में जानकारी दी गई। अंत ध्यान और प्रार्थना के साथ सत्र का समापन हुआ।

इस अवसर पर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री बिसेसर पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य श्री राम कुमार भट्ट, श्री नितेश अग्रवाल, श्री गोपाल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चन्द्र प्रकाश चंद्रवंशी, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, श्री मोतीराम चंद्रवंशी, कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बेहतर जीवन शैली के लिए योग



(लोकमाया न्यूज)।

**रिसाली।** बेहतर जीवन शैली के लिए योग आवश्यक है। योग शरीर को निरोग बनाने में सहायक है। नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा आयोजित बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग लंगर के योगाचार्य के मार्ग दर्शन में लगभग 250 लोगों ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम आरंभ करने से पहले महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सनीर साहू ने शुभकामनाएं देकर कार्यक्रम की शुरुवात की। बाद में योग लंगर मैदान में अशोक महेश्वरी के मार्ग दर्शन में योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर पूजा ललित चंद्राकर, पार्षद धर्मेंद्र भगत, डॉ. सीमा साहू, माया यादव, ममता सिन्हा, रमा साहू, सुनंदा चंद्राकर, सविता ढवस, मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू समेत बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे। आभार प्रदर्शन निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने की।

योग लंगर में नियमित अभ्यास करने वाले बच्चों ने योगा नृत्य किया। लगभग 15 मिनट के नृत्य में बच्चो ने संगीत में विभिन्न आसन दिखाए। प्रस्तुति के बाद अतिथियों ने बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने योग नियमित करने के लिए स्थल में मौजूद लोगों को शपथ दिलाई।

# भिलाई के स्केटर्स ने जीते ओपन नेशनल में मेडल




(लोकमाया न्यूज)।

**भिलाई।** कोलकाता में हुई रोलर स्केटिंग के ऑल इंडिया ओपन स्पीड स्केटिंग चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ के स्कैटर्स ने 15 से ज्यादा मैडल हासिल कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। इस ओपन स्कैटिंग चैम्पियनशिप में भिलाई से 8 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था और सभी ने मैडल जीते। सालभर की मेहनत और चोटिल होकर भी खिलाड़ियों ने अपने हौसले से सफलता का यह मुकाम हासिल किया। इस ओपन नेशनल में बतौर ऑफिशियल और छत्तीसगढ़ में स्कैटिंग को पहचान दिलाने वाले कोच दलजीत सिंह ने कहा कि इस चैम्पियनशिप में देशभर से 4 सौ ज्यादा खिलाड़ी शामिल हुए थे, जिसमें भिलाई के खिलाड़ियों ने बेहतरीन परफार्मेंस दिया। इधर खिलाड़ियों ने बताया कि इस चैम्पयिनशिप के लिए वे पिछले 2 महीने से रोजाना सुबह 4 बजे से रोड रेस और दो घंटे रिंग में प्रैक्टिस करते थे। देखिए मैडल जीतने के बाद कितना उत्साह खिलाड़ियों में नजर आया।

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की संवेदनशील पहल से दिव्यांग जीवराखन पटेल को मिली स्कूटी, एक दिन में पूरी हुई मांग

(लोकमाया न्यूज)।

**कवर्धा।** संवेदनशील जनसेवा और त्वरित समाधान की मिसाल पेश करते हुए उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा ने दिव्यांग हितग्राही की मांग को केवल सुना ही नहीं, बल्कि एक दिन के भीतर पूरा भी कराया। ग्राम लाड़नपुर निवासी दिव्यांग श्री जीवराखन पटेल ने आवागमन और रोजगार में हो रही कठिनाइयों को लेकर स्कूटी की मांग रखी थी, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अगले ही दिन उन्हें स्कूटी उपलब्ध कराई गई। आज कवर्धा विधायक कार्यालय में उप मुख्यमंत्री ने जीवराखन पटेल को स्कूटी प्रदान



की। कबीरधाम जिले के ग्राम नेऊरगांव खुर्द में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ग्राम लाड़नपुर निवासी दिव्यांग श्री जीवराखन पटेल ने उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा से मुलाकात कर आवागमन में होने वाली कठिनाइयों के बारे में बताया था। उन्होंने अपनी दैनिक गतिविधियों और रोजगार से जुड़े कार्यों में सुविधा के लिए सहायक उपकरणयुक्त स्कूटी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उप मुख्यमंत्री ने उनकी समस्या को गंभीरता से सुना और तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश। उनकी संवेदनशील पहल का परिणाम रहा कि सिर्फ एक दिन के भीतर जीवराखन पटेल को विधायक कार्यालय, कवर्धा में स्कूटी प्रदान कर दी गई। स्कूटी प्राप्त करने के बाद जीवराखन पटेल की खुशी देखते ही बन रही थी। उन्होंने उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने घर के लिए एक छोटी फोटो फ्रेमिंग की दुकान संचालित करते हैं। अब स्कूटी मिलने से न केवल उनके व्यक्तिगत आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि व्यवसाय को आगे बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। इससे वे अधिक आत्मनिर्भर होकर अपने कार्यों का विस्तार कर सकेंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने जीवराखन पटेल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्कूटी का उपयोग करते समय यातायात नियमों का पालन, अपनी तथा अन्य लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखने और हेलमेट का नियमित उपयोग करने की

# जो बुझ गये ,वो सारे चिराग़ थे.,हम पे हवाओं का बस नहीं.,हम तो रौशनी हैं!


## -सियासी हवा का रुख भांपने व बदलने में कुछ सियासतदानों को महारत हासिल है।ये ऐसी रौशनी हैं , जिनके साये में भाजपा सत्ता में मजबूत पकड़ बनाने में कामयाब रही है ।

- मंत्रिमंडल में फेरबदल की सुगबुगाहट।
- सामूहिक इस्तीफे की तैयारी ।

लोकमाया न्यूज ।








**धमतरी ( सुनील शर्मा )।** मंत्री बनना बड़ी बात नहीं है, जिम्मेदारी को निभाना बड़ी बात है..यह फ़लसफ़ा कुरूद विधायक अजय चंद्राकर पर सटीक बैठती है।जो छग की सियासत में एक मुकम्मल रौशनी हैं ।छग के सियासी गलियारे में इन दिनों मंत्रिमंडल के फेरबदल पर बड़े अपडेट की चर्चा होने लगी हैं। कहा जा रहा,4-5 मंत्रियों की कुर्सी पर खतरा मंडरा रहा है।संगठन की रिपोर्ट के बाद बड़ा फैसला हो सकता है ।दरअसल छग सरकार के मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा हो रहीं हैं। विभागों की रिपोर्ट कॉर्ड तैयार किए जा रहे ।जिसके बाद भाजपा संगठन फैसला लेगी ।माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल में कुछ अनुभवी शामिल हो सकते हैं हालांकि यह अभी तक सिर्फ़ कयासों में है .. लेकिन कुछ मंत्रियों को हटाने की चर्चा होने लगी है।

गौरतलब है कि पिछले कुछ माह से साय सरकार के मंत्रियों को हटाने की चर्चा सियाडी गलियारों में चल रही है। भाजपा संगठन के नए विस्तार, निगम-मंडलों में नियुक्ति और स्थानीय निकायों में सियासी संतुलन को भी इससे जोड़कर देखा जा रहा । जबकि वैसे पार्टी के रुख से यह साफ है कि संगठन व सरकार जल्दबाजी में नहीं है। सोच समझ कर कोई फैसला ले रही है। सूत्रों के मुताबिक अगले 2-3 माह तक किसी बड़े फेरबदल की उम्मीद नहीं है। फिलहाल संगठन।( भाजपा )का फोकस मंत्री विधायकों के कामकाज, विभागीय उपलब्धियों और जनहित योजनाओं को फलीभूत करने पर टिका है।

### एलर्ट मोड पर है, भाजपा

दरअसल जीरो टॉलरेंस के वादे के साथ सत्ता में आई है ,भाजपा ! छग में सरकार बनने के 2 साल बाद से सभी विभागों के कामकाज पर लगातार नजर रखी जा रही । केंद्र और छग सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जमीनी प्रगति, बजट का उपयोग, सरकारी घोषणाओं पर अमल समेत जनता से जुड़ी समस्याओं के समाधान के आधार पर विभागों का मूल्यांकन किया जा रहा है। जिन विभागों का फीडबैक संतोषप्रद नहीं आएगा, वहां अफसरों और जिम्मेदार पदों पर बदलाव किए जाने की ज्यादा संभावनाएं हैं।। विधायकों के कामकाज पर पार्टी की खुफिया नजरें बनी हुई हैं। पार्टी एलर्ट मोड पर है ।मंत्री -विधायकों को चेताया भी गया है। पार्टी का रुख साफ़ है ,खराब प्रदर्शन वाले नेताओं पर कार्रवाई हो सकती है ।

### दारोमदार..रिपोर्ट कार्ड पर

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा अलग अलग माध्यमों व सर्वे दलों के जरिए विधायक और मंत्रियों का ढाई साल का रिपोर्ट कार्ड तैयार कराए जाने की पुख्ता खबरें हैं।। मैनपाट की बैठक में ऐसे ही परफॉर्मेंस कॉर्ड के जरिए विधायक और मंत्रियों को हिदायतें दी गई थीं। सूत्रों की मानें तो अब बढ़ती शिकायतें , कमीशनखोरी व मंत्रियों के विभागों के कामकाज की रिपोर्ट देखकर शीर्ष नेतृत्व नाराज़ चल रही है ।ऐसे लोगों की छुट्टी तय बताई जा रहीं। पार्टी छग में भी गुजरात मॉडल अपना सकती है। चर्चा है,सामूहिक इस्तीफे हो सकते हैं। 13 में से 4-5 चेहरे बदले जाएंगे .. उनकी जगह लेंगे कुछ पुराने .. कुछ नए नवेले सियासतदां .! नितिन नबीन की नई राष्टीय टीम के फाइनल होने का इंतजार है। पश्चात जुलाई के पहले या दूसरे हफ्ते में छग मंत्रिमंडल पर फैसला आ सकता है। तभी साफ़ होगी,मंत्रीमंडल की नई तस्वीर ।फिलहाल जून की गर्मी में छग की सियासी गर्माहट बढ़ गई हैं।

### अटकलों का दौर ..बदली हुई है .,सियासी-फ़िज़ा-

उल्लेखनीय रहे कि छग में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर अटकलों का दौर चल रहा है ।इस बीच पुराने दिग्गज नेता विधायक अमर अग्रवाल , अजय चंद्राकर, राजेश मूणत , लता उसेंडी सहित नए -पुराने नेताओं को फ़ेरबदल में मंत्री पद से नवाजे जाने की खबरें मिल रही हैं। सूत्रों बताते हैं कि पार्टी नेतृत्व राज्य के सभी 13 मंत्रियों से सामूहिक इस्तीफा ले सकता है। इसके बाद नए सिरे से मंत्रिमंडल का गठन होगा। काफ़ी हद तक अमर अग्रवाल, अजय चंद्राकर मंत्री मंडल की रेस में शुरु से बने रहे हैं ।ये न सिर्फ़ पार्टी के चिराग़ हैं..वरन ऐसी रौशनी कहे जाते हैं , जिनके साये तले भाजपा ..सत्ता में मजबूत पकड़ रखने में कामयाब रही है। सियासी हवा का रुख भांपने व बदलने में इन्हें महारत भी हासिल है। लिहाजा मंत्रीमंडल के फ़ेरबदल में ये दो नाम( अमर -अजय) शुमार दिखाई दे सकते हैं। बहरहाल पार्टी के भीतर नए मंत्रियों के नामों को गोपनीयता बरती जा रहीं ।जैसे खुद नितिन नबीन को भी पद मिलने की जानकारी नहीं थी। पीएम मोदी के फोन के बाद जिम्मेदारी का पता चला। ऐसे ही छग में किसकी कुर्सी जाएगी .. और किसे पद से नवाज़ा जाएगा.,यह भी आखिरी वक्त में ही साफ़ हो पाएगा ।

---

## संक्षिप्त समाचार

### पाइप फोड़ने पर ठेकेदार पर लगी पेनाल्टी

**धमतरी।** फोरलेन सड़क निर्माण शुरू होने से पहले पाइप लाइन टेस्टिंग के नाम पर राइजिंग पाइप को नुकसान पहुंचाने वाले ठेकेदार पर निगम प्रशासन ने 1.20 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई है। क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को सुधारने में आया पूरा खर्च ठेकेदार पेनाल्टी के रूप में देगा। बीते 13 जून को दानीटोला में शांति घाट के सामने फोरलेन निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों ने जेसीबी चलाकर मेन पेयजल पाइप लाइन फोड़ दी थी। सड़क बनने से पहले पाइप लाइन का टेस्ट करते समय पाइप फूटी थी।शहर में 2 दिन तक पेयजल आपूर्ति बाधित रही। वार्डवासियों को स्पॉट सोर्स के तहत मोटर पंपों पर निर्भर रहना पड़ा।

जल सभापति अखिलेश सोनकर ने बताया कि राइजिंग पाइप फूटने से शहर की सभी 10 ओवरहेड पानी टंकियां सीधे प्रभावित हुईं। इन्हीं राइजिंग पाइप से टंकियां भरी जाती हैं। पाइप लाइन सुधारने के लिए रायपुर से सामान मंगाया गया। रातभर मरम्मत चली। दूसरे दिन देर शाम सुधार हुआ। तब जाकर शहरवासियों को पानी मिला। इसी आधार पर निगम ने फोरलेन ठेकेदार को 1.20 लाख रुपए की पेनाल्टी का नोटिस जारी किया है। यह खर्च निगम ने किया। डिप्टी कमिश्नर पीसी सार्वा ने कहा, यह राशि ठेकेदार से पेनाल्टी के रूप में वसूली जाएगी।

---

# सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के लिए महासमुंद से 20 विशिष्ट जनों का दल रवाना

- विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा ने साल भेंट कर किया सम्मान, यात्रा के लिए दी शुभकामनाएं

लोकमाया न्यूज ।



**महासमुंद।** देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के लिए महासमुंद जिले से 20 विशिष्ट जनों का दल रायपुर रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन से रवाना हुआ।

आज सुबह 7 बजे जिले के कलाकारों, साहित्यकारों तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत विशिष्ट जनों को विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा ने रवाना किया। इस अवसर पर सभी यात्रियों को साल भेंट कर सम्मानित किया गया और सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

यात्रा का शुभारंभ 22 जून को सुबह 11 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन से मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। यात्रा के दौरान सोमनाथ में कलश यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंदिर दर्शन एवं विशिष्ट जनों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित होंगे।

नोडल अधिकारी श्री रेखराज शर्मा ने बताया कि यात्रा से जिले के 20 विशिष्ट जनों को सोमनाथ दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है। इस यात्रा में राज्यभर से लगभग 1000 लोग शामिल होंगे। वापसी 26 जून को होगी।

इस अवसर पर कलेक्टर परिसर में स्काउट गाइड संघ के जिलाध्यक्ष श्री येतराम साहू ने सभी यात्रियों से मुलाकात कर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

उल्लेखनीय है कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व देश की सांस्कृतिक विरासत और गौरव को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। यात्रियों ने कहा कि यह यात्रा भारतीय संस्कृति, आस्था और गौरव से जुड़ने का एक विशेष अवसर है। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन से उन्हें आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त होगा और देश की गौरवशाली विरासत को करीब से जानने का अवसर मिलेगा।

---

# महासमुंद में बाल श्रम का खुलासा, वर्णिका शर्मा के एक्शन से 6 बच्चों का रेस्क्यू

लोकमाया न्यूज ।




**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में बाल श्रम का खुलासा हुआ है। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ वर्णिका शर्मा की सक्रियता से 6 बच्चों का सफल रेस्क्यू किया गया। ये सभी बच्चे बैंड पार्टी के साथ श्रम के लिए ले जाए जा रहे थे। छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉक्टर वर्णिका शर्मा महासमुंद के दौरे पर थे। इसी दौरान उन्होंने सड़क पर एक पिकअप वाहन में कुछ बच्चों को संदिग्ध परिस्थितियों में जाते देखा। पूछताछ करने पर पता चला कि बैंड पार्टी द्वारा छह नाबालिग लड़कों को काम के लिए ले जाया जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉ। वर्णिका शर्मा स्वयं करीब आधे घंटे तक मौके पर मौजूद रहीं और पूरे घटनाक्रम की निगरानी करती रहीं।

वर्णिका शर्मा ने तत्काल स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट (एसजेपीयू), जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) और जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीओ) को तलब किया। तीनों टीमों को मौके पर बुलाया गया। उसके बाद तुरंत एक्शन लिया गया। अधिकारियों की संयुक्त टीम ने सभी छह बच्चों का रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित तुमगांव थाना पहुंचाया। बाल श्रम में इस्तेमाल किए गए पिकअप वाहन के ड्राइवर तथा संबंधित बैंड पार्टी के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं। इस पूरे मामले में बाल अधिकार संरक्षण नियम, 2005 की धारा 13 और धारा 14 के तहत संज्ञान लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

डॉक्टर वर्णिका शर्मा, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने कहा कि बाल श्रम जैसी गंभीर सामाजिक बुराई के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चाइल्डलाइन और संबंधित विभागों को लगातार निगरानी एवं निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे इस तरह की घटना दोबारा न हो। बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन का अधिकार प्राप्त है तथा उन्हें श्रम में लगाना कानूनन अपराध है। बच्चों के अधिकारों की रक्षा और बाल श्रम उन्मूलन के लिए आयोग पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

समाज के सभी वर्गों को बाल श्रम के खिलाफ जागरूक होकर आगे आना होगा, ताकि बच्चों का बचपन सुरक्षित रह सके। बच्चों को शिक्षा और बेहतर भविष्य का अवसर मिल सके। इस कार्रवाई को जिले में बाल अधिकारों की रक्षा की दिशा में अहम पहल माना जा रहा है।

---

# बलौदाबाजार में 6 क्रेशर सीलबंद



- सारंगढ़-बिलाईगढ़ में अवैध रेत उत्खनन में प्रयुक्त चैन माउंटेन जब्त
- ड्रोन सर्वे के माध्यम से की गई जांच, खनिज विभाग की केंद्रीय उड़नदस्ता टीम ने की बड़ी कार्रवाइ

लोकमाया न्यूज ।

**बलौदाबाजार।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई हो रही है। शासन की मंशा खनिज संसाधनों के संरक्षण, उनके नियमानुसार उपयोग तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश सुनिश्चित करने की है।

इसी कड़ी में खनिज साधन के विभाग के सचिव और संचालक के निर्देशानुसार केंद्रीय खनि उड़नदस्ता की संयुक्त टीम ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर 21 एवं 22 जून 2026 को विभिन्न जिलों में औचक निरीक्षण एवं जांच अभियान चलाकर कार्रवाई की। इस दौरान जिला बलौदाबाजार के ग्राम खपरीडीह में गौण खनिज निम्न श्रेणी चूनापत्थर से संबंधित स्वीकृत अस्थायी भंडारण अनुज्ञप्ति स्थलों एवं खदानों का निरीक्षण किया गया। जांच में विभिन्न प्रकार की अनियमितताएं पाए जाने पर 06 क्रशर इकाइयों को सीलबंद किया गया तथा संबंधित संचालकों को जवाब प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी किए गए। इसी प्रकार जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के ग्राम दहिदा में महानदी क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक चैन माउंटेन मशीन द्वारा अवैध रूप से रेत उत्खनन किया जाना पाया गया। खनिज अधिनियम के प्रावधानों के तहत उक्त मशीन को जब्त कर आगामी आदेश तक सीलबंद किया गया। मशीन को मशीन ऑपरेटर की सुपुर्दगी में दिया गया है तथा मशीन स्वामी को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

उक्त सभी स्थलों की जांच एवं सत्यापन ड्रोन सर्वेक्षण तकनीक के माध्यम से भी किया गया, जिससे खनन गतिविधियों का सटीक आकलन सुनिश्चित किया जा सके। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि प्रदेश में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा खनिज संपदा के नियमानुसार उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

---

# ओडिशा से यूपी तक गांजा का साम्राज्य फैलाने वाला सरगना अरेस्ट

**महासमुंद, ( लोकमाया )।** पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने करीब 4 करोड़ 56 लाख कीमत का 912 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया था. इस पूरे नेटवर्क के मुख्य सरगना और फाइनेंसर विनय कुमार शर्मा उर्फ पंडित जी को यूपी के शामली से अरेस्ट किया गया है.आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर महासमुंद लाया गया है.

17 अप्रैल 2026 को बसना थाना पुलिस ने पलसापाली बैरियर पर नाकेबंदी के दौरान वाहन को पकड़ा था. वाहन में कच्चे केले की खेप के नीचे 29 प्लास्टिक बोरियों में छिपाकर 912.760 किलोग्राम गांजा रखा गया था, जिसकी कीमत लगभग 4.56 करोड़ रुपये आंकी गई थी. पुलिस ने मौके से चार फर्जी नंबर प्लेट भी बरामद किए थे. ये खेप ओडिशा के कंधमाल जिले से उत्तर प्रदेश के शामली भेजी जा रही थी.

### पूछताछ में नेटवर्क के सरगना का हुआ था खुलासा

तकनीकी जांच से सामने आया मास्टरमाइंड पुलिस की विवेचना, गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और मोबाइल, व्हाट्सएप और गूगल डेटा के सूक्ष्म तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि पूरे नेटवर्क का मुख्य रिसीवर और फाइनेंसर विनय शर्मा है.इसके बाद बसना थाना एवं एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की विशेष टीम को उत्तर प्रदेश भेजा गया, जहां 17 जून 2026 को आरोपी को शामली जिले के झिंझाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

---

# परिवहन विभाग ने की ई-चालान से संबंधित ऑनलाइन स्कैम से सतर्क रहने की अपील

लोकमाया न्यूज ।

**महासमुंद।** राज्य में आरटीओ ई-चालान से संबंधित ऑनलाइन स्कैम के मामले सामने आने के बाद परिवहन विभाग ने आम नागरिकों को सतर्क रहने की अपील की है। विभाग द्वारा बताया कि फर्जी ई-चालान संदेश भेज कर लोगों को ट्रैफिक नियम उल्लंघन का भय दिखाकर लिंक पर क्लिक करने के लिए प्रेरित किया जाता है, जिसके माध्यम से व्यक्तिगत जानकारी और बैंक खाते से धनराशि की चोरी की जा सकती है।

परिवहन विभाग ने बताया कि नागरिक किसी भी संदिग्ध लिंक, एप फाइल या व्यक्तिगत मोबाइल नंबर से प्राप्त संदेशों में दिए गए लिंक द्धह्लह्लश्चह्य=//द्बठ्ठद्म.द्बठ्ठद्म/स्नद्दद्दद्दद्द2 पर क्लिक न करें। वास्तविक ई-चालान की जानकारी केवल आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। वाहन स्वामी अपने चालान की जांच के लिए आधिकारिक पोर्टल द्धह्लह्लश्चह्य=//द्गष्द्धड्डद्यड्डठ्ठ.श्चड्डह्स्र1ड्डद्धड्डठ्ठ.द्दश1.द्धठ्ठ पर जाकर पे ऑनलाइन विकल्प का चयन करें, इसके बाद चालान नंबर और कैप्चा कोड दर्ज कर गेट डिटेल्स पर क्लिक करें। मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी सत्यापन के बाद चालान संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। विभाग द्वारा बताया गया है कि पुलिस एवं परिवहन विभाग के प्रवर्तन अमले द्वारा जारी किए जाने वाले सभी ई-चालान संदेश केवल आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से ही पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजे जाते हैं।

परिवहन विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी भी अजनबी को ऑनलाइन भुगतान न करें तथा बैंक खाते से संबंधित किसी भी लेन-देन में विशेष सावधानी बरतें। किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश, लिंक या मोबाइल एप्लीकेशन के संबंध में तत्काल निकटतम पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराएं।

---

# कॅरियर सेमिनार में छात्रों ने लिया हिस्सा

**धमतरी।** मराठा पारा स्थित पायनियर फाउंडेशन ऑफ हायर एजुकेशन द्वारा शनिवार को कॅरियर मार्गदर्शन सेमिनार हुआ। इसमें कक्षा 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएशन स्तर के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। मुख्य वक्ता करियर विशेषज्ञ मनीष कुमार यादव ने सही करियर चुनने के व्यावहारिक तरीके बताए। विषय विशेषज्ञ चंद्रेश श्रीवास्तव ने अलग-अलग प्रतियोगी परीक्षाओं की समीक्षा की।उन्होंने सरकारी, निजी क्षेत्रों की परीक्षाओं की तैयारी की रणनीति बताई। कार्यक्रम का संचालन करीना साहू ने किया। कार्यक्रम में योगेश श्रीवास्तव, राकेश साहू, शेष नारायण साहू, राधिका पटेल, आरती यादव, रेशमा, सुमन का योगदान रहा। संस्थान ने हर विद्यार्थी को पेन, डायरी दी।

---

# भारत की अमूल्य विरासत है.,योग: अजय

- 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ सामूहिक योग का आयोजन । नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

लोकमाया न्यूज ।





**धमतरी ।**12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर धमतरी में भव्य जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय स्थित हरदिहा साहू समाज भवन, रत्नाबांधा रोड पर आयोजित कार्यक्रम में हजारों लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक अजय चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लिया।योग प्रशिक्षक रेवती नेताम के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, पवनमुक्तासन, अर्धचक्रासन और शवासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। इसके साथ ही अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी और ध्यान की क्रियाएं भी कराई गईं।

### योग .. मन -आत्मा का समन्वय-अजय

मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर ने कहा कि योग भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का अमूल्य उपहार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज दुनिया के करोड़ों लोग इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं।उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के समन्वय का विज्ञान है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

### योग से बढ़ती है कार्यक्षमता-मेयर

मेयर जगदीश (रामू )रोहरा ने कहा कि योग स्वस्थ और सक्रिय जीवन का आधार है। नियमित योगाभ्यास से कार्यक्षमता बढ़ती है और मानसिक तनाव कम होता है। वहीं पूर्व विधायक रंजना साहू ने योग को भारतीय सनातन संस्कृति की अनुपम देन बताते हुए कहा कि यह मानव जीवन में अनुशासन, संतुलन और आत्मिक शांति स्थापित करता है।

### नशामुक्त भारत.. दिलाई शपथ

कार्यक्रम के समापन पर विधायक अजय चंद्राकर ने नशामुक्त भारत अभियान के तहत उपस्थित लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए योग और नशामुक्त जीवन दोनों आवश्यक हैं। प्रतिभागियों ने नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।जिलास्तरीय योग कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता ने योग के प्रति बढ़ती जागरूकता और स्वस्थ जीवन के प्रति लोगों की प्रतिबद्धता को दर्शाया।

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रा.नि.मं. चंदखुरी, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर**

// आम सूचना //

जारी दिनांक 15/06/2026

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक "शीतल डागा पति स्व. मनीष डागा निवासी रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम सेमरिया... प.ह.न. 01 राजस्व निरीक्षक मंडल चंदखुरी तहसील मंदिर हसौद स्थित भूमि खसरा नं हे. 895/1 रकबा क्रमश: 0.11 हे. भूमि का बटांकन / सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार मंदिर हसौद के ज्ञापन क्रमांक/ / वाचक/ तह. / 2026 मंदिर हसौद दिनांक 04/06/2026 के परिपालन में दिनांक 23/06/2026 को समय अपरान्ह 12 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अत: आवेदक एवं नजदीक के कृषकगण अपने दस्तावेज सहित निर्धारित दिनांक को स्थल पर उपस्थित होवें। उक्त बटांकन/ सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो वे उक्त बटांकन/ सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नं 01 के नरदहा.... स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरांत किसी दावा/ आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. चंदखुरी,
तहसील मंदिर हसौद

## संक्षिप्त समाचार

### अश्लील वीडियो वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर।** उत्तर बस्तर कांकेर जिले के बान्दे थाना पुलिस ने एक महिला का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। पुलिस मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने थाना बान्दे में शिकायत दर्ज कराई थी कि ब्रोजेन पाल निवासी बांदे और सागर काले निवासी पुणे ने उसके साथ अवैध संबंध बनाकर अश्लील फोटो और वीडियो तैयार किए। बाद में उसे बदनाम करने की नीयत से उन फोटो और वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर वायरल किया गया। शिकायत के आधार पर थाना बान्दे में अपराध क्रमांक 50/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 77, 79, 351(2), 3(5) तथा आईटी एक्ट की धारा 66(सी), 66(ई) और 67(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर के दिशा-निर्देश और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामचंद्र साहू के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए आरोपी ब्रोजेन पाल (30 वर्ष) निवासी बांदे को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है और अन्य आरोपी की भूमिका की भी जांच की जा रही है। कांकेर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध या आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। इसके लिए 94791 55125 हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है, जहां सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है।

### शुद्ध पेयजल के लिए सघन क्लोरीनेशन अभियान जारी, 28 हजार से अधिक हैंडपंप होंगे जीवाणुमुक्त



**जगदलपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जगदलपुर मंडल द्वारा बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिलों में सघन क्लोरीनेशन अभियान चलाया जा रहा है। वर्षा ऋतु के पूर्व शुरू किए गए इस अभियान के तहत स्थापित हैंडपंपों और नल जल योजनाओं का व्यापक स्तर पर क्लोरीनेशन किया जा रहा है। अभियान के दौरान मैदानी अमले द्वारा संबंधित क्षेत्रों के सभी गांवों में स्थापित पेयजल स्रोतों को जीवाणुरहित बनाने की प्रक्रिया की जा रही है। इसमें स्थानीय समुदाय की सहभागिता भी सुनिश्चित की गई है। जल प्रबंधन से अधिकतर महिलाओं के जुड़े होने के कारण महिला जल वाहिनी की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल और स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता श्री कैलाश मंडरिया ने बताया कि आगामी 30 जून तक चलने वाले इस अभियान के तहत बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिले के साढ़े 28 हजार से अधिक हैंडपंपों तथा एक हजार से अधिक नल जल योजनाओं के क्लोरीनेशन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य को समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। साथ ही जल प्रदाय योजनाओं की जलापूर्ति टंकियों की सफाई भी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि क्लोरीनेशन अभियान के साथ-साथ हैंडपंपों की संधारण स्थिति की भी निगरानी की जा रही है। अप्रैल माह से चलाए गए विशेष संधारण अभियान के तहत लगभग तीन हजार हैंडपंपों की मरम्मत की गई तथा 5 हजार 600 से अधिक राइजर पाइप बदले गए हैं। वर्तमान में भी लगभग साढ़े पांच हजार से अधिक राइजर पाइप और अन्य आवश्यक स्पेयर पार्ट्स जिलों को उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि आवश्यकता के अनुसार हैंडपंपों का सुधार कार्य जारी रखा जा सके।

### पीएटी और पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा हेतु तैयारी पूरी जिले के चार परीक्षा केंद्रों में होगी प्रवेश परीक्षा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापमं) द्वारा आयोजित की जाने वाली प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट (पीएटी) और प्री-वेटेरिनरी पॉलिटेक्निक टेस्ट (पीवीपीटी) प्रवेश परीक्षा रविवार 28 जून को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 01. 15 बजे तक निर्धारित किया गया है, जिसके सफल और शांतिपूर्ण संचालन के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। उक्त परीक्षा हेतु जगदलपुर शहर में कुल चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर कॉलेज धरमपुरा झाड़ा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा, शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय शांति नगर और शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल शामिल हैं। इन सभी परीक्षा केंद्रों पर कुल 933 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होंगे। इस परीक्षा में सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से ठीक ढाई घंटे पहले अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना अनिवार्य होगा, जहां मुख्य द्वार पर ही मेटल डिटेक्टर के माध्यम से सभी की सघन जांच की जाएगी। इसके बाद वहां तैनात वीक्षकों द्वारा परीक्षार्थियों के मूल प्रवेश पत्र और उनके साथ लाए गए किसी भी एक वैध पहचान पत्र के सत्यापन की कार्रवाई की जाएगी। नियमों के तहत परीक्षार्थियों को इंटरनेट से निकाला हुआ साफ-सुथरा मूल प्रवेश पत्र लाना जरूरी है और यदि किसी छात्र के प्रवेश पत्र में फोटो स्पष्ट नहीं है, तो उन्हें अपने साथ वर्तमान समय की दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो लाने के निर्देश दिए गए हैं।

## विधायक नीलकंठ टेकाम ने पुनर्वास केंद्र का किया अवलोकन, युवाओं से जाना बदलाव का सफर



लोकमाया न्यूज ।

**बीजापुर।** बीजापुर प्रवास के दौरान विधायक नीलकंठ टेकाम ने जिले के पुनर्वास केंद्र का अवलोकन कर वहां रह रहे पुनर्वासित युवाओं से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने युवाओं की दिनचर्या, खान-पान, प्रशिक्षण गतिविधियों तथा पुनर्वास के बाद उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। पुनर्वास केंद्र पहुंचने पर मुख्यधारा में शामिल हो चुके युवाओं ने विधायक श्री टेकाम का आत्मीय स्वागत किया। युवाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पुनर्वास कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें समाज की मुख्यधारा से जुड़ने, आत्मनिर्भर बनने और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिला है। उन्होंने शासन एवं प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया। विधायक श्री नीलकंठ टेकाम ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि समाज की मुख्यधारा में लौटना एक साहसिक और सकारात्मक निर्णय है। उन्होंने युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उनके जीवन में आया यह परिवर्तन अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने युवाओं को निरंतर आगे बढ़ने, शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों का लाभ उठाकर अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित किया। अवलोकन के दौरान विधायक ने पुनर्वास केंद्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया और युवाओं को प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से पुनर्वासित युवाओं के समग्र विकास एवं आत्मनिर्भरता के लिए संचालित गतिविधियों के संबंध में चर्चा की तथा आवश्यक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री विश्वदीप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमन झा सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने विधायक को पुनर्वास केंद्र की कार्यप्रणाली, युवाओं के लिए संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा पुनर्वास से जुड़े विभिन्न प्रयासों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान सौहार्दपूर्ण एवं प्रेरणादायी वातावरण देखने को मिला। विधायक श्री टेकाम ने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। पुनर्वासित युवाओं के साथ उनका यह संवाद समाज में सकारात्मक परिवर्तन और पुनर्वास की सफलता का एक प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आया।

## विश्व योग दिवस पर बचेली परिसर में सामूहिक योगाभ्यास, 250 कर्मचारियों ने लिया भाग









### योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश, परियोजना प्रमुख सहित वरिष्ठ अधिकारियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

लोकमाया न्यूज ।

**बचेली।** विश्व योग दिवस के अवसर पर एनएमडीसी बचेली परिसर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 250 कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) महेश एस. नायर, विभिन्न विभागाध्यक्षों तथा यूनियन पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने तथा तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का समापन सभी कर्मचारियों द्वारा नियमित योगाभ्यास करने एवं योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

## योग से स्वस्थ तन-मन का संदेश: बीजापुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम सम्पन्न

लोकमाया न्यूज ।



**बीजापुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला संसाधन केंद्र (डीपीआरसी) बीजापुर में जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों और पुनर्वासित युवाओं ने सहभागिता कर योग के प्रति अपनी जागरूकता एवं प्रतिबद्धता का परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्री नीलकंठ टेकाम ने दीप प्रज्वलन एवं योगाभ्यास के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास स्वस्थ और संतुलित जीवन की आधारशिला है।

विधायक श्री टेकाम ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग तनावमुक्त रहने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा शरीर को स्वस्थ रखने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। उन्होंने लोगों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन से ही समृद्ध समाज एवं राष्ट्र का निर्माण संभव है इस दौरान उपस्थित जनसमूह को विधायक श्री नीलकंठ टेकाम ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री विश्वदीप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमन झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री चंद्रकांत गवर्ना,अपर कलेक्टर श्री भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर श्री जागेश्वर कौशल एवं श्री उत्तम सिंह पंचारी सहित जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, वन विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की गतिविधियों का अभ्यास किया। विशेष रूप से पुनर्वासित युवाओं ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उनकी सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायी बना दिया। कार्यक्रम के दौरान योग के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली और मानसिक संतुलन बनाए रखने में योग की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला। अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास करने तथा अपने परिवार एवं समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का यह आयोजन स्वास्थ्य, सामूहिक सहभागिता और सकारात्मक जीवनशैली के संदेश के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## सीएम हेल्पलाइन 1076 से मिला त्वरित समाधान: वार्ड 10 में हटाया गया अतिक्रमण, शिकायतकर्ता ने जताया संतोष

लोकमाया न्यूज ।



**बीजापुर।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में दर्ज शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर पालिका परिषद बीजापुर ने वार्ड क्रमांक 10 स्थित चट्टानपारा क्षेत्र में सामुदायिक भवन के समीप किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाकर शिकायत का सफल निराकरण किया। कार्रवाई के बाद शिकायतकर्ता ने संतोष व्यक्त करते हुए प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद का आभार प्रकट किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीजापुर निवासी श्री सुनील झाड़ी ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराते हुए शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण की जानकारी दी थी। शिकायत प्राप्त होने के बाद नगर पालिका परिषद द्वारा नियमानुसार कई बार अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किए गए। इसके पश्चात निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए नगर पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की।

शिकायतकर्ता द्वारा ऑडियो संदेश के माध्यम से क्षेत्र में स्थित एक पुराने कुएं को पाटे जाने संबंधी शिकायत भी की गई थी। इस संबंध में नगर पालिका द्वारा विस्तृत जांच कराई गई। जांच में पाया गया कि लगभग 15 फीट का उक्त छोटा कुआं बरसाती नाले के समीप पहाड़ी ढलान वाले दुर्घटनाजन्य स्थल पर स्थित था। स्थानीय निवासियों ने सुरक्षा कारणों से पूर्व में ही उसे पाट दिया था। जांच के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि वर्तमान में क्षेत्र के रहवासियों को नगर पालिका द्वारा नल-जल योजना के माध्यम से नियमित पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उक्त कुएं की उपयोगिता समाप्त हो चुकी है। स्थल की वर्तमान परिस्थितियों का मूल्यांकन करने के बाद यह पाया गया कि कुएं के पुनर्स्थापन अथवा अन्य किसी प्रकार के निस्तारण की आवश्यकता नहीं है। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने बताया कि शिकायतकर्ता द्वारा वर्ष 2019 से विभिन्न माध्यमों के जरिए इस विषय से संबंधित शिकायतें की जा रही थीं। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज शिकायत पर की गई प्रभावी कार्रवाई के बाद अब मामले का पूर्ण निराकरण कर दिया गया है।

कार्रवाई से संतुष्ट शिकायतकर्ता श्री सुनील झाड़ी ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 की उपयोगिता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जिला प्रशासन और नगर पालिका परिषद बीजापुर के प्रति आभार व्यक्त किया। यह कार्रवाई दर्शाती है कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान का एक प्रभावी माध्यम बन रही है तथा शासन-प्रशासन जनशिकायतों के निराकरण के प्रति गंभीर और संवेदनशील है।

## पीएम किसान उत्सव दिवस पर में जैविक कृषि कार्यशाला एवं कृषक सम्मेलन सम्पन्न

लोकमाया न्यूज ।



**बीजापुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 20 जून 2026 को 23वीं किस्त जारी की गई। इसके तहत बीजापुर जिले के 16,693 किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 3.34 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की गई। पीएम-किसान योजना के अंतर्गत पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। इस अवसर पर कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में कृषि विज्ञान केंद्र, बीजापुर में पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया गया तथा जैविक कृषि कार्यशाला सह कृषक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 400 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रधानमंत्री द्वारा किसान सम्मान निधि की राशि जारी करने के कार्यक्रम का जीवंत प्रसारण देखा। कार्यक्रम में बीआरसी समूह, एफपीओ, कृषि विज्ञान केंद्र, उद्यानिकी विभाग एवं पशुपालन विभाग द्वारा कृषि आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ लघु वनोपज समिति के अध्यक्ष श्री रूपसाय सलाम ने कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने किसानों को सुगंधित धान बीज, ढैंचा बीज, स्प्रिंकलर पाइप सेट सहित विभिन्न कृषि आदान एवं उपकरणों का वितरण भी किया। अपने संबोधन में रूपसाय सलाम ने समन्वित कृषि, जैविक खेती तथा लघु वनोपज आधारित आजीविका को बढ़ावा देने पर बल देते हुए किसानों को आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियां अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं कलेक्टर श्री विश्वदीप ने किसानों को नारियल एवं ऑयल पाम की खेती अपनाने, समय पर खाद-बीज का उठाव करने तथा विभागीय योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उप संचालक कृषि श्री प्रताप सिंह कुशरे ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए किसानों को योजनाओं से जुड़कर आय बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यशाला के दौरान जिले के कृषकों ने जैविक खेती के प्रति विशेष रुचि दिखाई और इसे अपनाने की इच्छा व्यक्त की।

## भैरमगढ़ जलाशय जीर्णोद्धार कार्य 69 प्रतिशत पूर्ण, 93 किसानों को मिलेगा लाभ

लोकमाया न्यूज ।

**बीजापुर।** जल संसाधन संभाग बीजापुर के अंतर्गत भैरमगढ़ जलाशय के जीर्णोद्धार एवं नहर मरम्मत कार्य तेजी से प्रगति पर है। इस महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना की अनुबंध राशि 267.88 लाख रुपये है तथा कार्यारंभ 17 दिसंबर 2025 से किया गया है। विभागीय जानकारी के अनुसार परियोजना का लगभग 69 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। योजना के तहत जलाशय एवं नहरों के सुदृढ़ीकरण से क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। परियोजना की रूपांकित सिंचाई क्षमता 134 हेक्टेयर है। योजना पूर्ण होने के पश्चात भैरमगढ़ क्षेत्र के लगभग 93 कृषकों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। इसके माध्यम से 134 हेक्टेयर कृषि भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे किसानों की फसल उत्पादन क्षमता में वृद्धि होने की संभावना है। इसके अलावा जलाशय के जीर्णोद्धार से जल संवर्धन, भू-जल पुनर्भरण तथा निस्तारी की सुविधाएं भी बेहतर होंगी। यह परियोजना क्षेत्र में कृषि विकास के साथ-साथ जल संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## नशामुक्त बीजापुर का संकल्प: जिला कार्यालय में अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली नशा त्याग की शपथ

लोकमाया न्यूज ।





**बीजापुर।** जिले में नशामुक्त समाज के निर्माण एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला कार्यालय परिसर में नशामुक्त बीजापुर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री भूपेन्द्र अग्रवाल एवं संयुक्त कलेक्टर श्री जागेश्वर कौशल ने उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। शपथ के दौरान सभी प्रतिभागियों ने स्वयं नशे से दूर रहने, अपने परिवार एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली को अपनाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए गंभीर चुनौती है। इससे न केवल स्वास्थ्य प्रभावित होता है, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जनभागीदारी और सतत जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशे के दुष्परिणामों तथा इसके सामाजिक प्रभावों की जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक करने में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखकर ही स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध समाज की स्थापना की जा सकती है। जिला कार्यालय में आयोजित इस शपथ कार्यक्रम के माध्यम से नशामुक्त बीजापुर अभियान को नई ऊर्जा मिली। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जिले को नशामुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने तथा जनजागरूकता गतिविधियों में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में जिला कार्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

## उरगा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: चोरी के दो मामलों का खुलासा, 7 लाख का वाहन बरामद



**कोरबा**। कोरबा पुलिस के सजग कोरबा-सतर्क कोरबा अभियान के तहत थाना उरगा पुलिस ने चोरी के दो मामलों का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पहले मामले में प्रार्थिया संतोषी साहू के घर में हुई चोरी के आरोप में पुलिस ने ग्राम लालमाटी निवासी 19 वर्षीय युवराज कुमार कंवर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चांदी का करधन सहित अन्य सामान बरामद किया गया। वहीं दूसरे मामले में टाटा मैजिक वाहन चोरी के आरोप में नोन्दीरी निवासी 20 वर्षीय करन भारद्वाज को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से करीब 7 लाख रुपये कीमती वाहन बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया है। दोनों मामलों में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## सीएसईबी का ऐश डैम टूटा इलाके में मचा हड़कंप



**कोरबा**। जिले में एक बड़ा हादसा सामने आया है, जहां बींजजपेहंती ैजंजम म्सममबजतपबपजल ठवंतक (सीएसईबी) के गोढ़ी स्थित ऐश डैम का एक हिस्सा अचानक टूट गया। घटना के बाद आसपास के क्षेत्रों में हड़कंप मच गया और बड़ी मात्रा में राखड़ मिश्रित पानी फैल गया। स्थानीय लोगों के अनुसार डैम की खराब स्थिति को लेकर लंबे समय से शिकायतें की जा रही थीं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने समय रहते मरम्मत और सुरक्षा उपायों पर ध्यान नहीं दिया। इसके चलते यह हादसा हुआ। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। लोगों का आरोप है कि डैम की सुरक्षा और गुणवत्ता को लगातार नजरअंदाज किया गया। अब पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग उठ रही है। फिलहाल विद्युत कंपनी की ओर से आधिकारिक बयान का इंतजार है, वहीं प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# योग को दैनिक जीवन में अपनाकर स्वस्थ, सशक्त एवं विकसित समाज के निर्माण का करें संकल्प : मंत्री खुशवंत साहेब

लोकमाया न्यूज।

### स्वस्थ जीवन के लिए योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं : महापौर संजू देवी राजपूत





**कोरबा**। बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कोरबा नगरीय क्षेत्र स्थित लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर कन्वेंशन हॉल में जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के मंत्री गुरु खुशवंत साहेब मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंत्री खुशवंत साहेब ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों के साथ विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया तथा योग के महत्व और उससे होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी। उन्होंने सभी से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में महापौर संजू देवी राजपूत, कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश नाग, अपर कलेक्टर ओंकार यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में मंत्री खुशवंत साहेब ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा की अमूल्य देन है, जिसने आज संपूर्ण विश्व को स्वस्थ जीवन, मानसिक संतुलन और आत्मिक शांति का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में बढ़ते तनाव, चिंता और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के बीच योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। मंत्री खुशवंत साहेब ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है, जो व्यक्ति के शरीर, मन और बुद्धि के संतुलित विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है और आज विश्व के करोड़ों लोग इससे लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास और युवाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। कौशल विकास के साथ-साथ युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और मानसिक दृढ़ता का विकास भी आवश्यक है, जिसमें योग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मंत्री खुशवंत साहेब ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखें, बल्कि प्रतिदिन योग कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं तथा परिवार और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने नशामुक्त, स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण तथा विकसित भारत एवं विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लेने का आह्वान किया।

महापौर राजपूत ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग बहुत जरूरी है।शारीरिक रूप से भाग दौड़ की जिंदगी में नाना प्रकार की बीमारियों से बचे रहने के लिए योग बहुत फायदेमंद है। इससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री साय के निर्देशन में पूरे देश सहित राज्य मे योग दिवस मनाया जा रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह संपन्न

लोकमाया न्यूज।



**कोरबा**। मारवाड़ी युवा मंच दर्री-जमनीपाली द्वारा सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, प्रगतिनगर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं मंच पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया तथा योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय संयोजक एवं निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल जी, प्रांतीय संयोजक विकास अग्रवाल जी, प्रांतीय चेयरमैन अरुण केडिया जी, शाखा अध्यक्ष आशीष अग्रवाल जी, पूर्व अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल जी, विद्यालय के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण जायसवाल जी,योग प्रशिक्षक आचार्य चंद्रपाल यादव जी, आचार्यगण दुर्गा प्रसाद नामदेव जी, अशोक कुमार चंद्रवंशी जी,ललित तिवारी जी,मुरारी साहू जी,ज्ञानेश्वर दास कुलदीप जी, शैल कैवर्त जी, बिंदु जायसवाल जी,सुसोनी महंत जी, सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

अपने उद्बोधन में मनीष अग्रवाल जी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा की अमूल्य धरोहर है,जो मनुष्य को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाती है। वर्तमान समय में स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए योग को अपनी दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बनाना आवश्यक है।

विद्यालय के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण जायसवाल जी ने अपने संबोधन में कहा कि योग विद्यार्थियों में अनुशासन, एकाग्रता, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच का विकास करता है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं तथा भारतीय संस्कृति के प्रति गर्व की भावना जागृत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान मारवाड़ी युवा मंच दर्री-जमनीपाली द्वारा विद्यालय के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण जायसवाल जी, योग प्रशिक्षक चंद्रपाल यादव जी एवं योग प्रदर्शन में उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय देने वाले तीन छात्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंच ने उनके उत्कृष्ट योगदान, अनुकरणीय प्रदर्शन एवं योग के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का वातावरण योग, स्वास्थ्य एवं सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। अंत में सभी उपस्थितजनों ने नियमित योग करने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## एसईसीएल केंद्रीय महामंत्री नाथूलाल पांडे का कोरबा संभाग में सघन दौरा, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत



लोकमाया न्यूज।

**कोरबा**। केंद्रीय महामंत्री एसईसीएल सह जेबीसीसीआई मेंबर नाथूलाल पांडे जी का कोरबा संभाग के अंतर्गत दीपिका, गेवरा, कुसमुंडा एवं कोरबा क्षेत्र का सघन दौरा किया गया अपनी इस महत्वपूर्ण दौरे में गेवरा दीपिका क्षेत्र में दीपिका चैक के पास फूल माला एवं बुके से भव्य स्वागत किया गया वहां से आगे बढ़ते हुए कुसमुंडा शिव मंदिर चैक विकास नगर में कुसमुंडा क्षेत्र के पदाधिकारी द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया तत्पश्चात कोरबा क्षेत्र में भी कोरबा क्षेत्र एवं सीईडब्ल्यूएस कोरबा के पदाधिकारी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कोरबा क्षेत्र का उनका या दौरा संघटनात्मक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है अपने दौरे के दौरान उन्होंने गेवरा दीपका क्षेत्र कुसमुंडा क्षेत्र एवं कोरबा क्षेत्र में अलग-अलग क्षेत्रीय संगठन कार्यालय मे क्षेत्रीय पदाधिकारीयों के साथ संगठनात्मक संक्षिप्त बैठक भी लिया गया।

अपने इस दौरे के दरमियान नाथू लाल पांडे जी एवं चारों क्षेत्र के पदाधिकारी के साथ कोयला मजदूर सभा के केंद्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष एवं कोरबा संभाग प्रभारी केदारनाथ अग्रवाल के पूज्य भाई रामकिशन अग्रवाल जी के देहावसान पर पूरी टीम के साथ उनके निवास स्थान में जाकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

## सफलता की कहानी: प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना बनी सहारा, श्रवण दास मानिकपुरी को मिली नई ऊर्जा

लोकमाया न्यूज।



**कोरबा**। पाली विकासखंड के ग्राम पुलालीकला के किसान श्रवण दास मानिकपुरी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित होकर बेहद प्रसन्न हैं। योजना की 23वीं किस्त की राशि उनके बैंक खाते में सफलतापूर्वक प्राप्त हुई है, जिससे उन्हें खेती-किसानी के कार्यों में आर्थिक सहयोग मिला है।

मानिकपुरी बताते हैं कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण और लाभकारी योजना है। इस योजना के माध्यम से समय-समय पर मिलने वाली सहायता राशि से बीज, खाद तथा अन्य कृषि आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सुविधा होती है। इससे खेती की लागत का कुछ भार कम होता है और किसानों को आत्मविश्वास के साथ खेती करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, मैं स्वयं को उन भाग्यशाली किसानों में शामिल मानता हूँ जिनके खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि नियमित रूप से प्राप्त होती है। यह सहायता हमारे लिए बहुत उपयोगी साबित हो रही है।

श्रवण दास मानिकपुरी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लिए भारत सरकार एवं कृषि विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने और कृषि कार्यों को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना का लाभ सीधे किसानों के खाते में पहुंचने से पारदर्शिता भी सुनिश्चित हुई है और किसानों का विश्वास बढ़ा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित किसान आज अधिक आत्मनिर्भरता के साथ खेती कर रहे हैं तथा कृषि क्षेत्र में नई संभावनाओं की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

## राखड़ बांध फूटने के मामले में दोषी पाया गया सीएसपीजीसीएल पर्यावरण संरक्षण मण्डल ने लगाया 27 .60 लाख का बड़ा जुर्माना

लोकमाया न्यूज।






**कोरबा**। हसदेव ताप विद्युत गृह (पूर्व) के ऐश डाइक (राखड़ डैम) में दरार आने और उससे निकले राखयुक्त पानी से हुए गंभीर जल प्रदूषण के मामले में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने कड़ी कार्रवाई की है। मंडल ने पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीजीसीएल) पर 27 लाख 60 हजार रुपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति (जुर्माना) अधिरोपित की है। प्लांट प्रबंधन को यह राशि पर्यावरण को हुए नुकसान की भरपाई के तौर पर चुकानी होगी।

पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय कोरबा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, ऐश डाइक में दरार के कारण भारी मात्रा में राख मिश्रित पानी आसपास के क्षेत्रों और प्राकृतिक जल स्रोतों की ओर बहने लगा था। इससे पूरे इलाके में जल प्रदूषण की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई थी और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को भारी नुकसान पहुंचा।

अधिकारियों के निरीक्षण में खुली पोल, दो बार दिया गया नोटिस

मामले की गंभीरता को देखते हुए पर्यावरण मंडल की टीम ने 18 मार्च 2026 को संयंत्र का औचक निरीक्षण किया था। जांच में ऐश डाइक से लगातार राख रिसने और पानी के बहाव की पुष्टि हुई। इसके बाद प्रबंधन को जल एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण अधिनियमों के तहत नोटिस जारी कर तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने के सख्त निर्देश दिए गए थे।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर एचटीपीपी दर्री में योग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोरबा**। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिनांक 21 जून 2026 को सरस्वती शिशु मंदिर एच टी पी पी दर्री में योग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों को योग के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में पतंजलि महिला समिति की योग शिक्षिकाओं ललिता केंवट एवं इंदु रजक द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात भावना देवांगन द्वारा ध्यान साधना कराई गई, जिससे उपस्थित सभी ने मानसिक शांति एवं एकाग्रता का अनुभव किया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य सुषमा बारस्कर ने उपस्थित सभी अतिथियों, योग शिक्षिकाओं एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही तथा कार्यक्रम उत्साह एवं अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ।

# सफलता की कहानी: बिहान ने बदली तकदीर - संघर्ष से सफलता तक सावित्री बिस्वास की प्रेरक उड़ान

लोकमाया न्यूज।



**कोरबा**। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित बिहान योजना ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बन रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसका परिणाम है कि अनेक महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार और समाज में नई पहचान स्थापित कर रही हैं।

विकासखंड कोरबा के ग्राम पंचायत गुरमा की निवासी सावित्री बिस्वास ऐसी ही प्रेरणादायक महिलाओं में शामिल हैं, जिन्होंने संघर्षपूर्ण परिस्थितियों से निकलकर आर्थिक सशक्तिकरण की मिसाल कायम की है। सीमित आय और आजीविका के सीमित साधनों के बीच जीवनयापन कर रहीं सावित्री बिस्वास ने स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपने जीवन की दिशा बदल दी। बिहान योजना के माध्यम से उन्हें वित्तीय साक्षरता, उद्यम विकास, समूह प्रबंधन और आजीविका संवर्धन संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त हुआ, जिससे उनमें आत्मविश्वास और व्यवसायिक समझ विकसित हुई।

जिला प्रशासन और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से उनके समूह को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया। रिवॉल्विंग फंड, सामुदायिक निवेश निधि और बैंक ऋण जैसी सुविधाओं का लाभ उठाते हुए उन्होंने लगभग 60 हजार रुपये की पूंजी से किराना और फैंसी स्टोर की शुरुआत की। व्यवसाय में सफलता मिलने पर उन्होंने एक लाख रुपये के निवेश से चप्पल दुकान शुरू की। बाद में सीएलएफ से दो लाख रुपये का ऋण लेकर कृषि सेवा केंद्र स्थापित किया तथा बैंक और सीएलएफसे लगभग छह लाख रुपये का ऋण प्राप्त कर मेडिकल स्टोर एवं कृषि सेवा केंद्र का विस्तार किया।

आज सावित्री बिस्वास फैंसी स्टोर, कपड़ा दुकान, चप्पल दुकान, राशन दुकान, बर्तन दुकान, मेडिकल स्टोर और कृषि सेवा केंद्र सहित विभिन्न व्यवसायों का सफल संचालन कर रही हैं। उनके परिश्रम, दूरदर्शिता और वित्तीय प्रबंधन का परिणाम है कि उनकी वार्षिक आय लगभग 7 लाख 70 हजार रुपये तक पहुंच गई है। आर्थिक प्रगति का असर उनके परिवार के जीवन स्तर पर भी स्पष्ट दिखाई देता है। उनका एक पुत्र बी. फार्मेसी की पढ़ाई कर रहा है, पुत्री बीएससी नर्सिंग की शिक्षा प्राप्त कर रही है, जबकि छोटा पुत्र चॉइस सेंटर का संचालन कर आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ रहा है।

सावित्री बिस्वास की सफलता अब केवल उनके परिवार तक सीमित नहीं है। वे गांव की अन्य महिलाओं को भी स्व-सहायता समूहों से जुड़ने, नियमित बचत करने और स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उनकी प्रेरणा से अनेक महिलाएं किराना, कपड़ा, चप्पल व्यवसाय और होटल संचालन जैसे कार्यों से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत बना रही हैं। सावित्री बिस्वास का मानना है कि यदि महिलाओं को अवसर, प्रशिक्षण और उचित मार्गदर्शन मिले तो वे किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकती हैं। वे अपनी इस उपलब्धि का श्रेय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन कोरबा को देती हैं, जिनके सहयोग से उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला। उनकी कहानी यह साबित करती है कि संकल्प, मेहनत और सही मार्गदर्शन के बल पर ग्रामीण महिलाएं न केवल अपने जीवन को बदल सकती हैं, बल्कि पूरे समाज में परिवर्तन की नई मिसाल भी स्थापित कर सकती हैं।

## खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में कोरबा ने रचा नया कीर्तिमान, लगातार तीसरी बार राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त

लोकमाया न्यूज।

**कोरबा**। खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा निर्धारित विभिन्न मानकों और दिशा-निर्देशों का प्रभावी ढंग से पालन करते हुए कोरबा जिले ने एक बार फिर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले ने खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरी बार छत्तीसगढ़ राज्य के फूड सेफ्टी इंडेक्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि कोरबा ने रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव सहित प्रदेश के अन्य प्रमुख जिलों को पीछे छोड़ते हुए यह स्थान बरकरार रखा है। इतना ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले ने अपनी रैंकिंग में सुधार करते हुए पिछले वर्ष के 118वें स्थान से आगे बढ़कर 112वें स्थान पर अपनी पहचान स्थापित की है।

जिले की इस सफलता के पीछे खाद्य प्रतिष्ठानों के नियमित निरीक्षण, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की सतत निगरानी, जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन, लाइसेंस एवं पंजीयन की प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे अनेक महत्वपूर्ण प्रयास शामिल हैं। निर्धारित सभी मापदंडों का गंभीरता से अनुपालन सुनिश्चित करने के परिणामस्वरूप कोरबा ने यह गौरवपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है।

इस उल्लेखनीय सफलता में कलेक्टर मार्गदर्षन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विकास भगत एवं संघर्ष कुमार मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। दोनों अधिकारियों द्वारा खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए सतत प्रयासों, प्रभावी निरीक्षणों एवं जनजागरूकता गतिविधियों की व्यापक स्तर पर सराहना की जा रही है। उनके नेतृत्व और समर्पण ने जिले को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

जिले की इस उपलब्धि से न केवल खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिली है, बल्कि आम नागरिकों में सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों के प्रति विश्वास भी बढ़ा है। कोरबा की यह सफलता अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणा का विषय बनी हुई है।

# वैभव सूर्यवंशी ने रच दिया इतिहास...

## -जड़ी लिस्ट-ए क्रिकेट की सबसे तेज फिफ्टी



दांबुला (एजेंसी)। श्रीलंका-ए के खिलाफ ट्राई सीरीज के खिताबी मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी का जलवा देखने को मिला। रविवार को दांबुला के रणगिरि दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में वैभव ने श्रीलंकाई गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। इंडिया-ए के लिए खेलने उतरे वैभव ने सिर्फ 11 बॉल पर फिफ्टी पूरी कर ली, जिसमें 5 छक्के और 5 चौके शामिल रहे। देखा जाए तो 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने अर्धशतकीय आंकड़े तक पहुंचने के दौरान सिर्फ चौके-छक्के में डील किया और एक सिंगल तक नहीं लिया। 15 साल के वैभव ने तेज गेंदबाज दुलाज समुदिता की गेंद पर छक्का लगाकर अर्धशतकीय आंकड़े तक पहुंचे।

वैभव सूर्यवंशी अब लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक जमाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वैभव ने श्रीलंका के कौशल्या वीरारत्ने का 20 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। वीरारत्ने ने 1 नवंबर 2005 को रागामा क्रिकेट क्लब की ओर से खेलते हुए कुरुनेगला यूथ क्रिकेट क्लब के खिलाफ सिर्फ 12 बॉल पर फिफ्टी जमा दी थी। वैभव ने सरफराज खान द्वारा बनाए गए भारतीय रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। सरफराज ने विजय हजारे ट्रॉफी के पिछले सीजन में मुंबई की ओर से पंजाब के खिलाफ महज 15 गेंदों में अर्धशतक जड़ा था।

### सबसे तेज लिस्ट-ए शतक जड़ने का मौका गंवाया

वैभव सूर्यवंशी सबसे तेज लिस्ट-ए शतक के रिकॉर्ड की बराबरी करने से भी बाल-बाल चूक गए। लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क के नाम पर है। जेक ने अक्टूबर 2023 में साउथ ऑस्ट्रेलिया की ओर से खेलते हुए तस्मानिया के खिलाफ सिर्फ 29 बॉल पर शतक जमा दिया था। इस ट्राई सीरीज में फैन्स की निगाहें पूरी तरह वैभव सूर्यवंशी पर थीं। वैभव शुरुआती चार मुकाबलों में कुल मिलाकर 117 रन बना पाए थे। लेकिन खिताबी मुकाबले में उन्होंने कत्लेआम मचा दिया। वैभव अब आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर जाने वाले हैं, जहां उनका इंटरनेशनल डेब्यू होने की पूरी संभावना है।

# भारतीय मुक्केबाजों का जलवा, यूरोपियन बॉक्सिंग गोल्ड टूर्नामेंट में जीते 8 गोल्ड समेत 12 पदक



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने चेक गणराज्य में आयोजित 56वें ग्रां प्री उस्ती नाद लाबेम (यूरोपियन बॉक्सिंग गोल्ड टूर्नामेंट) में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 12 पदक अपने नाम किए। भारतीय मुक्केबाजों ने 8 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी ताकत का दमदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन ने 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले भारतीय टीम का आत्मविश्वास बढ़ा दिया है।

### महिला मुक्केबाजों ने दिलाया चार गोल्ड

महिला वर्ग में लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), प्रीति पंवार (54 किग्रा), साक्षी (51 किग्रा) और प्रिया (60 किग्रा) ने अपने-अपने फाइनल मुकाबले जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं परवीन (65 किग्रा) को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सिर्फ पांच खिलाड़ियों के साथ भारतीय महिला टीम ने चार गोल्ड और एक सिल्वर जीतकर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।

### पुरुष खिलाड़ियों ने भी दिखाया दम

पुरुष वर्ग में जदुमनी सिंह मंडेंगबाम (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा), अंकुश (80 किग्रा) और नरेंद्र (90 किग्रा) ने गोल्ड मेडल जीते। आदित्य प्रताप यादव (65 किग्रा) और कपिल पोखरिया (90 किग्रा) ने रजत पदक अपने नाम किए, जबकि सुमित कुंडू (70 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता। भारत ने कुल 8 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य सहित 12 पदकों के साथ टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया।

### अजय सिंह ने खिलाड़ियों को दी बधाई

बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (ब्फ्र्रढ्ढ) के अध्यक्ष अजय सिंह ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि मजबूत अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के बीच यह उपलब्धि भारतीय बॉक्सिंग के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि टीम 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स में भी इसी तरह का प्रदर्शन करेगी।

### भारत के पदक विजेता

स्वर्णः साक्षी, प्रीति पंवार, प्रिया, लवलीना बोरगोहेन, जदुमनी सिंह मंडेंगबाम, सचिन, अंकुश, नरेंद्र

रजतः परवीन, आदित्य प्रताप यादव, कपिल पोखरिया

कांस्यः सुमित कुंडू।

# बीसीसीआई ने इंग्लैंड दौरे के लिए घोषित की टीम, रोहित-कोहली की वापसी, यशस्वी बाहर हुए

मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति ने इंग्लैंड दौरे में होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित कर दी है। टीम की कप्तानी शुभमन गिल के पास रहेगी। वहीं पिछले काफी समय से बाहर चल रहे अनुभवी बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली की टीम में वापसी हो गयी है पर युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को टीम में जगह नहीं मिली है जिसपर सभी हैरान हैं। वहीं ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या चोटिल होने के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गये हैं। अफगानिस्तान सीरीज में अधिक रन नहीं बनाने के बाद भी रोहित की टीम में वापसी हुई है पर अफगानिस्तान के खिलाफ अंतिम एकदिवसीय में शतक के बाद भी यशस्वी को बाहर कर दिया गया है। कप्तान शुभमन गिल ने हाल ही में कहा था कि टीम चयन अंतिम फैसला खिलाड़ियों की फिटनेस व सर्वश्रेष्ठ संयोजन को ध्यान में रखकर लिया जाएगा। गौरतलब है कि आईपीएल 2026 फाइनल के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट से परेशान रहे विराट कोहली को टीम में शामिल किया गया है पर वह फिटनेस क्लियरेंस मिलने के बाद ही मैदान पर उतरेंगे। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी करीब तीन साल बाद एकदिवसीय टीम में वापसी हुई है। उन्होंने अपना अंतिम एकदिवसीय मैच 2023 विश्व कप फाइनल में खेला था। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आराम दिया गया है जबकि युवा प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और गुरनूर बरार को टीम में बनाये रखा है। गौरतलब है कि भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 और तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी। एकदिवसीय सीरीज का पहला मुकाबला 14 जुलाई को बर्मिंघम, दूसरा 16 जुलाई को कार्डिफ और तीसरा 19 जुलाई को लॉर्ड्स में खेला जाएगा।

### टीम इस प्रकार है

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली*, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, नितीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और गुरनूर बरार।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच नेशंस कप जीता

## -प्रो लीग के अगले सत्र के लिए भी क्वालीफाई किया



ऑकलैंड (एजेंसी)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच नेशंस कप में जीत के साथ ही अगले सत्र के लिए भी प्रो लीग में जगह बना ली है। भारतीय टीम ने नेशंस लीग में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में मेजबान टीम न्यूजीलैंड को 2-0 से हराया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही भारतीय टीम ने एफआईएच महिला प्रो लीग के अगले सत्र के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। ये भारतीय हॉकी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। भारतीय टीम दूसरी बार इस टूर्नामेंट में विजेता बनी है।

खिताबी मुकाबले में शुरुआत से ही भारतीय टीम हावी रही। उसने न्यूजीलैंड को कोई अवसर नहीं दिया। मैच के चौथे मिनट में ही नवनीत कौर ने एक पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर भारतीय टीम को 1-0 की बढ़त दिलायी। इसके बाद 15वें मिनट में, सुनेलिता टोप्पो ने दूसरा गोल दाग दिया। इन दो शुरुआती गोलों के बाद मेजबान टीम दबाव में आ गयी। इसके बाद मेजबान टीम के किये हमले भारतीय रक्षापंक्ति ने विफल कर दिये। इससे कीवी टीम को वापसी का कोई अवसर नहीं मिला। इससे मेजबानों को 2-0 से हार का सामना करना पड़ा।

इस पूरे टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने अपने सभी मैच जीते। इससे उसकी निरंतरता का सबूत मिलता है। पूल चरण में टीम ने अमेरिका को 3-2 से, जापान को 2-1 से और उरुग्वे को 3-2 से हराया। इन करीबी जीतों से टीम का मनोबल बढ़ा है। इसके बाद सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने चिली को 6-0 के बड़े अंतर से हराया था। इसके बाद खिताबी मुकाबले में भी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए लालरेमसियामी को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला है। वहीं, टूर्नामेंट में भारत की ओर से दीपिका ने सबसे अधिक छह गोल किये।

टीम की इस शानदार उपलब्धि पर हॉकी इंडिया ने सभी खिलाड़ियों को 3-3 लाख रुपये और सहायोगी स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को 1.5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। हॉकी इंडिया ने भारतीय महिला हॉकी टीम के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन की जमकर सराहना करते हुए इसे देश को गर्व का अनुभव हुआ है।

# महिला टी20 विश्व : पाकिस्तान और नीदरलैंड बाहर हुई, भारतीय टीम का पहुंचना तय

लंदन (एजेंसी)। पाकिस्तान और नीदरलैंड की टीम इंग्लैंड एंड वेल्स में जारी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्रिकेट में अपने-अपने मुकाबले हारने के साथ ही बाहर हो गयी है। वहीं अब ग्रुप ए से केवल भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ में बनी हुई है। वहीं लीग मैचों के आधे पड़ाव तक पहुंचते-पहुंचते दो टीमों का सफर समाप्त हो गया है। ग्रुप ए से पाकिस्तान और नीदरलैंड की टीमों को बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद से ही ये टीमें बाहर हो गयीं। इन हारों के साथ ही पाकिस्तान और नीदरलैंड दोनों टीमें अपने तीन-तीन लीग मैच हारी हैं। उसके दो-दो मुकाबले अभी बाकी हैं पर अब वह छह अंकों के सेमीफाइनल क्वालीफिकेशन मार्क तक नहीं पहुंच पाएंगी। वहीं ग्रुप ए की अंकतालिका को देखें तो ऑस्ट्रेलिया ने तीन में से तीन मैच जीतकर 6 अंकों के साथ लगभग सेमीफाइनल के लिए प्रवेश हासिल किया है जबकि भारतीय टीम अपने दो मैच जीतकर 4 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। तीसरे स्थान पर बांग्लादेश है, जिसके तीन मैचों में दो जीत और एक हार के साथ 4 अंक हैं। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका एक जीत और एक हार के साथ 2 अंकों पर चौथे स्थान पर है।

# रूट टेस्ट क्रिकेट में 14 हजार रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने

लंदन। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी टेस्ट क्रिकेट के दूसरे ही मैच में अपने 14 हजार रन पूरे करने के साथह ही में एक और मील का पत्थर छू लिया है। इस शानदार उपलब्धि के साथ वह टेस्ट क्रिकेट में 14 हजारी बनने वाले दुनिया के सिर्फ दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले यह उपलबब्धि केवल महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम थी। अब रुट उनके विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने के बेहद करीब जो रूट पहुंच रहे हैं। कीवी टीम के खिलाफ इंग्लैंड की दूसरी पारी में जैसे ही रूट ने अपना दूसरा रन लिया, उनके टेस्ट क्रिकेट में 14,000 हजार रन पूरे हो गये। मैच में चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक रूट ने 75 रन बनाए थे।

# पेरी 50 टी20 विश्व कप मैच खेलने वाली पहली क्रिकेटर बनीं




सिडनी। ऑस्ट्रेलिया की स्टार ऑलराउंडर एलिस पेरी 50 टी20 विश्वकप मैच खेलने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गयी हैं। पेरी ने क्रिकेट जगत में एक ऐसा ऐतिहासिक रिकार्ड बनाया है। जो आज तक किसी भी पुरुष या महिला क्रिकेटर के नाम नहीं है। साउथेम्प्टन में जारी महिला टी20 विश्व कप 2026 में नीदरलैंड्स के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के 14वें मैच के दौरान ही पैरी ने ये रिकार्ड बनाया। अब टी20 विश्व कप (पुरुष और महिला दोनों को मिलाकर) सबसे ज्यादा मैच खेलने के मामले में पेरी नंबर एक पर पहुंच गयी हैं। पेरी ने साल 2009 में इस टूर्नामेंट की शुरुआत से लेकर अभी तक कुल 50 मैच खेले हैं। इस सूची में भारतीय पुरुष टीम के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा भी पेरी से पीछे हैं। रोहित ने साल 2007 से 2024 के बीच 47 टी20 विश्व कप मैच खेले थे। पेरी ने महिला क्रिकेट की बात करें तो न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स के अलावा, इंग्लैंड के पुरुष क्रिकेटर जोस बटलर और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन को भी पीछे छोड़ दिया है। इन सभी के नाम 43-43 मैचों का रिकार्ड है। वहीं ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली के नाम 42 मैच हैं, जबकि भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज डेविड वार्नर 41-41 मैचों के साथ इस सूची में नंबर एक पर हैं। पेरी के नाम कई अन्य रिकार्ड भी हैं। वह पुरुष और महिला क्रिकेट में 1,000 रन बनाने और 100 विकेट लेने वाली दुनिया की पहली खिलाड़ी हैं। इसके अलावा, महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में वह सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर हैं।

# फीफा वर्ल्ड कप: जापान ने ट्यूनीशिया को 4-0 से रौंदा, नॉकआउट के करीब पहुंची टीम



एस्टाडियो मॉन्टेरे (मेक्सिको) (एजेंसी)। एस्टाडियो = फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप ए मुकाबले में जापान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्यूनीशिया को 4-0 से करारी शिकस्त दी। इस दमदार जीत के साथ जापानी टीम नॉकआउट चरण में पहुंचने के बेहद करीब पहुंच गई है, जबकि ट्यूनीशिया का टूर्नामेंट से सफर समाप्त हो गया।

यह मुकाबला फीफा विश्व कप के इतिहास का 1000वां मैच भी था और जापान ने इसे यादगार बना दिया। टीम ने विश्व कप इतिहास में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की, साथ ही विश्व कप के एक मैच में चार गोल करने वाला पहला एएफसी देश बनने का गौरव भी हासिल किया।

जापान ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए। डाइची कामादा ने चौथे मिनट में गोल दागकर विश्व कप में जापान की ओर से सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड बनाया। कीटो नाकामुरा के शानदार क्रॉस पर उन्होंने आसान फिनिश किया।

इसके बाद अयासे उएदा ने 30वें मिनट में शानदार लो-ड्राइव शॉट के जरिए जापान की बढ़त 2-0 कर दी। हाफ टाइम तक जापानी टीम पूरी तरह मुकाबले पर हावी रही।

दूसरे हाफ में भी जापान का दबदबा जारी रहा। जुन्या इतो ने 69वें मिनट में बेहतरीन गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। इसके बाद 83वें मिनट में उएदा ने हेडर के जरिए अपना दूसरा और टीम का चौथा गोल दागकर ऐतिहासिक जीत पर मुहर लगा दी।

इस जीत के बाद जापान ग्रुप ए में नीदरलैंड्स के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है, जबकि लगातार दूसरी हार झेलने के बाद ट्यूनीशिया टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

# अभय-वेलवन की पाकिस्तान के खिलाफ शानदार जीत, भारत ने लगातार तीसरी बार जीता स्क्वाश का खिताब



नई दिल्ली। भारत के अभय सिंह और वेलवन सेंथिलकुमार की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने मलेशिया के सारावाक में आयोजित एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया। भारतीय जोड़ी ने पुरुष युगल का खिताब लगातार तीसरी बार अपने नाम कर महाद्वीपीय स्तर पर अपना दबदबा कायम रखा।

**पाकिस्तान के खिलाफ शानदार वापसी-** फाइनल मुकाबले में भारत की जोड़ी ने एक गेम गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी की। अभय और वेलवन ने पाकिस्तान की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी नासिर इकबाल और नूर जमां को 47 मिनट में 7-11, 11-7, 11-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पिछले साल भी भारतीय जोड़ी ने फाइनल में इसी पाकिस्तानी जोड़ी को मात दी थी।

**भारत की झोली में आए तीन पदक-** पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा भारत ने दो कांस्य पदक भी हासिल किए। अनुभवी खिलाड़ी जोशना चिनप्पा और रथीका सीलन की महिला युगल जोड़ी सेमीफाइनल तक पहुंचकर कांस्य पदक जीतने में सफल रही। वहीं, मिश्रित युगल में जोशना चिनप्पा और वेलवन सेंथिलकुमार ने भी कांस्य पदक अपने नाम किया। भारत की दूसरी महिला युगल जोड़ी जेनेट विधि और पूजा आरती छठे स्थान पर रही।

# शुभमन ने यशस्वी को बेहतरीन बल्लेबाज बनाया

## -टीम में कई बार जगह नहीं मिलने का भी कारण बताया

मुंबई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में शतक लगाकर टीम की जीत में हम भूमिका निभाने वाले बल्लेबाज सशस्वी जायसवाल की जमकर प्रशंसा की है। यशस्वी ने इस मैच में 110 रनों की पारी खेली। भारतीय टीम ने इस मैच में टीम ने 9 विकेट से जीत के साथ ही सीरीज अपने नाम की। मैच में यशस्वी ने अपने एकदिवसीय करियर का दूसरा शतक जड़ा। यह उपलब्धि उन्होंने केवल छठी पारी में हासिल की

जीत के बाद, शुभमन ने यशस्वी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि टीम में कड़ी प्रतिस्पर्धा होने के कारण कई बार यशस्वी को बाहर बैठना पड़ा है पर इसका मतलब प्रदर्शन से नहीं है। शुभमन ने यशस्वी को एक बेहतरीन और शानदार खिलाड़ी करार दिया। साथ ही माना है कि टीम में जगह को लेकर होने वाली कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण कभी-कभी उन्हें बाहर बैठना पड़ता है। गिल ने कहा, हम सभी भली-भांति जानते हैं कि वह एक बेहतरीन और शानदार खिलाड़ी हैं। किसी भी खिलाड़ी के लिए टीम से बाहर बैठना आसान नहीं होता। सच तो यह है कि अगर टीम के सभी मुख्य खिलाड़ी उपलब्ध हों, तो यशस्वी वह बदकिस्मत खिलाड़ी बन जाते हैं जिन्हें कभी-कभी अंतिम ग्यारह से बाहर बैठना पड़ता है। कप्तान ने इस बात पर खुशी जताई कि जायसवाल ने इस श्रृंखला में मिले मौकों को बखूबी भुनाया और भविष्य में भी इसी तरह के बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद जताई।



टीम के संयोजन को मजबूत करने के लिए शुभमन ने सीरीज के आखिरी दो मैचों में हुए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। गिल ने ऐसा इसलिए किया ताकि यशस्वी नियमित कप्तान रोहित के साथ पारी की शुरुआत कर सकें। कप्तान का यह प्रयोग बेहद सफल रहा, जहां रोहित ने भी 79 रनों की एक परिपक्व पारी खेलते हुए यशस्वी के साथ पहले विकेट के लिए 170 रनों की विशाल साझेदारी की।

# इंग्लैंड के क्रिकेटर बेथल भारतीय लड़की से प्रेम कहानी को लेकर चर्चाओं में आये

लंदन। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज जैकब बेथल आजकल खेल की जगह पर एक भारतीय लड़की के साथ अपनी कथित प्रेम कहानी को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। सोशल मीडिया पर इस लड़की के साथ उनकी एक तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है। इसमें वह इस लड़की के साथ बेहद दिख रहे हैं। यह तस्वीर इसी साल अप्रैल में हुए आईपीएल के 19 वे सत्र की है। इसमें बेथल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से खेल रहे थे। इस तस्वीर को देखकर प्रशंसक हैरान और जानना चाहते हैं कि ये कौन है। इस तस्वीर में बेथल के साथ दिख रही खूबसूरत लड़की का नाम अंकिता पटेल है। अंकिता एक जानी-मानी सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट हैं, उसने बॉलीवुड के कई बड़े सितारों के साथ काम किया है। यह तस्वीर स्वंय अंकिता के सोशल मीडिया अकाउंट से ही शेयर की गई थी, जिसने सोशल मीडिया पर प्रशंसक हैरान हैं। वहीं अंकिता ने अब तक इस क्रिकेटर के साथ अपने रिश्ते को लेकर कुछ नहीं कहा है पर इस तस्वीर से लगता है कि कि दोनो एकदूसरे के बेहद करीब हैं। के बीच नजदीकियों की कहानी बयां कर रही है। प्रशंसक इस नई जोड़ी को लेकर काफी उत्साहित हैं। गौरतलब है कि जैकब बेथल का आईपीएल 2026 में रिकार्ड अच्छा नहीं रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलते हुए उन्हें कुल 7 मैचों में मौका मिला, लेकिन वह सिर्फ 96 रन ही बना पाए। इस दौरान खराब फॉर्म के कारण उन्हें सत्र के बीच में ही स्वेदश लौटना पड़ा था। अभी वह न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड टीम के दल में शामिल हैं। बेथल ने इंग्लैंड के लिए 7 टेस्ट, 21 एकदिवसीय और 31 टी20 खेले हैं। टेस्ट क्रिकेट में उनके नाम अबतक 496 रन जबकि एकदिवसीय में 603 रन हैं। टी20 में बेथल ने 697 रन बनाये हैं।

# फीफा विश्व कप 2026 में गुलाबी जूतों का छाया जादू, दुनिया के स्टार फुटबॉलरों की बनी पहली पसंद

न्यूयॉर्क(एजेंसी)। फीफा विश्व कप 2026 में जहां दुनिया के दिग्गज खिलाड़ी अपने शानदार खेल से सुर्खियां बटोर रहे हैं, वहीं इस बार एक नया ट्रेंड भी चर्चा का केंद्र बन गया है। टूर्नामेंट में गुलाबी रंग के फुटबॉल जूते खिलाड़ियों की पहली पसंद बनकर उभरे हैं और मैदान पर हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं।

अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की मेजबानी में खेले जा रहे विश्व कप में कई स्टार खिलाड़ी गुलाबी रंग के जूते पहनकर मैदान में उतर रहे हैं। अमेरिका के जियो रेना, ब्राजील के विनीसियस जूनियर, फ्रांस के कप्तान किलियान एमबाप्पे और इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन जैसे बड़े नाम इसी रंग के जूतों में नजर आए।

जियो रेना ने विश्व कप के शुरुआती मैच में अमेरिका के लिए यादगार गोल दागा, जबकि विनीसियस जूनियर ने ब्राजील के पहले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। वहीं एमबाप्पे ने दो गोल कर फ्रांस के लिए सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले खिलाड़ी का रिकॉर्ड अपने नाम किया। हैरी केन ने भी दो गोल दागकर इंग्लैंड के रिकॉर्ड की बराबरी की। इन सभी खिलाड़ियों में एक समानता रही—सभी ने गुलाबी रंग के जूते पहने थे।

मैदान की हरी घास पर गुलाबी जूते दूर से ही अलग दिखाई देते हैं। यही वजह है कि कई बड़ी स्पोर्ट्स कंपनियों ने इस विश्व कप से पहले इनका विशेष डिजाइन तैयार किया। नाइकी के ग्लोबल फुटवियर निदेशक ओडिंगा निमाको के अनुसार खिलाड़ी गुलाबी रंग को आत्मविश्वास, ऊर्जा और अलग पहचान के प्रतीक के रूप में देखते हैं। दर्शकों के बीच भी यह रंग तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। उन्होंने बताया कि 1998 विश्व कप में पहली बार रंगीन फुटबॉल जूतों ने लोगों का ध्यान खींचा था। उससे पहले काले और सफेद रंग के जूतों का ही अधिक इस्तेमाल होता था। अब समय बदल चुका है और नाइकी, एडीडास, प्यूमा, स्केचर्स और न्यू बैलेंस जैसी दिग्गज कंपनियां भी गुलाबी रंग के जूते बाजार में उतार चुकी हैं।

ऐसे में फीफा विश्व कप 2026 में शानदार गोलों के साथ-साथ गुलाबी जूतों का यह नया ट्रेंड भी दुनियाभर के फुटबॉल प्रेमियों के बीच चर्चा का बड़ा विषय बन गया है।



# मन की साधना



चतुर्मास का समय निकट आया तो भिक्षु सुशांत ने बुद्ध से आग्रह किया प्रभु, मैं नगरवधू सोमलता के सान्निध्य में अपना चतुर्मास व्यतीत करना चाहता हूं। कृपया इसकी आज्ञा प्रदान करें। यह सुनकर बुद्ध मुस्कराए। वह समझ गए कि यह वहां जाकर मन को साधकर सच्चा साधक होना चाहता है, लेकिन अन्य भिक्षुओं ने इस पर आपत्ति जताई। उन्हें संदेह था कि सुशांत कहीं अपने पथ से विचलित न हो जाए, पर बुद्ध ने भिक्षुओं के विरोध के बावजूद उसे आशीर्वाद देते हुए कहा, जाओ और आगे बढ़कर आना। सुशांत सोमलता के पास पहुंचा। वहां सब उसे देखकर आश्चर्यचकित रह गए। लेकिन सुशांत अपने संकल्प पर अडिग था।

इधर सोमलता के घुंघरुओं की आवाज गूंजती और उधर सुशांत अपनी साधना में लीन रहता। सोमलता सुशांत को रिझाने का प्रयास करती, मगर वह निर्लिप्त रहता। एक मास गुजर गया मगर सोमलता सुशांत को डिगा न सकी। हां, उससे थोड़ी सहानुभूति अवश्य होने लगी। उसने दूसरों को भी साधना के क्षणों में शांत रहने को कह दिया। चौथा मास आते-आते सुशांत ने अपने मन पर नियंत्रण पा लिया था। वह सोमलता या अन्य सुंदरियों की ओर आंख उठाकर भी नहीं देखता था। संगीत उसे बुद्ध-वाणी की तरह लगता था और नृत्यालय देवालय की तरह। चार मास पूर्ण हुए और सुशांत अपने मठ की ओर वापस चला तो सबने आश्चर्य से देखा- भिक्षुणी बनी सोमलता उसके पीछे-पीछे अपना सर्वस्व त्याग कर जा रही थी। सोमलता अपने रूप-रंग से सुशांत को रिझा न सकी, मगर सुशांत के तप का प्रभाव सोमलता पर दिख रहा था। सुशांत वास्तव में आगे बढ़ गया था।

# भाग्य और पुरुषार्थ

राजा विक्रमादित्य के दरबार में कई ज्योतिषी थे। मगर वह कोई काम शुभ लग्न देख कर या ज्योतिषी की सलाह लेकर नहीं करते थे। एक दिन राज ज्योतिषी उनके पास आए और बोले, महाराज, आप के दरबार में कई ज्योतिषी हैं। आप की तरफ से उन्हें सभी सुविधाएं मिली हुई हैं, पर आप कभी हमारी सेवाएं नहीं लेते। आज मैं आप की हस्तरेखा देख कर यह जानना चाहता हूं कि आप ऐसा क्यों करते हैं?

राजा ने कहा, मेरे पास इतना समय नहीं रहता कि मैं आप लोगों से सलाह ले सकूं। जहां तक हस्तरेखा की बात है तो मैं इसमें विश्वास नहीं रखता। लेकिन आप कह रहे हैं तो देख लीजिए। हाथ देख कर राज ज्योतिषी चक्कर में पड़ गए। उनकी आवाज बंद हो गई। राजा ने पूछा, क्या हुआ। आप इतने परेशान क्यों हैं? राज ज्योतिषी ने कहा, राजन्, आप की हस्तरेखाएं तो कुछ और कहती हैं। ज्योतिष के अनुसार आप को तो दुर्बल और दीनहीन होना चाहिए था। लेकिन आप तो इसके विपरीत हैं। हजारों साल से ज्योतिष विद्या पर विश्वास करने वाले लोग आपकी रेखाएं देख कर भ्रमित हो जाएंगे। समझ में नहीं आ रहा कि ज्योतिष को सच मानूं या आप की रेखाओं को। विक्रमादित्य ने कहा, अभी तो आप ने मेरे बाहरी लक्षणों को ही देखा है, अब आप हमारे अंदर झांक कर देखिए। इतना कह कर राजा ने तलवार की नोक अपने सीने में लगा दी। राज ज्योतिषी घबरा कर बोले, बस महाराज, रहने दीजिए।

राजा ने कहा- ज्योतिषी महाराज, आप परेशान मत हों। ज्योतिष विद्या भी तभी सार्थक सिद्ध होती है, जब मनुष्य में कुछ करने का संकल्प हो। हस्तरेखाएं तो भाग्य नहीं बदल सकतीं, लेकिन मनुष्य में यदि पुरुषार्थ है, अभाग्य से लड़ने की शक्ति है तो उसकी नकारात्मक रेखाएं भी अपने रूप बदल सकती हैं। लगता है मेरे साथ ऐसा ही हुआ है। राज ज्योतिषी अवाक हो गए।

# गीता में है जीवन का ज्ञान

**गीता डॉक्टर की भांति है। बस फर्क इतना ही है कि डॉक्टर शरीर के रोगों का इलाज करता है, जबकि गीता मन के रोगों का इलाज करती है और उन्हें दूर करने का मार्ग दिखाती है।**



गीता का उपदेश जीवन की धारा है। चूंकि गीता में जीवन की सच्चाई छिपी है और इसमें जीवन में आने वाली दुश्वारियों के कारण व निवारण दोनों को ही विस्तार से समझाया गया है। इसलिए गीता के उपदेश विश्व भर में प्रसिद्ध हैं और हर वर्ग को प्रभावित करते हैं।

गीता डॉक्टर की भांति है। बस फर्क इतना ही है कि डॉक्टर शरीर के रोगों का इलाज करता है, जबकि गीता मन के रोगों का इलाज करती है और उन्हें दूर करने का मार्ग दिखाती है। जिस प्रकार डॉक्टर रोगी को रोग के निवारण के साथ-साथ उसके कारण भी बताता है। ठीक उसी प्रकार से गीता का अगर गहनता से अध्ययन किया जाए तो इससे मन के रोगों का कारण और निवारण दोनों का पता चल जाता है। गीता मन के रोगों को दूर करने का एक सशक्त माध्यम है।

गीता ज्ञान से मानव जीवन में मोह को भी आसानी से दूर किया जा सकता है। मोह जीवन लीला को धीरे-धीरे नष्ट कर देता है। जीवन में दुखों का सबसे बड़ा कारण मोह ही है। जीवन को अगर सफल बनाना है और मोह से मुक्ति पानी है तो गीता की शरण में जाना पड़ेगा। गीता से ज्ञान पा कर मानव मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। गीता का ज्ञान मनुष्य को उसकी आत्मा के अमर होने के विषय में बोध करवा कर अपने कर्तव्य कर्म को पूर्ण निष्ठा से करने को प्रेरित करता है। परमात्मा ने मनुष्य को देह केवल भोग के लिए प्रदान नहीं की है, अपितु हमें इसका उपयोग मोक्ष प्राप्ति के लिए करना चाहिए।

साधू व नदी कभी एक स्थान पर नहीं रुकते और निरंतर आगे बढ़ते हुए विभिन्न स्थानों पर जन-जन के हृदयों में अपने ज्ञान व भक्ति के प्रभाव से उन्हें लाभांवित व आनंदित करते हैं। प्रत्येक मानव को पूरी श्रद्धा व निष्ठा से पर-उपकार के लिए तैयार रहना चाहिए और अपने ज्ञान से जगत को प्रकाश मान करने का प्रयास करते रहना चाहिए, असल में यही मानव धर्म है।

अगर श्रीमद्भगवद् गीता का अध्ययन नित्य करें, तो इस बात का आभास सहजता से होता है कि उसमें सिखाया कुछ नहीं गया है, बल्कि समझाया गया कि इस संसार का स्वरूप क्या है? उसमें यह कहीं नहीं कहा गया कि आप इस तरह चलें या उस तरह चलें, बल्कि यह बताया गया है कि किस तरह की चाल से आप किस तरह की छवि बनाएंगे? उसे पढ़कर मनुष्य कोई नया भाव नहीं सीखता, बल्कि संपूर्ण जीवन सहजता से व्यतीत करने के मार्ग पर चल पड़ता है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उसमें एक वैज्ञानिक सूत्र है कि 'गुण ही गुणों को बरतते हैं।' इसका मतलब यह है कि जैसे संकल्पों, विचारों तथा कर्मों से आदमी बंधा है, वैसा ही वह व्यवहार करेगा। उस पर खाने-पीने और रहने के कारण अच्छे तथा बुरे प्रभाव होंगे। सीधी बात यह है कि अगर आप यह चाहते हैं कि अपने ज्ञान के आईने में आप स्वयं को अच्छे लगें तो अपने संकल्प, विचारों तथा कर्मों में स्वच्छता के साथ अपनी खान-पान की आदतों तथा रहन-सहन के स्थान का चयन करना पड़ेगा।

अगर आप आने अंदर दोष देखते हैं तो विचलित होने की बजाय यह जानने का प्रयास करें कि आखिर वह किसी बुरे पदार्थ के ग्रहण करने या किसी व्यक्ति की संगत के परिणाम से आया है। जैसे ही आप गीता का अध्ययन करेंगे, आपको अपने अंदर भी ढेर सारे दोष दिखाई देंगे और उन्हें दूर करने का मार्ग भी पता लगेगा।

गीता किसी को प्रेम करना, अहिंसा में लिप्त होना नहीं सिखाती, बल्कि प्रेम और अहिंसा का भाव अंदर कैसे पैदा हो, यह समझाती है। सिखाने से प्रेम या अहिंसा का भाव नहीं पैदा होगा, बल्कि वैसे तत्वों से संपर्क रखकर ही ऐसा करना संभव है। कोई दूसरे को प्रेम नहीं सिखा सकता, क्योंकि जिस व्यक्ति का घृणा पैदा करने वाले तत्वों से संबंध है, उसमें प्रेम कहां से पैदा होगा?

श्रीमद्भगवद् गीता में चार प्रकार के भक्त बताए गए हैं। भगवान की भक्ति होती है तो जीव से प्रेम होता है। अतः भक्ति की तरह प्रेम करने वाले भी चार प्रकार के होते हैं-आर्ती, अर्थार्थी, जिज्ञासु तथा ज्ञानी। पहले बाकी तीन का प्रेम क्षणिक होता है जबकि ज्ञान का प्रेम हमेशा ही बना रहता है। अगर आपके पास तत्व ज्ञान है तो आप अपने पास प्रेम व्यक्त करने वालों की पहचान कर सकते हैं, नहीं तो कोई भी आपको हांक कर ले जाएगा और धोखा देगा।

# जीवन का आधार है आध्यात्मिक ऊर्जा



**ऊर्जा एक ऐसी अदृश्य शक्ति है, जिसे हम देख नहीं सकते, बल्कि उसका अनुभव कर सकते हैं। यही ऊर्जा हमारे जीवन का आधार है।**

## विज्ञान की भाषा

विज्ञान इन अदृश्य शक्तियों को एनर्जी कहता है। उदाहरण के लिए बिजली से बल्ब जलता है, पंखे चलते हैं, लेकिन हम बिजली को कभी नहीं देख पाते हैं। हम उसका न केवल कार्य, बल्कि परिणाम भी देखते हैं। उसके स्वरूप के बारे में जान पाना कठिन है। ठीक उसी प्रकार प्रत्येक जीव में ऊर्जा मौजूद होती है, जिससे जीव में प्राण-शक्ति का संचार होता रहता है। दूसरे शब्दों में कहें, तो इस प्राण-शक्ति को हम देख नहीं पाते हैं।

संसार के सभी प्राणियों में ऊर्जा मौजूद है। वास्तव में यह ऊर्जा हमारे जीवन का आधार है। इसे हम अणु, परमाणु, एनर्जी आदि नामों से जानते हैं। यानी अपनी सुविधा के अनुसार, हम ऊर्जा को अलग-अलग नाम दे देते हैं। यह एक ऐसी अदृश्य शक्ति है, जिसका हम केवल अनुभव ही कर सकते हैं, देख नहीं सकते। हम अपनी आंखों से तो पृथ्वी पर मौजूद सभी पदार्थों को देख लेते हैं, लेकिन ऊर्जा को देख पाना हमारे लिए संभव ही नहीं हो पाता है। लेकिन उन्हें महसूस जरूर कर सकते हैं। लेकिन फिर भी इन अदृश्य शक्तियों के अस्तित्व को अस्वीकार कर पाना हमारे लिए असंभव होता है।

## ऊर्जा और अध्यात्म का संबंध

अध्यात्म की भाषा में ऊर्जा को न केवल प्राण-वायु या आत्मा कहा जाता है, बल्कि जीव को ईश्वर का अंश भी माना जाता है। यह ऊर्जा ही है, जो सभी जीवों को जिंदा रखने में मदद करता है। हम देखते हैं कि अदृश्य शक्ति, यानी ऊर्जा के सहारे हमारे शरीर के सभी अंग सुचारू रूप से काम करते हैं। जैसे ही वह अदृश्य-शक्ति की लोप होती है, हमारे शरीर की सभी क्रियाएं बंद हो जाती हैं। शरीर के सभी अंग-आंख, नाक, कान, यहां तक कि इंद्रियां भी काम करना बंद कर देती हैं और शरीर निष्क्रिय हो जाता है।

हम यह सोचने के लिए मजबूर हो जाते हैं कि आखिर वह कौन सी शक्ति है, जो हमारे अंगों को संचालित करती है? आज का विज्ञान भले ही चांद, तारों और ग्रहों के बारे में हमें जानकारी देता हो, लेकिन आज भी इस अदृश्य-शक्ति को समझने की क्षमता अभी तक विज्ञान के पास नहीं है। शायद इसलिए कहा जाता है कि जहां विज्ञान की सीमा समाप्त हो जाती है, वहीं से महा विज्ञान शुरू हो जाता है। वास्तव में यह महाविज्ञान अध्यात्म है, जीवन दर्शन है। हमारा जीवन-दर्शन न केवल जीवन के अनुभवों के बारे में बताता है, बल्कि जीवन के रहस्यों को भी समझने का प्रयास करता है। यही वजह है कि इसकी पढ़ाई विद्यालयों या महाविद्यालयों में नहीं होती है। ऋषि-मुनियों ने वर्षों पूर्व ऐसे ही रहस्यों को समझने की कोशिश की थी। यदि इस रहस्य को समझने की स्थिति में जीव आ जाता है, तो उसे जीवन-शक्ति का अनुभव भी होने लगता है।

जीवन-शक्ति का अनुभव प्राप्त करने के लिए हमे सबसे पहले ऊर्जा के अदृश्य स्वरूप का अनुभव प्राप्त करना पड़ेगा, क्योंकि जैसा कि हम सभी जानते हैं कि जीवन-शक्ति का केवल अनुभव किया जा सकता है, देखा या परखा नहीं जा सकता है। हमारी आंखें देखती हैं, कान सुनता है, लेकिन इस देखने और सुनने की प्रक्रिया को हम केवल अनुभव कर सकते हैं। यदि हम अपने अनुभवों को न केवल अपने अंतर्मन में उतार लेते हैं, बल्कि इस प्रक्रिया के आदी भी हो जाते हैं, तो इसे ही साधना कहा जाता है। यह साधना ही है, जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन-शक्ति का अनुभव करने लगता है। इसके लिए हमें आत्म-केंद्रित होना अति आवश्यक होता है।



# मेरी अमाल से कोई तुलना नहीं है

तान्या मित्तल अपने सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के साथ अक्सर बातचीत करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अमाल मलिक से उनकी तुलना करने पर रिएक्शन दिया है।

बता दें कि 'बिग बॉस 19' शो के दौरान तान्या और अमाल मलिक के बीच अच्छी दोस्ती देखने को मिली थी, लेकिन बाद में दोनों के रिश्ते में खटास आ गई। अब शो खत्म हो चुका है और दोनों अपने-अपने काम में व्यस्त हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर उनके फैंस के बीच अक्सर बहस देखने को मिलती है। हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक सेशन के दौरान तान्या ने इस मुद्दे पर खुलकर बात की। जब एक फैन ने उनसे पूछा कि अब उनकी अमाल से क्या बातचीत होती है, तो तान्या ने कहा, 'मेरी अमाल से कोई बात नहीं होती। मैं नहीं चाहती कि आप लोग मेरी और अमाल की तुलना करें। प्लीज। मुझे समझ आता है कि उनका मैनेजर या उनका फैनडम मेरे खिलाफ इतना क्यों बोलता है। क्योंकि मैं जानती हूं कि ये इंडस्ट्री कैसी है।'

## हमारा कोई मुकाबला नहीं है

उन्होंने आगे कहा, 'वो पिछले 10 साल से इंडस्ट्री में हैं। उन्होंने 'कबीर सिंह' से लेकर कई बड़े प्रोजेक्ट्स में काम किया है। और मैं कौन हूं? मैं तो बस 6 महीने पहले आई हूं। तो लोगों को लगेगा ही कि मुझे इतनी अहमियत क्यों दी जा रही है। लेकिन अमाल ऐसे नहीं हैं। मैं उनके साथ 100 दिन रही हूं, वो बहुत अच्छे इंसान हैं। हमारा कोई मुकाबला नहीं है। अमाल सुपरस्टार हैं। मेरे लिए वो बहुत बड़े स्टार हैं, पहले इसलिए क्योंकि वो मेरे दोस्त थे और दूसरा इसलिए क्योंकि वो अमाल मलिक हैं।'

तान्या ने इस दौरान भाग्यश्री और गुल्लू के साथ अपने रिश्ते को लेकर चल रही अफवाहों को भी खारिज कर दिया और कहा कि उनके बीच कोई मनमुटाव नहीं है। इन दिनों तान्या कुकिंग रियलिटी शो 'मां है ना' में नजर आ रही हैं, जिसे शिल्पा शेट्टी होस्ट कर रही हैं। इस शो में सुनीता आहूजा अपनी बेटी टीना आहूजा के साथ, उर्वशी ढोलकिया अपने बेटे क्षितिज ढोलकिया के साथ, गुल्लू अपनी मां मुनेश तनवर के साथ और भाग्यश्री शर्मा अपनी मां रिंजू शर्मा के साथ नजर आ रही हैं।



# अमृता राव ने सलमान-रणबीर जैसे बड़े सुपरस्टार्स की फिल्में ठुकराकर इंडस्ट्री में बनाई अलग पहचान

बॉलीवुड अभिनेत्री अमृता राव ने अपने करियर में कई हिट फिल्मों में काम किया लेकिन इस दौरान कुछ बड़े ऑफर भी ठुकराए। इनमें सलमान खान और रणबीर कपूर जैसे सुपरस्टार्स की फिल्में भी शामिल थीं। उन्होंने अपने दमदार अभिनय के दम पर बॉलीवुड में एक अलग पहचान बनाई। अमृता राव का जन्म 7 जून 1981 को मुंबई में हुआ था। उन्होंने अपनी पढ़ाई मुंबई से की लेकिन मॉडलिंग और अभिनय की दुनिया में बढ़ती रुचि के कारण पढ़ाई बीच में छोड़ दी। उन्होंने करियर की शुरुआत विज्ञापन और म्यूजिक वीडियो से की थी। साल 2002 में अमृता ने फिल्म 'अब के बरस' से बॉलीवुड में कदम रखा।

फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता हासिल नहीं कर सकी लेकिन उनके अभिनय ने दर्शकों का ध्यान खींचा। इसके अलावा, वह 'द लीजेंड ऑफ भगत सिंह' में भी नजर आईं। हालांकि, उनके करियर का टर्निंग प्वाइंट 2003 में आई फिल्म 'इश्क विश्क' रही, जिसमें उनके साथ शाहिद कपूर थे। फिल्म हिट रही और अमृता रातोंरात दर्शकों की पसंदीदा अभिनेत्री बन गईं। इस फिल्म के लिए उन्हें आईफा स्टार डेब्यू ऑफ द ईयर अवॉर्ड भी मिला। इसके बाद अमृता राव ने 'मस्ती', 'मैं हूं ना', 'वाह! लाइफ हो तो ऐसी', 'प्यारे मोहन' और 'विवाह' जैसी फिल्मों में काम किया। खास तौर पर 2006 में रिलीज हुई 'विवाह' ने उनकी लोकप्रियता को और बढ़ा दिया। फिल्म में उन्होंने पूनम का किरदार निभाया था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। उनकी सादगी सीधे लोगों के दिलों को छू गई। इस फिल्म के बाद उन्हें देश-विदेश से शादी के ऑफर्स तक मिलने लगे थे। अमृता राव हमेशा अपनी शर्तों पर काम करने के लिए जानी गईं। यही वजह रही कि उन्होंने कुछ बड़े प्रोजेक्ट्स को भी ठुकरा दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रणबीर कपूर की फिल्म 'बचना ऐ हसीनों' का ऑफर पहले अमृता को मिला था, लेकिन फिल्म में किसिंग सीन होने के कारण उन्होंने इसे ठुकरा दिया। बाद में यह फिल्म दूसरी अभिनेत्री के पास चली गई और इस तरह यशराज फिल्म्स के साथ एक बड़े कॉन्ट्रैक्ट को साइन करने का मौका भी उन्होंने छोड़ दिया।

इतना ही नहीं, अमृता ने सलमान खान की सुपरहिट फिल्म 'प्रेम रतन धन पायो' में भी काम करने से इनकार कर दिया था। बताया जाता है कि उन्हें फिल्म में सलमान खान की बहन का किरदार ऑफर किया गया था लेकिन उन्होंने यह भूमिका करने से मना कर दिया। इसके अलावा 'नील एन निक्की' जैसी फिल्म भी उन्होंने बोल्ड सीन्स की वजह से नहीं की। उनके करियर में काफी उतार-चढ़ाव भी आए। कई फिल्में उम्मीद के मुताबिक नहीं चलीं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी।

'वेलकम टू सज्जनपुर', 'जॉली एलएलबी', 'सिंह साब द ग्रेट', 'सत्याग्रह' और 'ठाकरे' जैसी फिल्मों में भी उन्होंने शानदार काम किया। टीवी की दुनिया में भी उन्होंने 'मेरी आवाज ही पहचान है' के जरिए कदम रखा। अवॉर्ड्स की बात करें तो अमृता राव को आईफा अवॉर्ड, स्टारडस्ट अवॉर्ड समेत कई सम्मान मिले। 'मैं हूं ना' फिल्म के लिए उन्हें फिल्मफेयर के बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस कैटेगिरी में नॉमिनेशन भी मिला था। निजी जीवन की बात करें तो उन्होंने रेडियो जॉकी अनमोल सूद से शादी की है और आज वह अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन बिता रही हैं।



# भारतीय फिल्मों को कम कम शो मिलने पर अनुराग कश्यप ने नाराजगी जाहिर की

अनुराग कश्यप ने भारतीय फिल्मों को कम कम शो मिलने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि भारतीय फिल्मों को सिनेमाघरों में बहुत कम शो मिल रहे हैं, जबकि हॉलीवुड फिल्म 'ऑब्सेशन' को ज्यादा तवज्जो दी जा रही है।

## भारतीय फिल्मों को कम शो मिलने पर भड़के अनुराग

अनुराग कश्यप ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा कि वह समझते हैं कि लोग 'ऑब्सेशन' देखना चाहते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि भारतीय फिल्मों को कम शो दिए जाएं। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर हम अपनी ही फिल्मों को सही मौका नहीं देंगे, तो इंडस्ट्री आगे कैसे बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि उनकी फिल्म 'बंदर', वेदांग रैना और शरवरी की 'मैं वापस आऊंगा'', मनोज बाजपेयी की 'गवर्नर' और तेलुगु फिल्म 'सिंग गीथम' को बहुत कम शो मिल रहे हैं। कुछ जगहों पर तो इन फिल्मों का सिर्फ एक सुबह का शो है, जबकि 'ऑब्सेशन' को 6-7 शो दिए जा रहे हैं।

## 'बंदर' का किया निर्देशन

'बंदर' का निर्देशन खुद अनुराग कश्यप ने किया है, जिसमें बॉबी देओल, सपना पब्बी, सान्या मल्होत्रा, सबा आजाद, राज बी शेट्टी, जितेंद्र जोशी, ऋद्धि सेन, इंद्रजीत सुकुमारन और नागेश भोंसले जैसे कलाकार नजर आते हैं।

## 'ऑब्सेशन' कर रही शानदार कलेक्शन

वहीं हॉलीवुड फिल्म 'ऑब्सेशन' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। यह फिल्म अब तक दुनियाभर में 224.7 मिलियन डॉलर से ज्यादा की कमाई कर चुकी है और अपने स्टूडियो की सबसे बड़ी हिट बन गई है। इस फिल्म में माइकल जॉनस्टन और इंडे नवारेटे लीड रोल में हैं। कहानी एक ऐसे शख्स की है, जो अपने क्रश का प्यार पाने की चाह में खतरनाक और डरावनी घटनाओं में फंस जाता है। इससे पहले राम गोपाल वर्मा ने भी 'ऑब्सेशन' की काफी तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि यह फिल्म देखकर उन्हें अपनी फिल्म 'कौन' की याद आ गई। उन्होंने यह भी कहा कि वह खुद इस फिल्म के 'ऑब्सेस्ड' हो गए हैं और इसने थिएटर में फिल्मों की सफलता को लेकर सोच बदल दी है।

# अभिनेत्री एलनाज नोरौजी ने गाने 'हुआ' से किया सिंगिंग डेब्यू

## जुबिन नौटियाल के साथ जुड़ा नया म्यूजिक सफर



अभिनेत्री एलनाज नोरौजी ने अपने करियर का एक नया अध्याय शुरू किया है। उन्होंने गाने 'हुआ' के जरिए हिंदी संगीत की दुनिया में कदम रखा है। इस गाने में उन्होंने मशहूर सिंगर जुबिन नौटियाल के साथ काम किया है। इस बीच, उन्होंने इस नए सफर को लेकर बात की है और जुबिन के साथ काम करने के अनुभव के बारे में खुलकर बताया।

एलनाज नोरौजी ने कहा, ''संगीत हमेशा से मेरे दिल के बहुत करीब रहा है, लेकिन अब जाकर मुझे इसे पेशेवर रूप से अपनाने का मौका मिला है। जुबिन नौटियाल जैसे अनुभवी और लोकप्रिय गायक के साथ अपने पहले हिंदी गाने की शुरुआत करना मेरे लिए बेहद खास अनुभव है। जब किसी कलाकार का पहला कदम ही इतने बड़े और सम्मानित संगीतकार के साथ जुड़ता है, तो वह अनुभव यादगार बन जाता है। यह मेरे लिए नई रचनात्मक यात्रा की शुरुआत है।'' गाने 'हुआ' के बारे में बात करते हुए एलनाज ने इसे अपने करियर का एक अहम मोड़ बताया। उन्होंने कहा, 'जीवन में कुछ ऐसे पल आते हैं, जो हमेशा याद रह जाते हैं और यह गाना उन्हीं में से एक है। यह सिर्फ एक म्यूजिक प्रोजेक्ट नहीं है, बल्कि मेरे दिल के बहुत करीब एक सपना है, जिसे मैंने लंबे समय तक संजोकर रखा था। जब कोई सपना धीरे-धीरे सच होता है, तो उसकी खुशी शब्दों से ज्यादा महसूस की जाती है, और यह गाना मेरे लिए वही एहसास लेकर आया है।'

एलनाज ने आगे कहा, 'भले ही मैं लंबे समय से अभिनय से जुड़ी रही हूं, लेकिन संगीत हमेशा मेरे अंदर कहीं न कहीं मौजूद था। जुबिन नौटियाल के साथ काम करना मेरे लिए बहुत खास रहा, क्योंकि उनकी आवाज में भावनाओं की गहराई और सच्चाई होती है। वह हर गाने को बहुत ईमानदारी और भावनाओं के साथ गाते हैं।'

इस मौके पर जुबिन नौटियाल ने भी एलनाज की तारीफ की। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए कहा, ''एलनाज की आवाज काफी मधुर है। उनके अंदर मेहनत करने की लगन दिखाई देती है। उन्होंने इस गाने के लिए समर्पण के साथ काम किया है और मैं उनके इस नए सफर से बेहद खुश हूं। मैं इस गाने और एलनाज दोनों पर गर्व महसूस करता हूं और मुझे खुशी है कि यह गाना लोगों के दिलों तक पहुंच रहा है।''



# ओटीटी के आने से मौके भी बढ़ गए हैं



**करिश्मा कपूर इस वक्त अपनी हालिया रिलीज सीरीज 'ब्राउन' को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें उनकी परफॉर्मेंस की तारीफ हो रही है। करिश्मा ने ओटीटी पर काम करने के एक्सपीरियंस, रोल और एक्टर्स के लिए बढ़े मौकों पर बात की। 'अंदाज अपना अपना', 'साजन चले ससुराल' और 'जुड़वां' जैसी फिल्मों से 90 के दशक में फैंस का मनोरंजन करने वालीं करिश्मा कपूर ने भले ही बड़े पर्दे से दूरी बना ली हो, लेकिन आज भी दर्शकों के बीच चर्चा में रहती हैं। पहले शादी और बच्चों के बाद हीरोइन ब्रेक पर चली जाया करती थीं। लेकिन अब वो करियर को कंटिन्यू करती हैं।**

जबसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स आए हैं, तबसे एक्टर्स को, चाहे वो किसी भी उम्र के हो, हर तरह के रोल मिल जा रहे हैं। आप तीस के दशक में हों या 40 के दशक में या फिर 60 के दशक में, एक्टर्स को काफी स्ट्रॉन्ग रोल्स मिल रहे हैं, जो अच्छी चीज है।

### क्या पहले के मुकाबले, आज के दौर में हीरोइनों के लिए ज्यादा मौके हैं?

मुझे लगता है कि हर दशक में, हर दौर में ऐसे मौके मिलते हैं। चाहे हम 'मदर इंडिया' के टाइम से देखें और उसके बाद भी लिस्ट बहुत लंबी है। अगर मैं अपनी बात करूं तो मुझे अवसर मिले और मैं शुक्रगुजार हूं कि मुझे कुछ ऐसी फिल्में मिलीं, जिनके बारे में आज भी बात होती हैं। फिर चाहे वह 'बीवी नंबर 1' हो, 'शक्ति', 'फिज़ा', 'जुबैदा', 'राजा हिंदुस्तानी' या फिर 'दिल तो पागल है'। तो इन सारी फिल्मों में हीरोइन का किरदार बहुत ही बढ़िया था और वह स्ट्रॉन्ग वुमन भी थीं। वह अपने स्तर पर अपनी स्ट्रेंथ दिखा रही थीं। लेकिन अब ओटीटी के आने से मौके और भी बढ़ गए हैं। अब हर उम्र के एक्टर्स के लिए रोल्स हैं, जो वाकई कमाल है। तो उस नजरिए से देखें तो यह आर्टिस्ट्स के लिए बहुत ही अच्छा दौर है।

### इसी वजह से अब हर उम्र में सोलो लीड वाली फिल्में भी मिल पा रही हैं

मुझे लगता है कि इन दिनों सभी आर्टिस्ट्स किस्मत वाले हैं, चाहे एक्टर हो या एक्ट्रेस। चाहे वह बच्चा हो या फिर दादी हो, उनका भी सोलो लीड हो सकता है। यह बहुत ही क्रिएटिव टाइम है एक्टर्स के लिए और दर्शकों के लिए भी, क्योंकि उन्हें भी अलग तरह का सिनेमा देखने का मौका मिल रहा है।

### अपनी नई वेब सीरीज 'ब्राउन' के बारे में कुछ बताएं।

'ब्राउन' एक साइकलॉजिकल थ्रिलर है, लेकिन साथ में एक ह्यूमन स्टोरी भी है। यह कहानी रीटा ब्राउन और बाकी कैरेक्टर्स की है, जो बिल्कुल भी वन डाइमेंशनल स्टोरी नहीं है। यह दिखाती है कि रीटा ब्राउन क्या है, वह किन परिस्थितियों से गुजर रही हैं। और इन सबके बीच जब वह मर्डर केस सॉल्व कर रही हैं, तब वह कैसे साथ-साथ खुद में भी बदलाव कर रही है। दूसरा, इस सीरीज ने मुझे बहुत चैलेंज किया। इसमें इतना कुछ अलग था। इसलिए मैंने यह प्रोजेक्ट किया।

### आपको फिल्मी दुनिया में इतना अनुभव है। अब आप ओटीटी प्रोजेक्ट्स में भी काम कर रही हैं। तो आपको क्या फर्क महसूस हुआ दोनों प्लेटफॉर्म्स पर काम करने में?

पहले के समय में हम ज्यादा पैशन के साथ काम करते थे। स्टोरी तब भी होती थी, लेकिन तब बाउंड स्क्रिप्ट्स नहीं होती थी। मतलब ऐसा कभी नहीं हुआ कि कल मेरा यह सीन है तो उसके मुताबिक हम वर्कशॉप कर रहे हैं। ऐसा कुछ भी नहीं होता था। हम तो सेट पर जाते थे, डायलॉग याद करते थे और काम करते थे। तो वह बहुत ही अलग समय था, अलग दौर। और अब तो सब कुछ तय होता है, हमें अच्छी स्क्रिप्ट मिलती है, हम पढ़ सकते हैं, बहुत सारी वर्कशॉप्स होती हैं और सारे एक्टर्स के साथ हम मिलकर बातचीत कर पाते हैं। तो यह बहुत अलग है और मजेदार अनुभव भी। जहां तक प्लेटफॉर्म्स की बात है तो मुझे दोनों के बीच में तुलना नहीं करनी है क्योंकि तब जिस तरह की फिल्में बनती थीं, वह कुछ अलग ही समय था और अब माहौल अलग है, तो हमें समय के साथ आगे बढ़ना है।



## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल डेका से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने की भेंट



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां लोकभवन में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू एवं रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे ने सौजन्य भेंट की। राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां लोकभवन में छत्तीसगढ़ योग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर राम शर्मा और गणेश तिवारी भी उपस्थित थे। राज्यपाल रमेन डेका से आज लोकभवन में समाज कल्याण विभाग के डायरेक्टर रणवीर शर्मा ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को विभाग की गतिविधियों की जानकारी दी।

### रायपुर में 23 जून को आयोजित होगा फ्पेंशन संवाद

**रायपुर ।** पेंशनभोगियों के साथ जुड़ाव को मजबूत करने और पेंशन से संबंधित शिकायतों के त्वरित निवारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, संयुक्त संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय, छत्तीसगढ़ सर्कल, रायपुर द्वारा 23 जून, 2026 को पेंशन संवाद का आयोजन किया जा रहा है। यह संवादात्मक सत्र सुबह 11ः00 बजे संयुक्त संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय, छत्तीसगढ़ सर्कल, रायपुर में शुरू होगा।

यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों के लिए एक संवादात्मक मंच के रूप में तैयार किया गया है, जो संयुक्त संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय, छत्तीसगढ़ सर्कल के माध्यम से अपनी पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित लोगों से सीधे बातचीत करेंगे, उनकी चिंताओं व सुझावों को सुनेंगे और पेंशन से जुड़े विभिन्न मामलों पर मौके पर ही मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इस सत्र के दौरान, पेंशनभोगियों को पेंशन प्राधिकरण , पेंशन में संशोधन, पारिवारिक पेंशन, सेवानिवृत्ति लाभ, डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र, संपन्न से जुड़े मुद्दों और अन्य संबद्ध पेंशन मामलों से संबंधित अपनी शिकायतें सीधे प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर चौथी बटालियन सीएएफ कैंप माना रायपुर में ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा विशेष योग एवं राजयोग सत्र आयोजित**

# गीता युद्धशास्त्र नहीं योगशास्त्र है: ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी

▶▶ लोकमाया न्यूज।





**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा चौथी बटालियन छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ कैंप माना) रायपुर में एक विशेष योग एवं राजयोग मेडिटेशन सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पुलिस सशस्त्र बल के 110 जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी श्रीमती रमा पटेल, एडिशनल डीएसपी श्रीमती प्रतिभा चंद्राकर, कमांडर श्री सत्य भूषण सिंह ब्रह्माकुमारी जागृति दीदी और ब्रह्माकुमार अनुपम भाई उपस्थित रहे।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी ने कहा कि श्रीमद भगवत गीता में भगवान ने अर्जुन को इसी राजयोग का परिचय दिया था और समझाया था कि इस योग को साधकर मनुष्य स्वयं पर विजय प्राप्त कर सकता है। आत्मबल से संपन्न हो सकता है और अपनी कर्मेन्द्रियों का सच्चा राजा बन सकता है। इसी कारण श्रीमद भगवत गीता को 'योगशास्त्र' कहा जाता है 'युद्धशास्त्र' नहीं।

उन्होंने वर्तमान समय की परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज जब पूरी दुनिया तनाव, असंतुलन और मानसिक दबाव से गुजर रही है तब हमें उस योग को अपने जीवन में धारण करना चाहिए जिसे भारत ने विश्व को विरासत के रूप में दिया है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि जीवन में संतुलन, स्थिरता और आंतरिक शान्ति प्राप्त करने की कला है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय मानसिक संतुलन की अत्यधिक आवश्यकता है, क्योंकि मानसिक असंतुलन के कारण व्यक्ति के संबंधों, व्यवहार, निर्णय क्षमता और शारीरिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। मन की दुर्बलता से इम्युनिटी पावर कमजोर होने लगती है।

राजयोग की व्याख्या करते हुए उन्होंने बताया कि राजयोग एक विज्ञान भी है और एक कला भी। यह कर्मेन्द्रियों को शुद्ध संस्कार देने का विज्ञान है तथा मन को अपना मित्र बनाने की कला भी है। जब हम अपने मन को सकारात्मक विचारों और सकारात्मक ऊर्जा से भरते हैं तो मन हमारा मित्र बन जाता है लेकिन जब मन में नकारात्मक विचारों का प्रवाह बढ़ जाता है तो वही मन व्यक्ति का सबसे बड़ा शत्रु बन जाता है।

प्रारम्भ में ब्रह्माकुमार अनुपम भाई द्वारा जवानों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया। अन्त में ब्रह्माकुमारी जागृति दीदी ने सभी जवानों को राजयोग मेडिटेशन की गहन अनुभूति कराई। कार्यक्रम के बाद कई प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कुछ ही मिनटों के इस योग और राजयोग अभ्यास से उन्हें अत्यंत शांति, हल्कापन और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ।

# जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को सौंपा ज्ञापन

▶▶ लोकमाया न्यूज।



**बिलासपुर।** जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में JDA CIMS बिलासपुर के प्रतिनिधिमंडल ने भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री एवं बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद माननीय श्री तोखन साहू से सौजन्य भेंट कर प्रदेश के युवा चिकित्सकों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों एवं समस्याओं के संबंध में विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल में डॉ. नागेंद्र साहू (प्रेसिडेंट, JDA CIMS बिलासपुर), डॉ. योगेश्वर जायसवाल (JDA CIMS बिलासपुर), सहित अन्य युवा चिकित्सक शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री महोदय को प्रदेश के इंटर्न, जूनियर रेजिडेंट, पोस्ट ग्रेजुएट एवं सुपरस्पेशलिटी चिकित्सकों की समस्याओं से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। ज्ञापन में विशेष रूप से राज्य में लागू किए जा रहे नए मेडिकल रजिस्ट्रेशन नियमों पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि ऐसे नियमों का प्रभाव प्रदेश के युवा चिकित्सकों के रोजगार, चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता तथा मरीजों की सुरक्षा पर पड़ सकता है। इसलिए इस विषय पर व्यापक विचार-विमर्श एवं आवश्यक संशोधन किया जाना चाहिए।

डॉ रेशम द्वारा स्वास्थ्य विभाग में बढ़ रही आउटसोर्सिंग व्यवस्था का भी विरोध दर्ज कराया गया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं जैसे संवेदनशील क्षेत्र में नियमित एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। आउटसोर्सिंग व्यवस्था से स्थानीय युवा चिकित्सकों के अवसर प्रभावित हो सकते हैं तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जेडीए प्रतिनिधिमंडल ने मेडिकल विद्यार्थियों, इंटर्न, पीजी ,बोंडेड डॉक्टर्स एवं सुपरस्पेशलिटी रेजिडेंट्स को मिलने वाली छात्रवृत्ति, स्टाइपेंड एवं मानदेय को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बढ़ाने की मांग भी प्रमुखता से रखी। उन्होंने बताया कि देश के कई राज्यों में चिकित्सकों को बेहतर आर्थिक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

# पावर कंपनी में हुआ योगाभ्यास

■ **कार्यपालक निदेशक ने शीर्षासन और नन्हीं विराध्या ने सेतुबंधासन से किया मंत्रमुग्ध**

▶▶ लोकमाया न्यूज।



**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के सदस्य विवेक गनोदवाले तथा प्रबंध निदेशकगण एस.के. कटियार एवं राजेश कुमार शुक्ला ने भाग लेकर स्वस्थ जीवन और संतुलित दिनचर्या का संदेश दिया। कार्यक्रम में विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया गया तथा नियमित योग को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया गया।

पावर कंपनी मुख्यालय स्थित लोड डिस्पेच सेंटर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षक डॉ. आनंद भारतीय ने योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास करवाया। इसके पश्चात कार्यपालक निदेशक संजय पटेल ने शीर्षासन एवं मयूरासन प्रस्तुत किया, वहीं नन्हीं बच्ची विराध्या वर्मा ने सेतुबंधासन का प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। गुढ़ियारी के खेलन यादव ने बकासन तथा सेवानिवृत्त कर्मी मूल सजीवन शर्मा ने भी शीर्षासन प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की कार्यालय सहायक अनिता गेडाम तथा जनरेशन कंपनी के अधीक्षण अभियंता एम.पी. नायक को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक के.एस. मनोठिया, मुख्य अभियंता मती रश्मि वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.एल. पंचारी, डीजीएम पंकज सिंह, एसई पंकज चौधरी तथा एई रजनीश चौबे उपस्थित थे। मंच संचालन डीजीएम (जनसंपर्क) गोविन्द पटेल ने किया। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक एकाग्रता, सकारात्मक ऊर्जा और कार्यक्षमता में भी वृद्धि करता है।

**राष्ट्रीय कर्तव्य पर आरएसएस विचारक मुकुल कानिटकर का बड़ा बयान**

# भ्रष्ट लोगों की समाज में न हो प्रतिष्ठा



▶▶ लोकमाया न्यूज।

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंचम सरसंघचालक स्व. कुप्पाहली सीतारमैया सुदर्शन की जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय व्याख्यान में मुख्य वक्ता मुकुल कानिटकर ने कहा, हिंदू समाज का आधार मैं से हम की ओर जाना है. इस यात्रा में पांच परिवर्तन के उद्देश्य तय किया गया है जिसमें स्वदेशी का चिंतन है, संवाद से कुटुंब परिवार की शक्ति बढ़ाना, सामाजिक समरसता की संकल्पना है, पर्यावरण के प्रति संवेदना और राष्ट्रीय कर्तव्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता शामिल है. कार्यक्रम की अध्यक्षता संघचालक डॉ टोपलाल वर्मा एवं मुख्यातिथि अनुराग पांडे थे. संचालन साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने किया. कार्यक्रम संयोजिका शील शर्मा ने स्वागत भाषण दिया.

मुख्य वक्ता मुकुल कानितकर ने राष्ट्रीय कर्तव्य, स्वार्थ ही देशद्रोह विषय पर बोलते हुए कहा, हमारा शरीर खरबों कोशिकाओं से मिलकर बना है, सभी कोशिकाएं मिलकर प्रत्येक अंग बनते हैं, जो अपना अपना कार्य करते हैं इसलिए जीवन चलता है. इसी प्रकार देश भी सभी व्यक्ति से मिलकर बनता है, मिलकर अपना अपना कार्य करेंगे तो राष्ट्र शक्तिशाली होगा. यही प्रत्येक व्यक्ति का देश के प्रति कर्तव्य है. जैसे एक कोशिका के स्वार्थी हो जाने से शरीर बीमार और कमजोर हो जाएगा. इसी प्रकार एक व्यक्तिव स्वार्थी हो जाने से देश कमजोर हो जाता है।

उन्होंने कहा, देश के प्रति कर्तव्य नहीं करने के कारण समाज, व्यवस्था में अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार बढ़ गया है. इसे समाज में मान्यता मिल गई है. इस भ्रष्टाचार से मुक्ति का उपाय यही है कि समाज ऐसे लोगों को दंडित करे, बहिष्कार करे. व्यक्ति अपने स्वार्थ में देश का नुकसान करे उसे समाज प्रतिष्ठा न दे।

मुकुल कानिटकर ने कहा, संघ को लेकर विवाद खड़े वे लोग करते हैं, जिन्हें संघ की समझ नहीं है. संघ हिंदू समाज को संगठित करने की यात्रा है. संघ की शताब्दी वर्ष कोई उत्सव का अवसर नहीं है बल्कि समाज परिवर्तन के अपने कार्य के सिंहावलोकन करने का अवसर है. राष्ट्र निर्माण के लिए व्यक्ति निर्माणकार ही संघ का लक्ष्य है।

संघ की स्थापना भारत के स्वाधीन होने के बाद भारत का स्व तंत्र कैसे विकसित हो, शक्तिशाली कैसे बने इस विचार को लेकर कार्य प्रारंभ करने के लिए किया था. इसके लिए हिंदू समाज को संगठित करना आवश्यक है, राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण करना आवश्यक है. इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए डॉ हेडगेवार ने संघ की स्थापना की. यह भारतीय स्वाधीनता का सशस्त्र आंदोलन, अहिंसा और सत्याग्रह के बाद तीसरा आंदोलन था।कार्यक्रम के अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रान्त के संघचालक डॉ टोपलाल वर्मा ने स्व. सुदर्शन जी का स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन और विचार देश को प्रेरणास्पद है. मुख्य अतिथि अनुराग पांडे ने कहा कि नागरिक कर्तव्य नहीं होने के कारण जगह जगह गंदगी, यातायात की समस्या, भ्रष्टाचार जैसी अव्यवस्था फैलती है।



# मानसून दंतेवाड़ा पहुंचा, आईएमडी ने की पुष्टि

▶▶ लोकमाया न्यूज।

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बहुप्रतीक्षित मानसून का प्रवेश हो गया है। इस तरह से करीब 10 दिनों की देरी से प्रवेश हुआ है। मानसून इस समय सुकमा बीजापुर के बाद दंतेवाड़ा में भी सक्रिय हो गया है। संकेत है कि यह कल बस्तर जिले को छू सकता है। इधर रायपुर में बदलते मौसम को देखते हुए मौसम विज्ञानियों का कहना है कि आज और कल अच्छी बारिश होती है तो परसों घोषणा हो सकती है?।

सोमवार दोपहर को मौसम बदला और तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के कई इलाकों में गरज-चमक, बिजली गिरने और हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने की संभावना है। इस दौरान कुछ स्थानों पर तेज हवाएं भी चल सकती हैं।

मौसम विभाग ने बताया है कि कल यानी 23 जून के आसपास दक्षिण-पश्चिम मानसून के राज्य के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। वहीं मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान सामान्य से 3 से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक रह सकता है। इसके चलते कुछ इलाकों में हीट वेव जैसी स्थिति बनने की भी आशंका जताई गई है। प्रदेश में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 41.8एष्ट बिलासपुर में दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 22.9एष्ट अंबिकापुर में रिकॉर्ड किया गया।

# महाराजबंद तालाब एसटीपी का कार्य पूर्ण नहीं करने पर रुकेगा भुगतान



▶▶ लोकमाया न्यूज।

■ **महापौर मीनल चौबे ने स्मार्ट सिटी द्वारा निर्माणाधीन एसटीपी की प्रगति का अवलोकन किया**

**रायपुर।** निर्धारित तिथि तक यदि महाराजबंद तालाब एसटीपी का कार्य पूरा नहीं किये जाने पर महापौर मीनल चौबे ने निर्माणाधीन कंपनी का भुगतान रोके जाने की चेतावनी दी है। महापौर शहर के निगम के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे विकास व सफाई व्यवस्था का जायजा ले रही थी।इसी अभियान के तहत महापौर मीनल महाराजबंद तालाब एसटीपी का अवलोकन करने पहुंची थी। यह एससटीपी 10 जुलाई तक शुरू होने का है।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के माध्यम से महाराजबंध तालाब में निर्माणाधीन 3 एमएलडी क्षमता के एसटीपी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। महापौर ने कार्य की कछुआ छाप गति देखकर इसे लेकर अनुबंधित ठेकेदार मेसर्स समृद्धि वाटर वर्कस प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि को कड़ी फटकार लगायी और तत्काल अतिरिक्त श्रमिक लगाकर शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

महापौर से अनुबंधित ठेकेदार ने कहा कि महाराजबंध तालाब के एसटीपी का कार्य 10 जुलाई व तक पूर्ण करके प्रारम्भ कर देंगे। इस पर महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने कार्य उक्त निर्धारित समयावधि 10 जुलाई तक पूर्ण नहीं होने पर सम्बंधित अनुबंधित ठेकेदार मेसर्स समृद्धि वाटर वर्कस लिमिटेड के भुगतान पर रोक लगाने की कड़ी कार्यवाही किये जाने की बात कही।

महापौर ने इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही कार्य नियत समय तक पूर्ण नहीं होने पर करने के कड़े निर्देश रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सम्बंधित अभियंताओं को दिए हैं।इस दौरान नगर निगम जोन 5 जोन अध्यक्ष श्री अम्बर अग्रवाल, जोन कमिश्नर श्री खीरसागर नायक, स्मार्ट सिटी उप अभियंता श्री योगेन्द्र साहू, श्री शुभम तिवारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री संदीप वर्मा की उपस्थिति थे।

# होटल दक्षिण सूत्र पर रायपुर निगम ने लगाया 2500 रूपये जुर्माना

▶▶ लोकमाया न्यूज।



**रायपुर।** नगर निगम जोन 3 स्वास्थ्य विभाग को प्राप्त स्वच्छता से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देश पर नगर निगम जोन 3 जोन कमिश्नर प्रीति सिंह के मार्गदर्शन में नगर निगम जोन 3 स्वास्थ्य विभाग द्वारा जोन 3 क्षेत्र में होटल दक्षिण सूत्र की स्वच्छता व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया गया. इस दौरान होटल दक्षिण सूत्र द्वारा बाहर कचरा डाले जाने से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायत सही पायी गयी.

इस पर जोन 3 जोन कमिश्नर प्रीति सिंह के निर्देश पर जोन 3 जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन कुमार ताण्डी द्वारा होटल दक्षिण सूत्र के सम्बंधित संचालक पर तत्काल 2500 रूपये का ई चालान किया गया और उन्हें भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए रायपुर नगर निगम जोन 3 स्वास्थ्य विभाग को प्राप्त स्वच्छता से सम्बंधित जनशिकायत का स्थल पर पहुंचकर जोन के स्तर पर त्वरित निदान जोन 3 के सम्बंधित स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया।

# छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा क्षेत्र में पीएम-उषा की महा-क्रांति

विष्णु प्रसाद वर्मा सहायक संचालक

▶▶ लोकमाया न्यूज।




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा जगत में एक नए युग का सूत्रपात हो चुका है। वर्ष 2014 से 2026 के बीच केंद्र सरकार से मिली प्रमुख स्वीकृतियों और सौगातों की श्रृंखला में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान राज्य के लिए वरदान साबित हो रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के प्रभावी क्रियान्वयन, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की नैशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल ग्रेडिंग में सुधार, और अनुसंधान के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा भारी-भरकम वित्तीय अनुदान की स्वीकृति दी गई है। यह योजना पूर्ववर्ती राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियानका ही एक परिष्कृत और अधिक उन्नत रूप है। अधोसंरचना विकास के लिए मिला मेगा बजट? इस योजना के तहत देश भर के लिए कुल 12,926.10 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इस विशाल बजट का एक बड़ा और महत्वपूर्ण हिस्सा छत्तीसगढ़ के हिस्से आया है। योजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में चयनित पात्र शासकीय विश्वविद्यालयों को मल्टी-डिसिप्लिनरी एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटीज़ के अंतर्गत प्रति संस्थान 20 करोड़ से लेकर 100 करोड़ रुपए तक का भारी-भरकम अनुदान मिल रहा है। वहीं, चिन्हित शासकीय महाविद्यालयों को बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए 5 करोड़ रुपए तक का प्रोजेक्ट-बेस्ड अनुदान स्वीकृत किया जा रहा है। इस वित्तीय भार का वहन केंद्र और राज्य सरकार द्वारा 60:40 के अनुपात (60% केंद्रांश और 40%राज्यांश) में किया जा रहा है।

धरातल पर उतरी योजनाः स्मार्ट क्लासरूम और आधुनिक लैब का निर्माण जारीछत्तीसगढ़ में यह योजना केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि धरातल पर तेजी से प्रगति कर रही है। छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा केंद्र सरकार के साथ समझौता ज्ञापन निष्पादित किया जा चुका है। वर्तमान में, चयनित कॉलेजों द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। इसके साथ ही, राज्य के शिक्षण संस्थानों में स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक लैब, और कंप्यूटर सेंटर जैसे अत्याधुनिक अधोसंरचना निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

बस्तर से सरगुजा तक सभी 33 जिलों को मिल रहा है सीधा लाभ पीएम-उषा योजना का सबसे खूबसूरत पहलू इसका समावेशी होना है। इस परियोजना का लाभ छत्तीसगढ़ के समस्त 33 जिलों को मिल रहा है। योजना के तहत विशेष रूप से राज्य के ?आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों और दूरस्थ अंचलों जैसे बस्तर संभाग और सरगुजा संभाग, ?कम सकल नामांकन अनुपात वाले क्षेत्रों, ?आकांक्षी जिलों जैसे धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद आदि के शासकीय कॉलेजों को प्राथमिकता के आधार पर शामिल किया गया है, ताकि विकास की दौड़ में पीछे छूटे क्षेत्रों को मुख्यधारा में लाया जा सके।

5 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं के सपनों को उड़ान ?इस दूरदर्शी परियोजना से राज्य के विभिन्न शासकीय शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत लगभग 5 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। इस योजना का सबसे बड़ा फायदा ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और महिला वर्ग के छात्र-छात्राओं को मिल रहा है। अब छत्तीसगढ़ के वनांचलों और दूरदराज के गांवों के युवाओं को भी वैश्विक स्तर की आधुनिक शिक्षा और अनुसंधान की सुविधाएं अपने ही राज्य में सुलभ हो रही हैं, जो उनके सुनहरे भविष्य की मजबूत नींव रख रही हैं।